आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 27 जून 2024
वर्ष 5, अंक 93, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अंग्रेजों से हार का बदला लेने को तैयार टीम इंडिया 15
पिता की पुण्यतिथि पर याद कर भावुक हुए करण जौहर 16

## एक नजर

### दिल्ली एम्स में भर्ती हुए लालकृष्ण आडवाणी

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी को बुधवार को दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्हें रात साढ़े 10 बजे एम्स लाया गया। वरिष्ठ नेता को एम्स के ओल्ड प्राइवेट वार्ड में रखा गया है। यूरोलॉजी से संबंधित उन्हें परेशानी है। यूरोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. अमलेश सेठ उनका इलाज कर रहे हैं। लालकृष्ण आडवाणी को इसी वर्ष भारत सरकार द्वारा देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया है। वह देश के उपप्रधानमंत्री भी रह चुके हैं। लालकृष्ण आडवाणी का जन्म 8 नवंबर 1927 को सिंध प्रांत (पाकिस्तान) में हुआ था। उन्होंने कराची के सेंट पैट्रिक्स स्कूल से पढ़ाई की है। 1942 में उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान गिड्डूमल नेशनल कॉलेज में दाखिला लिया।

### हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका खारिज

**मुंबई।** बम्बई हाईकोर्ट ने बुधवार को छात्राओं के एक समूह की ओर से दायर वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें मुंबई के एक कॉलेज के निर्धारित ड्रेस कोड को चुनौती दी गयी थी। न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हम हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। गौरतलब है कि छात्राओं के एक समूह ने कॉलेज के अधिकारियों की ओर से निर्धारित ड्रेस कोड को न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसमें छात्राओं को परिसर में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल, टोपी आदि पहनने से प्रतिबंधित किया गया था।

### सेंसेक्स और निफ्टी फिर नई ऊंचाई पर पहुंचे

**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर पेट्रोलियम समेत अलग-अलग क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की चार प्रतिशत से अधिक की छलांग से बुधवार को शेयर बाजार को पंख लग गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 620.73 अंक अर्थात 0.80 प्रतिशत की छलांग लगाकर 78,674.25 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 147.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत मजबूत होकर 23,868.80 अंक के सार्वकालिक स्तर पर रहा।

---

**शासन की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर गांव तक पहुंचाने की योजना, संबंधित जिलों के डीएम और सीएमओ से शासन ने मांगा प्रस्ताव**

# बरेली, कानपुर, मुरादाबाद समेत 40 जिलों में बनेंगे 5 हजार स्वास्थ्य उपकेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार को तलाश है ऐसी जगहों की जहां बढ़ी जनसंख्या की जरुरतों को देखते हुए स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोले जा सकें। शुरुआत में ऐसे नए हेल्थ सबसेंटर किराए के भवन में संचालित किए जा सकते हैं लेकिन बाद में जमीन लेकर इसके लिए सरकार भवन भी बनवाएगी।

बरेली, कानपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद समेत 40 जिलों में 5 हजार स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित करने के लिए शासन ने प्रस्ताव मांगे हैं। शासन की ओर से इन जिलों के डीएम और सीएमओ को पत्र भेज दिया गया है। इसमें उनसे स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए प्रस्ताव मांगा गया है। जगह तय होने के बाद जल्द ही उपकेंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शर्त यह रखी गई है कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए जगह का निर्धारण वहां की जनसंख्या के अनुसार किया जाए। दरअसल, जिस इलाके में जनसंख्या बढ़ी है, वहां जरूरत को देखते हुए ही ऐसे केन्द्र खोलने का प्रस्ताव किया जाए।

### इन जिलों में बनेंगे स्वास्थ्य उपकेंद्र

बरेली के साथ ही पीलीभीत, शाहजहांपुर, आगरा, फिरोजाबाद, प्रतापगढ़, फतेहपुर, प्रयागराज, ललितपुर, चित्रकूट, बाराबंकी, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बलिया, मऊ, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर बस्ती, सन्त कबीरनगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, सोनुरुद्र, भदोही, वाराणासी, चन्दौली एवं गाजीपुर में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनेंगे।

### 12 अस्पतालों को अल्ट्रासाउंड मशीन

पेट संबंधी जांच व गर्भवती महिलाओं के इलाज में उपयोगी अल्ट्रासाउंड मशीनों की उपलब्धता आठ जिलों के 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कराई जा रही है। करीब 10 लाख रुपये प्रति मशीन के आधार पर राज्य सरकार ने एक करोड़ 20 लाख रुपये भेजे हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एमबीबीएस चिकित्सकों को अल्ट्रासाउंड जांच की ट्रेनिंग भी करा दी गई है। राजधानी में गुडंबा व नगराम सीएचसी में, फिरोजाबाद में तीन, गाजियाबाद में दो, इसके अलावा कानपुर देहात, अंबेडकरनगर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ व रायबरेली में एक-एक मशीन भेजी जा रही हैं।

### 48 जिलों में 150 सीएचसी को देंगे डेंटल चेयर

ग्रामीण क्षेत्रों में दांतों की समस्या के लिए मरीजों को शहर के अस्पतालों में नहीं आना पड़ेगा। इसके लिए राज्य सरकार 48 जिलों में 150 सीएचसी पर दंत चिकित्सा सेवाएं दुरुस्त कराने के लिए डेंटल चेयर भेजेगी। इसके लिए 2.8 लाख की प्रति डेंटल चेयर के आधार पर कुल चार करोड़ 20 लाख रुपये स्वास्थ्य विभाग को स्वीकृत कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि नौ चेयर अयोध्या के विभिन्न सीएचसी के लिए मिलेंगी। जौनपुर व प्रयागराज में आठ-आठ, मेरठ में सात, आगरा को छह, अमरोहा, कन्नौज, कानपुर देहात, प्रतापगढ़, बिजनौर, आजमगढ़ में पांच-पांच, बुलंदशहर, भदोही, कानपुर नगर को चार-चार, शामली, बदायूं, बहराइच, मिर्जापुर, कौशांबी, बरेली और सुल्तानपुर में तीन-तीन, उन्नाव, बांदा, झांसी, रायबरेली, फतेहपुर, बलिया, संभल, चंदौली व गोंडा में दो-दो, ललितपुर, अमेठी, औरैया, इटावा, हापुड़, चित्रकूट, मुरादाबाद, बागपत, देवरिया, मऊ, सहारनपुर, फर्रुखाबाद, कासगंज व गोरखपुर में एक-एक डेंटल चेयर उपलब्ध कराई जाएगी।

---

## पूर्व विदेश सचिव मुचकुंद दुबे का निधन



**नई दिल्ली।** वर्ष 1990 से 1991 के तक भारत के विदेश सचिव रहे मुचकुंद दुबे (90) का बुधवार को अपरान्ह दिल्ली स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। वह कुछ हफ्तों से बीमार चल रहे थे। उन्हें हृदय संबंधी बीमारी थी। गुरुवार शाम लोधी रोड श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया जाएगा। मुचकुंद दुबे ने बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त और संयुक्त राष्ट्र संगठन जेनेवा में भारत के स्थायी प्रतिनिधि की भी भूमिका निभाई थी। पूर्व विदेश सचिव को निःशस्त्रीकरण मामलों का विशेषज्ञ माना जाता था।

---

# ओम बिरला फिर बने लोस अध्यक्ष

## दूसरी बार दायित्व : ध्वनिमत से सदन का फैसला, विपक्ष ने नहीं की मत विभाजन की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी



ओम बिरला को बधाई देते नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, साथ में प्रधानमंत्री मोदी और रीजीजू।

- **प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री रीजीजू अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए**
- **विपक्ष के नेताओं ने बिरला से सदन में अपनी आवाज भी सुने जाने की उम्मीद जताई**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ओम बिरला को बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया। वह दूसरी बार यह उत्तरदायित्व संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अध्यक्ष पद के लिए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनुमोदन किया। इस प्रस्ताव को कार्यवाहक अध्यक्ष भर्तृहरि महताब ने सदन में मतदान के लिए रखा और जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सांसद कोडिकुन्नील सुरेश को अपना प्रत्याशी बनाया था, लेकिन मत-विभाजन कराने पर जोर नहीं दिया। इसके बाद कार्यवाहक अध्यक्ष महताब ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिरला के पास जाकर उन्हें बधाई दी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई दी और प्रधानमंत्री मोदी से भी हाथ मिलाया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, बिरला को अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विपक्ष के कई नेताओं ने बिरला को बधाई दी। विपक्ष के नेताओं ने उम्मीद जताई कि उन्हें सदन में जनता की आवाज उठाने का पर्याप्त समय मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनकी अध्यक्षता में 18वीं लोकसभा देश के नागरिकों के सपनों को सफलतापूर्वक पूरा करेगी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई देते हुए कहा कि मैं आपके दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर आपको बधाई देना चाहता हूं।

### जनअपेक्षाओं पर खरा उतरने का काम करें : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद बिरला (61) ने कहा कि सभी सदस्यों को संसदीय परंपराओं के अनुरूप सामूहिक रूप से राष्ट्रहित के लिए काम करना चाहिए तथा सड़क और संसद में विरोध के अंतर को समझते हुए सहमति-असहमति व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पुन: इस महान सदन के पीठासीन अधिकारी के रूप में दायित्व निर्वहन करने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रिपरिषद, सभी दलों के नेताओं और सभी सदस्यों का हार्दिक आभार। बिरला ने कहा कि हम सबका दायित्व हो जाता है कि जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयास करें।

### आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव, विपक्ष ने किया हंगामा

बिरला ने अध्यक्ष के रूप में कामकाज संभालने के बाद 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल की लोकसभा में निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा और कहा कि वह कालखंड काले अध्याय के रूप में दर्ज है जब देश में तानाशाही थोप दी गई थी, लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया था और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया था। इस दौरान सदन में कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया और नारेबाजी की। आपातकाल के खिलाफ आज जहां भाजपा के सांसदों ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन किया, वहीं सदन में आपातकाल पर प्रस्ताव रखे जाने के विरुद्ध विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया।

### कांग्रेस का चरित्र आज भी अधिनायकवादी : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में आपातकाल के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से पढ़े गए निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान पीढ़ी को ये जानने का अधिकार है कि कांग्रेस ने आजादी के बाद लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ किस प्रकार का बर्ताव किया था। योगी ने कहा कि कांग्रेस में आज भले ही चेहरे बदल गए हों, मगर इसका चरित्र अधिनायकवादी और तानाशाही पूर्ण है।

---

# केजरीवाल को कोर्ट ने दी तीन दिन की सीबीआई रिमांड

नई दिल्ली, एजेंसी



- **औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कोर्ट से मांगी थी 5 दिन की हिरासत**
- **मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली अपनी अंतरिम जमानत याचिका**

आबकारी नीति कथित घोटाला से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को यहां की एक विशेष अदालत ने बुधवार को तीन दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष सीबीआई ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए उनकी पांच दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी।

सीबीआई ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद केजरीवाल से मंगलवार को पूछताछ की थी। अदालती आदेश पर पूछताछ के बाद बुधवार को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। इससे पहले केजरीवाल ने विशेष अदालत की ओर से 20 जून को दी गई जमानत के आदेश पर दिल्ली हाईकोर्ट की 21 जून के अंतरिम रोक के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती थी और उन्होंने अपनी याचिका (बुधवार को) वापस ले ली।

न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने उन्हें अपनी यह याचिका वापस लेने की अनुमति दी। पीठ ने हालांकि उन्हें जमानत आदेश के क्रियान्वयन को निलंबित करने वाले उच्च न्यायालय के 25 जून के आदेश को चुनौती देने वाली नई याचिका दायर करने की छूट दे दी।

---

**नीट प्रश्न-पत्र लीक मामला**

# दो अभियुक्तों की सीबीआई रिमांड

पटना, एजेंसी

- **केंद्रीय जांच एजेंसी 4 जुलाई तक करेगी पूछताछ**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में जेल में बंद दो अभियुक्तों को एक सप्ताह की पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए बुधवार को सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। विशेष अदालत ने जेल में बंद अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश को हिरासती पूछताछ के लिए 27 जून से 04 जुलाई तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार बेउर अधीक्षक को दिया है।

दोनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर 04 जुलाई को दिन के 11 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना है। सीबीआई ने बुधवार को झारखंड के एक निजी विद्यालय ओएसिस के प्रधानाचार्य एहसानुल हक से पूछताछ की। बिहार पुलिस आर्थिक अपराध इकाई के अनुसार संजीव कुमार उर्फ लूटन मुखिया गिरोह ने इसी विद्यालय से नीट-यूजी के पेपर प्राप्त किए थे।

### सीट दिलाने के लिए वसूले 12 लाख रुपये

**कोलकाता।** कोलकाता के एक शिक्षण संस्थान से जुड़े एक व्यक्ति को एक छात्र के माता-पिता से पैसे लेकर नीट परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान दिलाने का वादा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि आरोपी ने छात्र को 12 लाख में कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में सीट दिलाने का भी आश्वासन दिया था। जिसमें से 5 लाख रुपये ले भी लिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शेक्सपियर सरानी पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर आरोपी को मंगलवार रात को गिरफ्तार किया गया था।

### महाराष्ट्र के लातूर से एक और आरोपी गिरफ्तार

**मुम्बई।** नीट-यूजी पेपर लीक घोटाला मामले के तीसरे आरोपी संजय जाधव को महाराष्ट्र के लातूर से पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जाधव से पूछताछ में इस घोटाले में शिक्षा क्षेत्र के कई लोग, छात्र और अभिभावकों के भी शामिल होने का पता चला है। पुलिल ने बताया कि एक निजी स्कूल में विज्ञान शिक्षक जाधव ने दिल्ली के मास्टरमाइंड गंगाधर मुंडे और महाराष्ट्र के दो आरोपियों- हेडमास्टर पठान और इरन्ना कोंगलवार के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई है।

---

# अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण और समायोजन का आदेश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- **शिक्षकों की ग्रामीण से ग्रामीण और नगर से नगर में होगी तैनाती**

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण व समायोजन के संबंध में शासन ने अनुमति दे दी है। शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं समायोजन निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं उत्तर प्रदेश निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 के मानकों के आधार पर होगा। ऐसे में अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण व समायोजन की कार्रवाई ग्रामीण सेवा संवर्ग से ग्रामीण सेवा संवर्ग व नगरीय सेवा संवर्ग से नगरीय सेवा संवर्ग में ही की जाएगी। इसके साथ ही शैक्षिक सत्र 2023-24 की यू-डायस पोर्टल पर 31 मार्च, 2024 को उपलब्ध छात्र संख्या के आधार पर अधिक अध्यापक संख्या वाले विद्यालयों एवं अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालयों को चिन्हित किया जाएगा। अधिक अध्यापक संख्या वाले चिन्हित विद्यालयों में मानक से अधिक शिक्षक एवं शिक्षिका को उनकी जनपद में सेवावधि के आधार पर क्रमानुसार चिन्हित किया जाएगा।

## समूह ग के कार्मिकों का तबादला 30 तक

**लखनऊ।** शिक्षा विभाग के समूह-ग के कार्मिकों का तबादला 30 जून तक कर दिया जाएगा। बुधवार को अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को तय समय में प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। कहा कि मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), मंडलीय उप शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), डीआईओएस, बीएसए, शिक्षा निदेशालय प्रयागराज और लखनऊ में समूह-ग के ऐसे कार्मिकों का तबादला जल्द हो जिनके 3 साल पूरे हो चुके हैं। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के समूह-ग के कार्मिकों के संयुक्त तबादले के लिए अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) को निर्देशित किया।

# वज्रपात से 11 की मौत, कई झुलसे

समाचार डेस्क, लखनऊ

- **पीलीभीत व शाहजहांपुर में 4, संभल में 3, जालौन व बहराइच में एक-एक व लखीमपुर में 2 की गई जान**

**अमृत विचार :** प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश के बीच हुए वज्रपात में 11 लोगों की जान चली गई है। पीलीभीत व शाहजहांपुर में 4 ,लखीमपुर खीरी में 2, जालौन व बहराइच में एक-एक व संभल में 3 लोगों की मौत हुई है। आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने से कई लोग झुलस भी गए हैं।

पीलीभीत के सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम खजुराह के खूबचंद का 17 वर्षीय पुत्र अर्जुन बुधवार सुबह खेत पर गया था। उसके साथ गांव का विपिन, धर्मेंद्र, जितेंद्र भी थे। चारों आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इलाज के दौरान अर्जुन की मौत हो गई। घुंघचिहाई के मटेहना कॉलोनी के सरवन कुमार (50) धान की रोपाई कर रहे थे। बिजली गिरने से वह अचेत हो गए। उन्हें सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर में जलालाबाद के नयागांव गुलरिया के नीलेश (17) की जान भी आकाशीय बिजली गिरने से चली गई।

सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के बरेंग गांव में बीए की छात्रा राजकुमारी (19) बुधवार दोपहर बारिश में छत पर नहा रही थी। तेज चमक के साथ बिजली गिरी इससे छत में गड्ढा हो गया और राजकुमारी की झुलसकर मौत हो गई।

लखीमपुर खीरी जिले के गांव पड़री निवासी तेजपाल के दो बेटे आनंद (10) अपने छोटे भाई अभय राज (6) और परिवार के ही प्रेमपाल के पुत्र विनीत (6) व नीरज (11) के साथ घर के बाहर खेल रहे थे। वज्रपात से चारों झुलस गए। इलाज के दौरान आनंद व अभय की मौत हो गई। जालौन के कालपी तहसील के करमचंदपुर में पुत्तूलाल यादव व बहराइच के गांव फकीरपुरी में रामनिवास(12) पुत्र अजीत कुमार की मौत भी वज्रपात से हो गई। संभल में नखासा थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर संदल निवासी मालती देवी बिजली गिरने से झुलस गई, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंडोह इलाके में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। जबकि तीन से चार आतंकवादियों के फंसे होने की खबर है। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन, डोडा के पुलिस उपनिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुठभेड़ स्थल पर मौजूद हैं। सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों के जवान जब संदिग्ध क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे, तो छिपे आतंकवादियों ने पुलिस और सेना की संयुक्त टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई जो अभी भी जारी है।

# उपभोक्ताओं की जेब ढीली करने की तैयारी में पावर कॉरपोरेशन

- **मैसेज अलर्ट के लिए 10 रुपये शुल्क, यूपीपीसीएल ने भेजा नियामक आयोग में प्रस्ताव**

**स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बिजली कनेक्शन कटने व जुड़ने पर वसूलेगा 50 रुपये शुल्क**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने प्रदेश के उपभोक्ताओं की जेब ढीली करने की तैयारी शुरू कर दी है। कॉरपोरेशन के नए फैसले के तहत अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को बकाए पर बिजली कनेक्शन कटने या दोबारा जोड़े जाने पर 50 रुपये शुल्क देना होगा। मोबाइल पर अलर्ट मैसेज का भी 10 रुपये शुल्क वसूल किया जाएगा। नई बिजली दर निर्धारण प्रक्रिया के बीच कॉरपोरेशन ने इस सिलसिले में प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग में दिया है। प्रदेश में नई बिजली दरें लागू करने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। नियामक आयोग उपभोक्ताओं का पक्ष जानने के लिए जनसुनवाई की तारीख घोषित कर चुका है। पहली सुनवाई आठ जुलाई को कानपुर में होगी। इसके बाद मध्यांचल विद्युत वितरण निगम समेत बाकी निगम क्षेत्रों में जनसुनवाई होगी। सूत्रों के अनुसार इसी बीच बीती देर रात कॉरपोरेशन ने नियामक आयोग में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मामले में एक प्रस्ताव दाखिल किया है, जिसमें नया शुल्क लिए जाने का उल्लेख है। वर्तमान में अभी इस तरह का कोई शुल्क लेने की व्यवस्था नहीं है। वजह यह है कि बिल बकाया होने पर मीटर से स्वतः कनेक्शन कटने व बिल जमा करने पर दोबारा बिजली जुड़ने की व्यवस्था है।

### कॉरपोरेशन का फैसला नियमों के विपरीत-अवधेश वर्मा

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि कॉरपोरेशन की ओर से उपभोक्ताओं से इस तरह का शुल्क लेने का फैसला नियमों के विपरीत है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर सभी व्यवस्था 'सिस्टम जेनरेटेड' होती है। पूरे देश में कहीं भी एसएमएस अलर्ट का 10 रुपये चार्ज नहीं किया जाता। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 56 के तहत कनेक्शन काटने के पहले उपभोक्ता को 15 दिन की नोटिस देने का प्रावधान है। जब बिजली दर निर्धारण प्रक्रिया चालू हो चुकी है, तो नियमत: कॉरपोरेशन ऐसा प्रस्ताव दाखिल नहीं कर सकता है।

### व्यवस्था वैकल्पिक

उपभोक्ता परिषद का कहना है कि वर्तमान में पोस्टपेड व्यवस्था के तहत पावर कॉरपोरेशन ने पूरे प्रदेश में उपभोक्ताओं से लगभग 5000 करोड़ के बीच सिक्योरिटी जमा कर रखी है। ऐसे में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का अधिकार वैकल्पिक है।

### रिहंद, बारा व ओबरा की तीन इकाइयां ठप

**लखनऊ।** भीषण उमस के कारण प्रदेश में बिजली की मांग फिर बढ़ गई है। भारी लोड के कारण रिहंद, बारा व ओबरा की तीन इकाइयां ठप हो गई हैं, जबकि पहले से बंद चल रही दो इकाइयां अभी चालू नहीं हो पाई हैं। एक साथ पांच इकाइयों के बंद होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा की 660 मेगावाट, रिहंद की पांच सौ मेगावाट व ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गई हैं।

## शहर में आज



☞ जिला कृषि, विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज में जिगर मंच पर कव्वाली नाइट रात 8:00 बजे।

☞ सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा श्री विहारों का मन्दिर कंजरी सराय में शाम 4:00 बजे।

## एक नजर

### डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए तीन का चयन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के तीन होनहार युवाओं का चयन राष्ट्रीय डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए हुआ है। डांस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। 28 जून से 30 जून तक चेन्नई के इंदौर स्टेडियम में राष्ट्रीय डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। इसमें महानगर से अंडर-17 में विवेक और अंडर-19 में सुमित और पारस का चयन हुआ है। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारी रिम्पी सिंह, निश्चय, सिंह, नीलू सिन्हा ने बधाई दी है।



विटामिन-ए संपूर्ण कार्यक्रम के प्रथम चरण की शुरुआत करते सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह।

## बच्चों को पिलाई विटामिन-ए की खुराक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह द्वारा जिले में विटामिन-ए सम्पूर्ण कार्यक्रम के प्रथम चरण की शुरुआत की गई। इस दौरान भूल न जाना, अपने बच्चे को विटामिन-ए खुराक जरूर पिलाना का नारा दिया गया।

महानगर के टाउन हाल स्थित नागरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित हुए विटामिन-ए सम्पूर्ण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर पहुंच कर अपने नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चे को रतौंधी व विभिन्न रोगों से बचाव एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन-ए की खुराक जरूर पिलाएं।

इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण, उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. कुमेश वार्ष्णेय व मोहम्मद रिजवान शामिल रहे।

### प्री मानसून बारिश से तापमान में आई कमी, मौसम हुआ सुहाना, अधिकतम पारा 32.5 डिग्री सेल्सियस

# कल से झूम के बरसेंगे बदरा, पश्चिमी यूपी में सक्रिय होगा मानसून

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 28 जून से मानसून सक्रिय होने पर मूसलाधार बारिश होगी। वहीं प्री मानसून की हल्की बारिश से गर्मी और लू से राहत मिली। लेकिन, दोपहर में धूप निकलने से उमस बरकरार रही। अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में कमी आई है। अब लोगों को मानसून की झमाझम बारिश में भीगने का अवसर मिलेगा।

बुधवार को सुबह से ही मौसम सुहाना रहा। धूप हल्की होने और बीच बीच में बारिश होने से लोगों को गर्मी और लू से काफी हद तक राहत मिल गई। लेकिन, दोपहर में धूप भी निकलती रही, इससे उमस बरकरार रहा। मंगलवार के बाद बुधवार को भी हल्की बारिश के चलते लोगों को भीषण गर्मी से काफी सुकून मिल गया है। दोपहर में हुई बारिश में कुछ लोग भीगते हुए आते जाते दिखे तो बारिश तेज होने पर लोग भीगने से बचते रहे। बुधवार को अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 79 प्रतिशत रही तथा 6.7 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर दिशा से हवा चली।



सिविल लाइंस क्षेत्र में दोपहर में बरसात में गुजरते लोग। ● अमृत विचार

कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि प्री मानसून बारिश का क्रम चलेगा। 28 जून से मानसून सक्रिय होने पर मूसलाधार बारिश भी होगी। जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश होगी।

## धान की पौध की रोपाई के लिए लाभकारी है अधिक बारिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **बुधवार सुबह हुई बारिश से खिले किसानों के चेहरे, फिलहाल दूर हुई फसलों की सिंचाई की टेंशन**

**अमृत विचार:** जून के महीने में गर्मी ने लोगों को परेशान करके रख दिया था। लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल थे। बुधवार को हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। ग्रामीण क्षेत्र में किसान के चेहरे भी खिल गए। खासकर गन्ना व धान की पौध की रोपाई के लिए यह बारिश बहुत महत्वपूर्ण है।

बरसात से महानगर में कई जगह जलभराव और सड़कों पर कीचड़ फैल गया। राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे और लोगों को गर्मी से राहत मिली। गांव में बारिश में बच्चे खूब मस्ती करते नजर आए। वहीं, गर्मी की वजह से कुछ किसानों की फसलें सूख रही थी। बारिश होने से उन्हें संजीवनी मिल गई। बारिश से किसान अब गन्ने में यूरिया खाद डालने में जुट गए। किसान संजय कुमार कश्यप, संजय सिंह, रामदेवी, राजकुमार आदि ने बताया कि यह बारिश धान की पौध की रोपाई के लिए बहुत लाभकारी होगी। इस समय खेतों में पौध तैयार है। बारिश न होने से पौध सूख रही थी। लेकिन, यह बारिश फसलों के लिए काफी फायदेमंद है।

### दो तक बढ़ी शिल्पकारी में प्रशिक्षण की तिथि

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महाप्रबन्धक उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के शिल्पकारों को कौशल विकास योजना के अन्तर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र नजीबाबाद द्वारा प्रदान किया जायेगा। मुरादाबाद में लक्ष्य के सापेक्ष ऑनलाइन प्राप्त आवेदन का चयन जनपद स्तरीय चयन समिति के माध्यम से किया जाएगा। इसके बाद प्रशिक्षण मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र नजीबाबाद द्वारा दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान रहने, खाने की व्यवस्था निशुल्क होगी। प्रशिक्षण अवधि का मानदेय भुगतान प्रशिक्षार्थी के खाते में सीधे भेजा जाएगा।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक माटीकला शिल्पकारों के पुरुष/महिला प्रशिक्षार्थी 2 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट upmatikalaboard.in पर कर सकतें है। विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9580503151 और 8191967289 या जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, एमआईजीए एम-6 दीनदयाल नगर में भी संपर्क कर सकते हैं।

# जीआईएस सर्वे से संबंधित आईं 83 आपत्तियां, 59 निस्तारित

### 2500 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त कर एक लाख जुर्माना वसूला, कार्यकारिणी की बैठक में भेजे नोटिस को निरस्त करने का एलान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में बुधवार को मानसरोवर पानी की टंकी के पास जोनल कार्यालय में जीआईएस सर्वे से संबंधित शिकायतों व आपत्तियों के निस्तारण के लिए शिविर लगा। इसमें 83 आपत्तियां आईं, जिसमें 59 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं प्रतिबंधित पॉलीथिन की बिक्री पर डंडा चलाते हुए छापेमारी में 2500 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त कर एक लाख रुपये जुर्माना वसूला गया।

मानसरोवर पानी की टंकी के पास जोनल कार्यालय पर लगे शिविर में महानगर के विभिन्न मोहल्लों के लोग अपने मकान व प्रतिष्ठान के जीआईएस सर्वे के आधार पर बढ़े टैक्स निर्धारण को लेकर आपत्ति जताई। शिविर में अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार आदि ने लोगों की आपत्ति और शिकायतों को सुनकर उनके भवन व प्रतिष्ठान में हुए निर्माण व क्षेत्रफल के आधार पर कर निर्धारण की जानकारी दी। शिविर में विभिन्न मोहल्लों के नागरिकों व कारोबारियों की ओर से कुल 83 शिकायतें आईं। जिसमें से अधिकारियों ने मौके पर 59 का निस्तारण कर दिया। इसके बाद 2,14,438 रुपये की टैक्स वसूली भी की गई। कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में जीआईएस सर्वे के आधार पर आपत्तियों की सुनवाई व निस्तारण और गृहकर व जलकर की वसूली के लिए हर बुधवार को जोनल कार्यालयों पर शिविर लगेगा। शिविर में आए लोगों की समस्या सुनी गई।

अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार ने बताया कि अब हर बुधवार को जीआईएस सर्वे के आधार पर टैक्स निर्धारण व कर वसूली से संबंधित शिकायत व आपत्तियों की सुनवाई कर उनका निस्तारण कर टैक्स जमा कराया जाएगा। शिविर में अधिकांश आपत्तियां आवासीय व अनावासीय भवनों को लेकर थीं। वहीं दूसरी ओर नगर निगम प्रशासन ने आवास विकास मार्केट में प्रतिबंधित पॉलीथिन बिक्री व प्रयोग के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें आवास विकास मार्केट में राजेश (गोल्डन ट्रांसपोर्ट) के प्रतिष्ठान से 2500 प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। टीम ने चालान करते हुए एक लाख रुपये का जुर्माना भी वसूला। शिविर में राजस्व निरीक्षक उमेश तोमर, केशव विश्नोई, दीपक सिंह, शुभम कुमार के अलावा कर व संपत्ति विभाग के अन्य कर्मचारी आदि मौजूद रहे। बाकी बचे 30 प्रतिशत लोगों की समस्या आवासीय व अनावासीय संबंधी थी, इसलिए उनकी समस्या का निस्तारण स्थलीय निरीक्षण का बाद किया जायेगा।



शिविर में लोगों की शिकायत सुनते अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार।



कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार को अपनी समस्या बताते लोग। ● अमृत विचार



"मैं अपना गृहकर निर्धारण संशोधित कराने के लिए आया हूं। इसके लिए शिविर में प्रार्थना पत्र दिया है। आपत्ति सुनने के बाद शाम तक गृहकर संशोधित करने का आश्वासन मिला है।

**-आदित्य शर्मा,** निवासी कुंदनपुर



"हमारे मोहल्ले सम्राट अशोक नगर में सिर्फ 5 घरों में ही नगर निगम की टंकी का पानी आ रहा है। पानी की सप्लाई मेरे घर न आने पर भी मेरा जलकर आ रहा है, जिसकी शिकायत के लिए प्रार्थना पत्र शिविर में दिया है।

**-फूल सिंह,** निवासी सम्राट अशोक नगर

### 20 जून को निगम कार्यकारिणी की बैठक में उठी थी आवाज

जीआईएस सर्वे में मनमानी को लेकर पीलीकोठी स्थित महापौर के शिविर कार्यालय में हुई नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में पार्षदों ने आपत्ति जताई थी। जिस पर महापौर ने भी पार्षदों की बातों का समर्थन कर इसके आधार पर भेजे नोटिस को तत्काल निरस्त कर शासन को पत्र लिखने का निर्देश दिया था। जिसके बाद नगर आयुक्त के निर्देश पर हर बुधवार को शिविर लगाकर आपत्तियों व समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने का निर्णय लिया गया।

### गृहकर, जलकर की समस्या भी निस्तारित

शिविर में गृहकर व जलकर से संबंधित समस्याओं का निस्तारण भी अधिकारियों ने लोगों की शिकायत सुनकर किया। कहा कि निगम प्रशासन महानगर के नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान करने को तत्पर है।

### मंडलायुक्त कार्यालय में पेंशन अदालत 4 जुलाई को

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राज्य सरकार के सरकारी सेवकों की सेवानिवृत्ति पर उनकी पेंशन, पारिवारिक पेंशन, ग्रेच्युटी, राशिकरण, बीमा आदि के भुगतान में हो रहे विलंब से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए 4 जुलाई को दिन में 11:00 बजे आयुक्त कार्यालय सभागार कक्ष में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन भृगु नारायण झा ने बताया कहा कि ऐसे सभी पेंशनर्स निर्धारित प्रारुप अपने जिले से संबंधित कोषागार से प्राप्त कर और उसे पूर्ण कर संबंधित कोषागार अथवा कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन मुरादाबाद मंडल में 29 जून तक तीन प्रतियों में प्राप्त करा दें। वाद प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों से अपेक्षा है कि वह वाद की एक-एक प्रति अपने सेवानिवृत्ति कार्यालय व विभागाध्यक्ष को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। ऐसे पेंशनर्स जिन्होंने पहले ही पेंशन अदालत में अपना वाद दाखिल किया है उन्हें फिर से वाद दाखिल करने की जरूरत नहीं है।



**लापरवाही :** बरसात शुरू हो गई है लेकिन, महानगर के अधिकांश नाले चोक पड़े हैं। यह नजारा रामगंगा नदी के किनारे नाले का है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन, जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। ● अमृत विचार

### स्टेशन के बाहर दंपति के हंगामे से लगा जाम

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन के सामने बुधवार दोपहर आपसी विवाद के चलते पति-पत्नी ने जमकर हंगामा किया। हंगामा होने से सड़क यातायात भी थम गया। ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस कर्मियों ने किसी तरह पति-पत्नी को समझाकर घर भेज दिया।

जनपद के थाना मैनाठेर क्षेत्र निवासी रामप्रकाश की शादी 14 साल पहले रामपुर की अनीता से हुई थी। जिसके बाद तीन बेटियां व एक बेटा पैदा हुए। इसके बाद दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत करने को लेकर विवाद रहने लगा। दो दिन पूर्व अनीता बिना बताए कहीं चली गई। रामप्रकाश व उसके परिवार वालों को अनीता स्टेशन पर मिल गई। रामप्रकाश पत्नी को घर ले जाने का दबाव बना रहा था। बीच सड़क हंगामा होने से सड़क पर यातायात थम गया। तमाशा देखने वालों की भी भीड़ जुट गई।

## सत्कर्मों से ही मिलता है मानव जीवन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विहारों के मंदिर कंजरी सराय में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को कथा व्यास आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी ने बताया कि हममें अज्ञानता है कि अगर हम भगवान की भक्ति नहीं करेंगे, तो क्या होगा। हमें बार बार जन्म-मरण के चक्कर में जाना पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि तेरा बार-बार जन्म हो रहा, बार-बार मृत्यु हो रही है। बार-बार कष्ट भोग रहें हैं। भगवान से प्रार्थना करता है कि मुझे इस नर्क से निकालो, मैं आपका भजन करूंगा, आपकी प्राप्ति करूंगा। कथा व्यास ने बताया कि चौरासी लाख योनियों में जलचर, थलचर, नवचर आदि जीव हैं। भगवान ने मनुष्य योनि प्रदान की है। जो सत्कर्मों से मिलती है। पशु सबके साथ एक जैसा व्यवहार करते हैं। कथा में प्रदीप बंसल, राजीव पाल, राकेश रानी अग्रवाल, मोहित वर्मा, शोभा बंसल, प्रीति बंसल, रानी वर्मा, रामौतार पाल, कुमकुम वर्मा, सोनाली वर्मा, सुनीता गुप्ता, मनी ठाकुर, लता यादव, लाखन सिंह, विपिन अग्रवाल, देवांश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



विहारो वाला मंदिर कंजरी सराय में भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● **भगवान की भक्ति के बिना मनुष्य को जन्म-मरण के चक्र से नहीं मिलेगी मुक्ति**

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया मनोहारी वर्णन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शाहपुर तिगरी रोड स्थित राधिका फार्म हाउस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास तुलसी दास महाराज ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया।

कथा व्यास ने कहा कि भगवान ने माता को मुख में ब्राह्मांड के दर्शन, पूतना एवं कालिया नाग आदि का उद्धार कर अपनी लीला आरंभ कर दी थी। उन्होंने भक्त की सच्ची भक्ति का वर्णन करते हुए भक्त प्रहलाद आदि का प्रसंग सुनाते हुए कहा भगवान भक्त के अधीन रहते हैं। व्यवस्था में रंजन यादव, डायमंड यादव, विवेक गंगवार, विजेंद्र जनरेटर, सुमित चौधरी, शोभित सैनी, सतेंद्र गुर्जर, राज कुमार यादव, पिंटू, मोनू, कुलदीप, गौरव, गोवर्धन, अरविंद, अनुपम, अंकित, अनिल शर्मा, आदित्य, अक्षय शामिल रहे।

**मानसिक अवसाद** | मानसिक रोग विशेषज्ञों के पास पहुंच रहे बच्चों के डिप्रेशन के मामले, अभिभावकों को सतर्कता बरतने की दे रहे सलाह

# बच्चों की परेशानी समझकर उनका हौसला बढ़ाएं अभिभावक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर के मानसिक रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि अगर आपका बच्चा भी दूसरे शहर में पढ़ाई या प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है तो ज्यादा सतर्क रहें। बच्चों से फोन पर संपर्क के दौरान उनकी बातों में गुस्सा, उदासी, चिड़चिड़ापन, मायूसी जैसे संकेत दिखें तो नजरअंदाज न करें। इस बीच उनके दोस्तों से भी संपर्क रखें, जिससे पता चल सके कि कहीं आपके बच्चे की जिंदगी में कोई परेशानी में तो नहीं है। यदि ऐसा हो तो बच्चों से खुलकर बात करें और समझाएं कि कोई समस्या, कोई व्यक्ति या कोई परीक्षा जिंदगी से बढ़कर नहीं है।

पिछले काफी दिनों से महानगर के मानसिक रोग विशेषज्ञों के पास दूसरे शहरों में पढ़ाई करने वाले बच्चों के डिप्रेशन के मामले लगातार आ रहे हैं। जिसमें सबसे ज्यादा बच्चे यूपीएससी व नीट की तैयार करने वाले बच्चे हैं। महानगर में पिछले दिनों दो शिक्षण संस्थानों में दो आत्महत्या के मामले हो चुके हैं। ऐसे में मानसिक रोग चिकित्सक इन मरीजों को गंभीरता से ले रहे हैं। बच्चों के साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग कर रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अगर आपका बच्चा शहर के बाहर पढ़ रहा है तो बच्चों से अभिभावक हर 40 से 45 दिन में मिलने जाएं। उनके दोस्तों से संपर्क बनाएं। इससे तनाव की स्थिति में भी बच्चे को आत्महत्या जैसे गलत ख्यालों से बचाने में मदद मिलेगी। अभिभावक बच्चों की परेशानी समझकर उनका हौसला बढ़ाएं।

### अभिभावक दिल्ली पहुंचे तो रोने लगा बेटा

मुरादाबाद, अमृत विचार : थाना गलशहीद क्षेत्र के हरपाल नगर में रहने वाले वाले परिवार का बेटा तीन साल से दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। माता-पिता से रोज बात होती थी, लेकिन अचानक उसने माता-पिता का फोन नहीं उठाया। इस पर अभिभावकों ने छात्र के दोस्तों से बात की तो पता चला कि वह कुछ दिन से क्लास में चुप बैठा रहता है। ग्रुप स्टडी में भी शामिल नहीं होता। यह स्थिति भांपकर अभिभावक दिल्ली पहुंचे तो बेटा उनसे लिपटकर रोने लगा। अभिभावक उसे मुरादाबाद ले आए। जिसके बाद मानसिक रोग विशेषज्ञ से उसका इलाज चल रहा है।

### कोटा से बेटे को वापस ले आए पिता

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार में रहने वाले परिवार का 20 वर्षीय बेटा कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा है। दो साल से उसका चयन नहीं हो पाया तो वह डिप्रेशन में आ गया। फोन पर बातचीत के दौरान पिता को स्थिति ठीक नहीं लगी तो वह उससे मिलने पहुंच गए। दोस्तों ने बताया कि पूरा दिन कमरे में बंद रहने लगा है। लाइब्रेरी में आना भी छोड़ दिया है। पिता उसे वापस मुरादाबाद ले आए। मानसिक रोग विशेषज्ञ ने बताया कि छात्र अवसाद में है। उसका इलाज शुरू कराया गया है।



"अगर कोई छात्र व छात्रा आत्महत्या करता है तो वह एक दिन में नहीं होती। यह ख्याल मन में कई दिन से चल रहा होता है। दोस्तों व माता-पिता को इसके संकेत समझकर समय रहते बातचीत करते रहना चाहिए। अगर आप को बच्चे में कुछ परेशानी दिखे तो उसे नजर अंदाज न करे।

**- डॉ. दिशांतर गोयल,** मानसिक रोग विशेषज्ञ



"छात्रों के आत्महत्या के मामले पढ़ाई का प्रेशर और लव अफेयर के कारण सामने आ रहे हैं। आत्महत्या रोकने में माता-पिता और दोस्त ही सहायक हो सकते हैं। बच्चों को भी एक-दूसरे के माता-पिता से संपर्क में रहना जरूरी है। जिससे परेशानियां साझा हो सकें। बाहर पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को उनसे मिलने जरूर जाना चाहिए।

**-डॉ. नीरज गुप्ता,** मानसिक रोग विशेषज्ञ

### युवाओं को नशे से बचाना सभी की जिम्मेदारी


**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधी दिवस पर नेशनल सोशल ऑर्गेनाइजेशन की ओर से सामाजिक संगठनों से अपील की गई है कि वह युवा पीढ़ी को नशे से बचाएं। संस्था के संयुक्त सचिव फिरोज खां ने कहा कि हम देख रहे हैं कि हमारी युवा पीढ़ी नशे की आदी बनकर अपना स्वास्थ्य एवं भविष्य को बर्बाद कर रही है। इसलिए उन्हें इस बुराई से बचाने के लिए उचित प्रयास किये जाने को जरूरत है। जो न केवल सरकार बल्कि हर सामाजिक व्यक्ति को जिम्मेदारी है। इसलिए सभी सामाजिक, राजनैतिक संगठनों को इस तरफ विशेष ध्यान देकर अपनी नौजवान नस्ल को नशे से बचाने का प्रयास करना चाहिए।



**विकास कार्यक्रमों की समीक्षा कल**

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों के मूल्यांकन व अनुश्रवण के लिए मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 28 जून को 10:00 बजे विकास कार्यक्रमों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में होगी। संयुक्त विकास आयुक्त विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में समय से उपस्थित होने के लिए कहा है।






**आज का मौसम**

तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है।

| 32.0° | 26.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:19 | सूर्यास्त 07:17 |

## एक नजर

### नशे में धुत चार युवकों ने महिला से की छेड़खानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में प्रदर्शनी में रंगारंग कार्यक्रम देखने पति के साथ जा रही महिला से नशे में धुत चार युवकों ने छेड़खानी कर दी। पति की शिकायत पर पुलिस चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कटघर थाना क्षेत्र निवासी महिला के पति ने तहरीर में बताया है कि मंगलवार देर रात वह बाइक से पत्नी के साथ प्रदर्शनी देखने जा रहा था। इसी दौरान कंपनी बाग में नशे में धुत चार युवकों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। आरोप है कि इसके बाद चारों गाली-गलौज करने लगे और उसकी पत्नी के साथ छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर मौके से फरार हो गए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

## मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप, पति समेत ससुरालीजन हुए फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में सुबह महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम कराया, लेकिन मौत का खुलासा नहीं हो सका। पति समेत ससुरालीजन मौके से फरार हो गए। वहीं मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है।

गजरौला थाना क्षेत्र के सुल्तान नगर निवासी आकांक्षा सैनी की शादी 2015 में मझोला के कुंदनपुर ढक्का निवासी मनोज कुमार से हुई थी। वह मजदूरी करता है। मृतका आकांक्षा के भाई रोहित ने बताया है कि बुधवार सुबह तड़के मनोज ने कॉल करके उन्हें जानकारी दी कि आकांक्षा की तबीयत खराब है, डॉक्टरों ने अस्पताल में भर्ती करने से मना कर दिया है। रोहित आनन-फानन में घर पहुंचा तो आकांक्षा उसे मृत अवस्था में मिली। घटना के बाद ससुरालीजन मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, लेकिन महिला की मौत का राज पोस्टमार्टम के बाद भी नहीं खुल सका। रिपोर्ट में मृतक के शरीर में चोट के निशान नहीं मिले हैं, जिससे मौत के कारणों का पता चल सके। पुलिस ने अब शव का विसरा जांच के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है। विसरा रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर खड़े मृतका के परिजन। ● अमृत विचार

- पोस्टमार्टम होने के बाद भी नहीं खुल सका महिला की मौत का राज, विसरा सुरक्षित रखा

### कार्रवाई का आश्वासन

मृतक के भाई रोहित ने बताया है कि पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर दी गई। पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस के मुताबिक, विसरा रिपोर्ट के आधार पर महिला की मौत का खुलासा किया जाएगा।

### मौत का राज खोलेगी विसरा रिपोर्ट

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने अब जहरीला पदार्थ खाकर महिला की मौत की गुत्थी को सुलझाने को विसरा जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा है। विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत के राज का खुलासा हो सकेगा। जिसकी रिपोर्ट आने में 10 दिन से एक माह तक लग जाता है।

### आकांक्षा के भाई ने लगाया हत्या का आरोप

मृतका के भाई रोहित का आरोप है कि जब वह आकांक्षा को देखने उसके घर पहुंचा तो वह मृत अवस्था में थी। उन्होंने ससुराल पक्ष पर उसके साथ मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पति मनोज पहले भी कई बार आकांक्षा के साथ मारपीट कर चुका था। जान से मारने की धमकी भी दे चुका है। दोनों से एक सात साल की बच्ची भी है।

## दहेज की मांग को लेकर महिला को दिया तीन तलाक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** दहेज की मांग को लेकर पति ने तीन तलाक देकर महिला को बच्चों समेत घर से निकाल दिया। मंगलवार को डीआईजी के आदेश पर पुलिस ने पति समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कटघर थाना क्षेत्र के मोहल्ला कबीर नगर रामपुर दोराहा निवासी महिला कासमा की शादी 12 साल पहले संभल के बहजोई में गांव मैथरा धर्मपुरा निवासी कल्लू से हुई थी। शादी में पांच लाख रुपये समेत अन्य सामान भी दिया गया था। कुछ समय बाद कल्लू दहेज उत्पीड़न करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करता था। आरोप है कि पिछले साल जुलाई में कल्लू ने महिला को तीन तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। विरोध पर कल्लू ने उसके साथ मारपीट की और अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगा। फिर महिला से मारपीट कर बच्चों समेत घर से निकाल दिया। छह जून को घटना की शिकायत एसएसपी व मुख्यमंत्री पोर्टल पर की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। डीआईजी के आदेश पर मंगलवार को पुलिस ने कल्लू व उसकी बहन रिहाना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



प्रभात मार्केट स्थित फैक्ट्री में लगी आग से उठता धुंआ। ● अमृत विचार

# फैक्ट्री की छत पर रखे स्क्रैप में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दो लाख रुपये का सामान जलकर राख, अग्निशमन दल ने आग पर पाया काबू

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट की वजह से फैक्ट्री की छत पर रखे स्क्रैप में आग लग गई। छत पर प्लास्टिक के रखे ड्रम व अन्य स्क्रैप का सामान जलकर राख हो गया। मौके पहुंची अग्निशमन दल की टीम ने आग पर काबू पाया। घटना में लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

थाना क्षेत्र के रामपुर रोड के प्रभात मार्केट स्थिति एक्प्रेशन ऑफ इंडिया में बुधवार सुबह रोजाना की तरह कर्मचारी फैक्ट्री में काम पर आ रहे थे। इसी दौरान एक कर्मी ने छत से धुआं उठता देखा इतने में फैक्ट्री के अंदर मौजूद अन्य लोग दहशत में आ गए। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आग पर काबू पाया। पुलिस के मुताबिक, बुधवार सुबह आठ बजे पुलिस को घटना की सूचना मिली थी। शॉर्ट सर्किट से फैक्ट्री के छत पर रखे प्लास्टिक के ड्रम में आग लगी थी। आग की चपेट में पास में रखे स्क्रैप का सामान व अन्य चीजें भी आ गई। घटना में लगभग दो लाख का नुकसान हुआ है। बारिश होने की वजह से आग पर आसानी से काबू पा लिया।

# रेलवे की संरक्षा टीम ने किया मंडल के स्टेशनों का निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को उत्तर रेलवे से प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी डिम्पी गर्ग ने अपनी टीम के साथ मंडल के सभी स्टेशनों, यार्ड, समपार फाटक, रेलवे ब्रिज, पॉवर केबिन का निरीक्षण किया।

इस दौरान संरक्षा टीम ने कटघर यार्ड, कटघर स्टेशन के नजदीक रामगंगा ब्रिज तथा धमौरा स्टेशन पर स्टेशन मास्टर कार्यालय, प्लेटफार्म, रिले रूम, आग बुझाने के संयंत्र तथा शहजादनगर-धमौरा के मध्य समपार फाटक संख्या एलसी-396 ई का निरीक्षण किया। इसके अलावा रोजा स्टेशन पर सेफ्टी ऑडिट के अंतर्गत पॉवर केबिन, नए पॉवर केबिन, रिले रूम, लोको एवम गॉर्ड लॉबी, स्टेशन मास्टर कार्यालय, प्लेटफार्म का गहन निरीक्षण किया। संरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी जगह विस्तृत रूप से गहन निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को संरक्षा संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। संरक्षा टीम में सीटीई आलोक मिश्रा, सीएसई राजीव कुमार, सीआरएसई प्रशांत कुमार, सीईएलई दीपक ग्रेवाल, सीओएमजी आरके सिंह, डिप्टी सीएसओ इलेक्ट्रिक स्वदेश राय, डिप्टी सीएसओ एस एंड टी चेष्टा मनोचा, डिप्टी सीएसओ ट्रैफिक दिनेश भगत, डिप्टी सीएसओ इंजीनियरिंग आरएस मीना शामिल थे। वहीं मुरादाबाद रेल मंडल से अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा एसपी तिवारी, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी प्रशांत शर्मा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सामान्य चेतन तनेजा, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता प्रथम सुनील कुमार, वरिष्ठ मंडल अभियंता तृतीय अनुपम चाहर, वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता कर्षण वितरण, जन्मेजय उपाध्याय, मंडल विधुत अभियंता ओपी दिनेश शर्मा शामिल रहे।



रेलवे फाटक का निरीक्षण करती रेलवे की संरक्षा टीम। ● अमृत विचार

- कटघर यार्ड व रामगंगा पुल पर देखी व्यवस्थाएं

## पाकबड़ा के बंदी की इलाज के दौरान मेरठ में मौत

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** पाकबड़ा के बंदी की इलाज के दौरान मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। जिसकी सूचना पुलिस ने बंदी के परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव को घर ले आये और शाम को उसे दफन किया गया।

थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी अंगूर वाली मस्जिद गुड्डू (25) पुत्र रब्बू मुरादाबाद की जेल में 2018 से बंद था। थाना सिविल लाइन पुलिस ने उसे मुकदमा अपराध संख्या 405/ 2018 धारा 302 में जेल भेजा था। तब से लेकर वह मुरादाबाद की जेल में ही बंद था। अभी कुछ दिन पहले इसकी तबीयत बिगड़ गई थी। जिस पर मुरादाबाद में ही उसका इलाज कराया गया। सुधार न होने पर उसको हायर सेंटर मेरठ रेफर किया गया। मेरठ में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसकी सूचना मुरादाबाद जेल को दी गई। वहीं सूचना पाकर पाकबड़ा से परिजन शव लेने मेरठ रवाना हो गए। जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर परिजन पाकबड़ा पहुंचे और शाम को शव को दफना दिया गया।

# आईएफजेएएस में 300 करोड़ की हुई व्यापारिक पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में चल रहे तीन दिवसीय इंडियन फैशन ज्वेलरी व एसेसरीज शो (आईएफजेएएस) के 18वें संस्करण का समापन बुधवार को हुआ। समारोह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिए गए। फैशन आभूषण और फैशन सहायक उपकरण की श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए। कई खरीदारों का अभिनंदन भी किया गया। मेले में 300 करोड़ रुपये की व्यापारिक पूछताछ हुई।

ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने कहा कि भारत के विभिन्न स्थानों से आईएफजेएएस में अलग-अलग सांस्कृतिक पहचान और प्रचुर मात्रा में कच्चे माल से बने उत्पाद लेकर आए हैं। मेले में प्रतिभागियों के साथ क्षेत्रीय लोगों ने ध्यान आकर्षित कर बाजार में अपनी जगह बनाई। आईएफजेएएस में दिखाए गए आभूषण शिल्पों का एक समृद्ध इतिहास है। ढोकरा और आदिवासी आभूषण, चांदी की मीनाकारी, कागज के आभूषण, चिकनकारी, सुई शिल्प अलंकरण, सीप/मोती, पत्थर जड़े हुए काम और चमड़े के शिल्प की मांग रही। ईपीसीएच के महानिदेशक और इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड के अध्यक्ष की भूमिका निभा रहे मुख्य सलाहकार डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि निर्माताओं की गतिशीलता और दक्षता ने शो को महत्वपूर्ण बना दिया। कपास और जूट की जीवन शैली के सामान आदि की मांग रही। ईपीसीएच के उपाध्यक्ष सागर मेहता ने बताया कि संपन्न भविष्य के लिए पर्यावरण के अनुकूल श्रृंखलाओं का मार्गदर्शक साबित हुआ। प्रेरणा और खरीदारी के लिए यहां आए ब्रिटेन के एक खरीदार विन्सेन्जो टोस्कानो ने बताया कि वह टिकाऊ और पुनर्चक्रित उत्पादों की सोर्सिंग में रुचि रखते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के चेरेस डफिल्ड और इरना बेजुइडेनहौट ने बताया कि हम यहां की असाधारण शिल्पकला से आकर्षित हैं। कार्यकारी निदेशक ईपीसीएच आरके वर्मा ने बताया कि 50 देशों के लगभग 500 खरीदारों और खरीद प्रतिनिधियों के साथ-साथ लगभग 250 घरेलू वॉल्यूम खरीदारों ने अवसरों की खोज की। 300 करोड़ रुपये की व्यापारिक पूछताछ होने से सभी उत्साहित हैं।



फैशन ज्वेलरी एवं एसेसरीज शो के आखिरी दिन स्टॉल पर ज्वेलरी देखते विदेशी ग्राहक। ● अमृत विचार

- तीन दिवसीय शो में मजबूत हुई व्यावसायिक नेटवर्किंग और सफल क्रेता-विक्रेता संपर्क

**कार्यक्रम** | जिगर मंच पर वाराणसी से आए सोनू मनमौजी ने टीम के साथ दी शानदार प्रस्तुति

# मसाने की होली से रोमांचित हुए महानगर के दर्शक



जिगर मंच पर प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार



कार्यक्रम का आनंद लेते दर्शक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अंतर्गत बुधवार को जिगर मंच पर अद्भुत नजारा देखने को मिला। यहां बड़े ही उत्साह के साथ मसाने की होली खेली गई। मसाने की होली खेलने के लिए वारणसी से कलाकार महानगर पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी प्रस्तुति से रंग जमा दिया।

जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अंतर्गत मसाने की होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वाराणसी के कलाकार सोनू मनमौजी ने अपने टीम के साथ प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ. विशेष गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके की। इस दौरान सबसे पहले महिला कलाकार ने मैं तो शिव की पुजारन बनूंगी पर प्रस्तुति से दर्शकों में नई ऊर्जा भर दी। उन्होंने मेरा शंकर भोला भाला पर नृत्य कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद डमरू की धुन पर जब कलाकारों ने प्रस्तुति दी तो माहौल भक्तिमय हो गया।

## छोटे भाई की हत्या के दोषी का पिता पर हमला

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कोतवाली थाना क्षेत्र में छोटे भाई की हत्या के जुर्म में सजा काटकर आए बेटे ने अपने पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के काजी की सराय निवासी बुजुर्ग राजाराम ने तहरीर में बताया है कि, कुछ साल पहले बडे. बेटे पवन ने अपने छोटे भाई आमोद की हत्या कर थी। इसके बाद कोर्ट ने पवन को हत्या के जुर्म में सजा सुनाई थी। जनवरी में जेल से छूटकर घर आया है। आरोप है कि बेटा पवन उन्हें भी जान से मारने की धमकी दे रहा है। सोमवार को इसका विरोध किया तो पवन ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने जान की सुरक्षा को लेकर पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के मुताबिक, पवन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

# डेढ़ किलो अफीम के साथ दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राजकीय रेलवे पुलिस ने ट्रेन द्वारा तस्करी कर बिहार से पंजाब ले जाई जा रही डेढ़ किलो अफीम के साथ एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जीआरपी ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

मुरादाबाद जीआरपी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ट्रेन द्वारा भारी मात्रा में अफीम को बिहार से पंजाब ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम सतर्क हो गई। जिसके बाद जीआरपी इंस्पेक्टर राजन शर्मा ने टीम के साथ प्लेटफार्म नंबर एक से महिला व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम विन्ध्यांचल राउत निवासी गांव भभटा जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार व महिला ने अपना नाम नैसा खातून निवासी धर्मपुर सिकटा बाजार, जनपद बेतिया बिहार बताया। सीओ जीआरपी देवीदयाल ने बताया कि दोनों के पास से एक किलो 500 ग्राम अफीम बरामद हुई है। जिसकी बाजार में कीमत 22.50 लाख बताई जा रही है। महिला व उसके साथी को पकड़ने वाली टीम में जीआरपी थाना इंस्पेक्टर राजन शर्मा, एसएसआई सुरेंद्र कुमार, महिला सिपाही डिंपल सैनी, सिपाही अरूण दीप, स्पेशल टास्क फोर्स लखनऊ की फील्ड यूनिट बरेली के एसआई राशिद अली, सिपाही नितिन कुमार व आरपीएफ के एएसआई ओमवीर सिंह शामिल रहे।



जीआरपी द्वारा अफीम के साथ पकड़े गए आरोपी महिला व पुरुष। ● अमृत विचार

- ट्रेन से पंजाब ले जाई जा रही थी 22.5 लाख की अफीम

## एक नजर

### शराब पिलाकर दोस्तों पर जानलेवा हमले का आरोप

**मैनाठेर, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के ग्राम मधुपुरी में एक युवक ने दोस्तों पर शराब पिलाकर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल के लिए भेज दिया। मैनाठेर थाना क्षेत्र के ग्राम मधुपुरी निवासी राजेंद्र पुत्र कल्लू घायल अवस्था में थाने में पहुंचा। जहां उसने गांव के ही कुछ लोगों पर शराब पिलाकर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रदेश प्रभारी से की मुलाकात

**कुंदरकी, अमृत विचार** : बुधवार को कुंदरकी विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर कुंदरकी से जिला उपाध्यक्ष व उपचुनाव प्रभारी चौधरी अहसान खान, जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद व जिला चेयरमैन अफजल साबरी के साथ आल इंडिया कांग्रेस कार्यालय दिल्ली में उत्तर प्रदेश प्रभारी अभिनाश पांडेय से मुलाकात की। उन्हें लोस चुनाव में मिली बंपर जीत पर बधाई भी दी। इस दौरान कुंदरकी ब्लॉक अध्यक्ष चौ. दाऊद खान भी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में एसएसपी हेमराज मीना को बुके भेंटकर विदाई देते पुलिस अधिकारी।

## हेमराज मीना को बुके भेंटकर दी विदाई

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** पुलिस लाइन में बुधवार को समारोह का आयोजन कर निवर्तमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना को विदाई दी गई। जिले के पुलिस अधिकारियों ने उन्हें गुलदस्ता और उपहार देकर भेंट किया।

विदाई समारोह कार्यक्रम में एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीना, एसपी सिटी अखिलेश भदोरिया, एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एसएसपी हेमराज मीना को बुके देकर और स्मृति चिह्न भेंटकर उन्हें विदाई दी। हेमराज मीन ने कहा कि पुलिस में सेवा के दौरान बड़ी जिम्मेवारी मिलती है। जिसे सभी ने मिलकर अपने दायित्व के साथ निभाया है। बता दें, नीचे के अधिकारियों के साथ इनका व्यवहार भी काफी अच्छा था। इसी कारण सभी के सहयोग से अपराध नियंत्रण और लोकसभा चुनाव सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने में सफल रहे। कई गंभीर घटना का पर्दाफाश करवाया। हेमराज मीना ने अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के द्वारा सहयोग किये जाने पर उनका आभार व्यक्त किया।

### गृह क्लेश में आत्महत्या का प्रयास, हालत गंभीर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : गृह क्लेश में एक युवक ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए उत्तराखंड के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। कोतवाली नगर निवासी युवक ठेला लगाता है। वह काफी समय से गृह क्लेश के चलते तनाव में था। इसी के चलते बुधवार को देररात युवक ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

### दो जेबकतरों को पीटा

**कुंदरकी, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार को मुरादाबाद-बिलारी हाईवे पर चलने वाली नॉनस्टॉप बस में जेब काटते दो जेब कतरों को यात्रियों ने पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई की। बाद में दोनों भाग निकले। बताया गया है कि एक नॉनस्टॉप बस जोकि मुरादाबाद से आ रही थी। जैसे ही बस कुंदरकी बस स्टैंड पर रुकी और सवारी उतरनी शुरू हुई। तभी दो जेबकतरों ने यात्रियों की जेबों पर हाथ डाल दिया।

स्कूलों की कराई जा रही साफ-सफाई, कल स्कूलों में होगा छात्र-छात्राओं का स्वागत

## प्राथमिक विद्यालयों को चमकाने में जुटे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूलों का ग्रीष्मावकाश खत्म हो गया। बच्चों का ग्रीष्मकालीन अवकाश 27 जून तक चलेगा। यानि कि बच्चे 28 जून से स्कूल आएंगे। इन दिनों जनपद के स्कूलों में शिक्षक और शिक्षिकाएं स्कूलों को चमकाने में लगे हैं।

विभाग की ओर से मिले आदेशानुसार इन दिनों स्कूलों में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र, अनुदेशक अपने विद्यालयों में शिक्षण कक्षों की सफाई, रसोईघरों की सफाई, स्कूल परिसर में जम चुकी घास की सफाई आदि कार्य कर रहे हैं। साथ ही दीवारों, खिड़कियों, फर्श पर जम चुकी धूल और अन्य गंदगी की सफाई कराकर स्कूल को साफ-सुथरा करने में लगे है। ताकि जब 28 जून को बच्चे स्कूल पहुंचें तो एक उत्सव जैसा माहौल उन्हें दिया जा सके। कई परिषदीय स्कूलों में मरम्मत का कार्य भी कराया जा रहा है, ताकि शिक्षण कार्य में दिक्कत न हो। मऊ स्थित प्राथमिक विद्यालय, काजीपुरा प्राथमिक विद्यालय, मूंढापांडे ब्लाक समेत अन्य विद्यालयों में साफ-सफाई का कार्य चल रहा है।



प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली में पौधों से घास निकालते शिक्षक डॉ. हरनन्दन प्रसाद।

- **28 जून को परिषदीय स्कूलों में दिखाई देगा उत्सव जैसा माहौल**
- **रोली-चंदन से होगा स्वागत**

### पेड़-पौधों की हो रही कटाई-छंटाई

स्कूलों में घास कटाई शुरू कराई जा रही है। बेतरतीब बढ़ चुके पेड़-पौधों की भी कटाई-छंटाई कराकर उन्हें सुंदर आकार देने कार्य चल रहा है। वहीं, 28 जून से शिक्षकों का समर कैंप भी शुरू किया जाएगा, जिसमें पर्यावरण संबंधी जानकारी और कार्य निर्धारण किया जाना प्रस्तावित है।

"28 जून को स्कूल खुलने पर जब बच्चे स्कूल पहुंचेंगे तो उनका उत्साहवर्धन करते हुए फूलों से उनका स्वागत किया जाएगा। परिषदीय स्कूलों को फूल-पत्तियों और गुब्बारों से सजाने के निर्देश भी प्रधान और इंचार्ज अध्यापकों को दिए गए हैं। पहले दिन स्कूल आने वाले बच्चों को मध्यान्ह भोजन में खीर अथवा हलवा खाने को दिया जाएगा।

–**अजीत कुमार**, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

# आज से नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 11 ट्रेनें रद

### तीन जुलाई तक रुड़की-देवबंद रेलखंड में किया जाएगा नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य, यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुरादाबाद रेल मंडल के रुड़की-देवबंद रेल खंड में गुरुवार से नॉन इंटरलॉकिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा। मंगलवार को रेल मुख्यालय ने रुड़की में एनआई के लिए ब्लॉक को मंजूरी दे दी थी। रेल खंड में नान इंटरलॉकिंग का काम सात दिन चलेगा। जिसके लिए रेलवे ने 27 जून से तीन जुलाई तक के लिए ब्लॉक लिया है।

जिससे ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ेगा। सहारनपुर, देहरादून समेत अन्य रूटों पर चलने वाली गाड़ियों को रद किया गया है। जबकि कई गाड़ियों को शार्ट टर्मिनेट कर और अन्य को बदले मार्ग से चलाया जाएगा। रेल प्रशासन के अनुसार मुख्यालय ने 27 जून से रुड़की नान इंटरलॉकिंग कार्य शुरु करने की मंजूरी दी है। बड़ौदा हाउस ने इसके लिए ब्लॉक मंजूर किया है। रुड़की- देवबंद सेक्शन में नान इंटरलॉकिंग कार्य होगा। इस एनआई से देवबंद के बीच कनेक्टविटी होगी। रेल अधिकारियों के अनुसार रुड़की में यार्ड रिमाडलिंग से देवबंद से आने वाली ट्रेनों के संचालन में सुधार होगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि रुड़की-देवबंद रेल खंड में नॉन इंटरलॉकिंग के लिए मुख्यालय ने मंजूरी दे दी है। यह कार्य 27 जून से शुरू होगा। ब्लॉक के चलते रेल यातायात में फेरबदल किया गया है। जिसके तहत 11 ट्रेनों को रद किया गया है। इसके अलावा चार ट्रेनों को समय बदलकर चलाया जाएगा। जबकि 18 ट्रेनों को बदले मार्ग से संचालित किया जाएगा।



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

### नहीं सुधर रहा ट्रेनों का संचालन

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : पिछले दो महीने ट्रेनों का संचालन सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। जिससे यात्री दुश्वारियों भरा सफर करने को मजबूर है। प्रतिदिन ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। ट्रेनों के समय पर नहीं पहुंचने से यात्रियों को सफर से ज्यादा स्टेशन पर ही समय बिताना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण दुश्वारियां झेलनी पड़ रही हैं। प्रतिदिन दैनिक व स्पेशल ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर न पहुंच कर यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन रही हैं। ज्यादातर ट्रेनें प्रतिदिन पांच से 10 घंटे की देरी से पहुंच रही हैं। जिसके कारण यात्रियों को सफर से ज्यादा स्टेशन पर ही समय काटना पड़ रहा है। बुधवार को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर लगभग 10 ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंची। जिसके चलते यात्री पूरा दिन परेशान रहे।

### ओआरएस का वितरण

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : बुधवार को उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन ने स्टेशन पर पॉइंट्समैन, ट्रैकमैन, सिग्नल विभाग स्टाफ तथा फील्ड में कार्य करने वाले रेल कर्मचारियों, लोको लॉबी सभी स्टेशन परिसर में सभी कार्यालयों में ओआरएस पैकेट का वितरण किया। इस मौके पर अध्यक्ष डा. श्वेता रघुवंशी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ इंद्रजीत कौर, सचिव डॉ. भानुप्रिया वधावन, कोषाध्यक्ष ज्योति आदि शामिल रहे।

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 05560 | दरभंगा समर स्पेशल | 14 घंटे पांच मिनट |
| 12331 | हिमगिरी एक्सप्रेस | चार घंटे 27 मिनट |
| 14009 | चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | 11 घंटे 22 मिनट |
| 05005 | अमृतसर समर स्पेशल | 36 घंटे 32 मिनट |
| 13009 | दून एक्सप्रेस | एक घंटा 13 मिनट |
| 04679 | एसएमवीडी कटरा स्पेशल | 17 घंटे 41 मिनट |
| 05586 | दरभंगा समर स्पेशल | नौ घंटे 53 मिनट |
| 14230 | प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | एक घंटा 19 मिनट |
| 14312 | आला हजरत एक्सप्रेस | एक घंटा 58 मिनट |
| 12524 | न्यू जलपाईगुड़ी सुपर फास्ट | दो घंटे 27 मिनट |
| 05656 | जम्मूतवी समर स्पेशल | 13 घंटे नौ मिनट |

### सिंचाई विभाग की टीम ने किया तटबंध का निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** सिंचाई विभाग की टीम ने जिले के अगापुर मंडौली तटबंध का निरीक्षण किया। वहां के रखरखाव और मानसून से पहले तटबंध और उसके आसपास के स्थलों की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद मानपुर पट्टी और उसके आसपास के लगभग चार से अधिक गांवों में कोसी नदी में ओवर फ्लो हो जाने की वजह से बाढ़ प्रभावित होने के खतरे से बचाव के लिए खाका तैयार किया।

मानपुर पट्टी के गांव के कुछ किसान नेताओं ने जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से मिलकर बताया था कि मानपुर पट्टी के सामने बने साइफन के बंद होने से पानी नदी में ज्यादा आ जाता है। जिसकी वजह से मानपुर पट्टी के अलावा लगभग चार गावों में बाढ़ के हालात बन जाते हैं। उनकी मांग थी की साइफन के पास ही रेग्युलेटर वाल्व सिस्टम लग जाए तो दिक्कत कम हो जाएगी। जिसके क्रम में बुधवार दोपहर सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता आरपी सिंह ने मानपुर पट्टी जाकर साइफन और उसके आसपास का निरीक्षण किया।

## शादी समारोह में खाना खाने से बिगड़ी 50 लोगों की हालत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** जनपद के बिलारी कोतवाली क्षेत्र में एक शादी समारोह में खाना खाने के बाद लोगों की हालत बिगड़ गई। 50 से अधिक लोगों को उल्टी दस्त होने लगे। हालत बिगड़ने पर सभी एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां इलाज कराना कराया गया। इसी बीच एंबुलेंस के अलावा 112 नंबर पुलिस को भी सूचना दी। जिसके बाद सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनका इलाज कराया गया।

थाना बिलारी के गांव सिहाली माला में रहने वाले अमर सिंह की बेटी संगीता की बरात संभल के अमावती गांव से आई थी। शाम छह बजे बरात आने के बाद रात नौ बजे बराती और घरातियों ने खाना खाया। खाना खाने के लगभग एक घंटे बाद ही सभी को उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हो गई। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस के साथ डायल 112 भी मौके पर पहुंची और सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई। जहां डॉक्टरों ने सभी को ड्रिप चढ़ाकर दवा दी। वहीं सुबह हालात सुधरने पर सभी को घर वापस भेज दिया गया। चिकित्साधीक्षक डॉ. हरीश चंद्रा ने बताया कि शादी समारोह में खाना खाने के बाद फूड प्वॉइजनिंग के 20 मरीजों को रात में ही छुट्टी दे दी गई, जबकि चार मरीजों की हालत गंभीर होने पर उन्हें भर्ती किया गया। जबकि एक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### फूड इंस्पेक्टर ने लिए नमूने

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : शादी समारोह में खाना खाने के बाद 50 लोगों के फूड प्वॉइजनिंग की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के इंस्पेक्टर राजीव वर्मा टीम के साथ सिहाली माला गांव पहुंचे। उन्होंने खाने का सैंपल भरा और जांच के लिए भेज दिया। फूड इंस्पेक्टर राजीव वर्मा ने बताया कि लौकी की लोज, काले रसगुल्ले, पनीर की सब्जी का सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे है।

### गांव में लगा स्वास्थ्य कैंप

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : फूड प्वॉइजनिंग की घटना के बाद चिकित्सा अधीक्षक हरीश चंद्रा की अगुवाई में बुधवार को गांव में स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। चिकित्सक की टीम ने लगभग 45 मरीजों का चेकअप करके उन्हें दवा दी। फिलहाल इलाज के बाद सभी की हालत सही बताई जा रही है।

### जिस्म फरोशी के आरोप में महिला सहित चार गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : काशीपुर में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने जिस्म फरोशी के धंधे में लिप्त ठाकुरद्वारा की महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट रुद्रपुर (उत्तराखंड) की यूनिट ने मुखबिर की सूचना पर काशीपुर के एक होटल में छापेमारी के दौरान चार आरोपियों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा। जिसमें संजीव, इंद्र सिंह बोरा, शादाब व ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि संचालक द्वारा होटल में देह व्यापार कराया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।




सीबीएसई के सम्मानित मेधावी छात्राओं के साथ अग्निशमन अधिकारी केके ओझा व अन्य। ● अमृत विचार

## सीबीएसई के मेधावियों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सेंट मीरा एकेडमी कांशीराम शाखा में बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सीबीएसई के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में आए टॉपर छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि अग्निशमन अधिकारी केके ओझा रहे। उन्होंने कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर स्कूल की निदेशिका अक्षरी प्रकाश ने इंटरमीडिएट और हाईस्कूल में टॉपर विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल, प्रशस्ति-पत्र और उपहार देकर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। इसमें विद्यालय की 12वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान तुषार कुमार (92.8 प्रतिशत), द्वितीय स्थान सोनाली (92.6 प्रतिशत) और तृतीय स्थान विक्की पाल (91.8 प्रतिशत) ने प्राप्त किया। वहीं 10वीं की परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों में प्रथम स्थान अनुष्का राय (98 प्रतिशत) द्वितीय स्थान महक चौहान (97 प्रतिशत) और तृतीय स्थान भानु प्रताप सैनी (96.80 प्रतिशत) को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या पारुल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या श्वेता सेठी, सहायक उप प्रधानाचार्या रिचा अग्रवाल, तनु विश्नोई मौजूद रहे।

### घर में घुस कर मारपीट करने का आरोप

**मैनाठेर, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के लालपुर गंगवरी में चाचा के घर गए युवक पर गांव के ही कुछ लोगों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। लालपुर गंगवरी निवासी आरिफ ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि सोमवार को वह गांव में ही अपने चाचा के घर गया था। तभी गांव के कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर चाचा के घर में घुस आए और गालीगलौज करते हुए मारपीट शुरू कर कर दी। आरोप है आरोपियों ने पीड़ित और उसके चचेरे भाई पर लाठी-डंडे और चाकू से हमला कर दिया। जिसमें पीड़ित घायल हो गया। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## मंडल को बालश्रम मुक्त कराने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने मंडल को नशा मुक्त व बालश्रम मुक्त कराने पर जोर दिया। साथ ही अधिकारियों को बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निर्देश दिया।

सर्किट हाउस में बुधवार को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा हुई। इसमें अपर आयुक्त, मंडल के समस्त जनपदों के प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप निदेशक, समाज कल्याण आदि मौजूद रहे। इसमें उन्होंने महिलाओं व बच्चों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की।



सर्किट हाउस सभागार में बैठक में जानकारी लेते राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा, साथ में अधिकारी। ● अमृत विचार

बैठक में बाल भिक्षावृत्ति, बालश्रम, एक युद्ध नशे के विरुद्ध, आईसीडीएस विभाग व चिकित्सा विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। निराश्रित महिला अनुदान विधवा पेंशन, बाल सेवा योजना कोविड सामान्य, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं स्पांसरशिप योजना के बारे में फीडबैक लेकर बच्चों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। मंडल को नशामुक्त और बालश्रम मुक्त कराने के लिए अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम व अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**परेशानी** रामगंगा विहार कॉलोनी में बारिश से पहले काम पूरा नहीं, बरसात में होगी दिक्कत

# सीवरेज का काम अधूरा, जलभराव की आशंका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** बारिश ने दस्तक दे दी है। तीन दिनों से छिटपुट बारिश का क्रम चल रहा है। जबकि 28 जून से मानसून सक्रिय होने पर मूसलाधार बारिश में महानगर में जलभराव की स्थिति हो सकती है। वहीं रामगंगा विहार में सीवर लाइन के अधूरे कार्य से लोगों में नाराजगी के साथ ही बरसात में होने वाले संभावित जलभराव की आशंका भी बनी है। अभी भी सड़क के गड्ढों के चलते आवाजाही में परेशानी हो रही है।

महानगर की रामगंगा विहार कॉलोनी में लंबे समय से सीवर पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है। इसके चलते सड़कें भी टूटी हैं। सड़क किनारे खोदे गए गहरे गड्ढों के चलते कहीं पेयजल की पाइप लाइन टूटने से पानी बह रहा है तो अब बारिश की दस्तक से जलभराव की आशंका भी लोगों को बन गई है। सीवर पाइप लाइन काम के चलते रामगंगा पुलिस चौकी तक एक तरफ का रास्ता बिल्कुल बंद पड़ा है। जिससे स्थानीय लोगों और दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभी तो हल्की बारिश में सड़क पर कीचड़ से लोग परेशान हैं तो मानसून सक्रिय होने पर सड़कों के धंसने और जलभराव के बीच आवाजाही कैसे होगी इसको लेकर लोग चिंतित हैं।

स्थानीय कॉलोनी में कपड़ा प्रेस वाले राजू का कहना है कि सीवर पाइप लाइन के काम के चलते सड़कों की स्थिति काफी खराब हो गई है। मिट्टी व धूल उड़ने से पहले सभी परेशान थे। अब बारिश होने पर कीचड़ में होकर गुजरना पड़ेगा। काम के चलते दुकान पर ग्राहक भी कम आ रहे हैं। कपिल का कहना है कि वह सड़क किनारे सब्जी बेचने का काम करता था। लेकिन सीवर पाइप लाइन के काम के चलते दुकान बंद करनी पड़ी।



दीनदयाल नगर में सीवर लाइन कार्य के चलते खोदकर छोड़ा गया गड्ढा। ● अमृत विचार

### दरवाजे पर कार खड़ी करने के विवाद में पड़ोसी ने महिला को पीटा

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** कोतवाली थाना क्षेत्र में दरवाजे के सामने कार खड़ी करने का विरोध करने पर पड़ोसी ने महिला के साथ जमकर मारपीट की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के चौड़ा कुंआ पटपट सराय निवासी भगीरथी ने तहरीर में बताया है कि उनके पड़ोसी सागर, जतिन और कमला आए दिन उनके घर के सामने कार खड़ी करते हैं। आरोप है कि 20 जून को महिला ने इसका विरोध किया तो तीनों ने एकसाथ घर में घुसकर मारपीट की है। धमकी देकर मौके से भाग गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उमस भरी गर्मी ने छीना चैन बिजली कटौती ने उड़ाई नींद

संवाददाता, मैनाठेर

- **अघोषित कटौती से रातभर परेशान रहे उपभोक्ता**
- **15 हजार से अधिक को बिजली संकट से जूझना पड़ा**


**अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के नगर महमूदपुर माफी में भीषण गर्मी में बढ़ती बिजली की किल्लत ने लोगों को परेशान कर दिया है। मंगलवार रातभर बिजली कटौती ने लोगों की नींद उड़ा दी। जिससे नगर के 15 हजार से अधिक लोगों को बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है।

कस्बा महमूदपुर माफी के विधुत उपकेंद्र के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की मनमानी से उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ता विधुत उपकेंद्र शिकायत लेकर जाते है तो आरोप है कि उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। इतनी भीषण गर्मी में बीते दो दिन से बिजली आपूर्ति ठप होने से लोग परेशान हैं तो वही छोटे बच्चे गर्मी से बेहाल हैं। दिन में भीषण गर्मी और रात में मच्छरों की वजह से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। बुधवार को भी नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली गुल रही।

वहीं इस संबंध में उपखंड अधिकारी संभल ने बताया कि विधुत उपकेंद्र महमूदपुर माफ़ी में ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली की समस्या है। जल्द हर ट्रांसफार्मर बदला जाएगा और लोगों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी।

### इलेक्ट्रिक बसों के लिए मांगा 240 किलोवाट का कनेक्शन

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : इलेक्ट्रिक बसों के कुशल संचालन को रोडवेज ने ग्राउंड लेबल पर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। चार्जिंग स्टेशन को रोडवेज ने बिजली अधिकारियों को पत्र भेजकर 240 किलोवाट के कनेक्शन लेने की बात कही है। मुरादाबाद डिपो की ओर से एक पत्र डिवीजन प्रथम को भेजा गया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने कहा कि 20 किलोवाट से ऊपर के कनेक्शन निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदन करना होगा। एसडीओ कैल्टन यूबी कुशवाहा ने बताया कि पोर्टल पर आनलाइन आवेदन के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### बुलेट से तेज आवाज निकालने में पुलिस ने तीन युवकों को पकड़ा

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस ने सड़कों पर बुलेट के साइलेंसर से पटाखों की आवाज करने में तीन युवकों को पकड़ लिया। पुलिस ने बुलेट को सीज कर दिया है। तीनों युवक काफी समय से रोड पर तेज आवाज कर लोगों को परेशान कर रहे थे। बुधवार को जोया रोड पर तीन युवक बुलेट दौड़ा रहे थे और साइलेंसर से तेज आवाज निकाल रहे थे। इसके साथ-साथ वह सड़कों पर शोर भी मचा रहे थे। इसी दौरान किसी ने उनकी सूचना पुलिस को दे दी। बुधवार को पुलिस ने तीनों युवकों को बुलेट के साथ पकड़ लिया और बुलेट को सीज कर दिया। इसके अलावा चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने कई वाहनों से ब्लैक फिल्म को उतारा।

### विद्युत विभाग के लिपिक की मुख्यमंत्री से शिकायत

**हसनपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विद्युत विभाग के कार्यालय में तैनात लिपिक के खिलाफ अभद्रता एवं गाली गलौज का आरोप लगाते हुए शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद के नगर अध्यक्ष राधेलाल अग्रवाल द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आरोप लगाया गया है कि वह किसी कार्य के लिए विद्युत विभाग कार्यालय गए थे। वहां पर तैनात लिपिक शिवम रस्तोगी द्वारा उनके साथ अभद्रता एवं गाली गलौज की गई। और धमकी दी कि तुम कहीं भी मेरी शिकायत कर लो मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। झूठा मुकदमा लगाकर जेल भिजवा दूंगा। वहीं कार्यालय में तैनात लिपिक शुभम रस्तोगी ने सभी आरोपी को गलत बताया।

### लापरवाही में ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने कार्य में लापरवाही मामले में हसनपुर ब्लॉक के गांव पंचायत अधिकारी विपिन कुमार को निलंबित कर दिया है। डीपीआरओ ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी को विकास कार्यों को समय से पूरा करने के आदेश दिए थे। लेकिन ग्राम पंचायत अधिकारी न तो ग्राम में मौजूद रहे और नहीं फोन उठाते थे। उन्होंने बताया कि उनकी शिकायत मिल रही थी। ग्राम पंचायत अधिकारी की जांच अपर जिला पंचायत राज अधिकारी विमल कुमार को दी गई थी। स्पष्टीकरण न देने और आदेशों की अवहेलना के चलते निलंबन की कार्रवाई की गई है। डीपीआरओ की कार्रवाई से ब्लॉक के अन्य कर्मचारियों में खलबली मच गई है।

### वीडियो वायरल करने वाले सिपाही का नहीं लगा सुराग

**गजरौला, अमृत विचार :** जिस सिपाही ने बृजघाट गंगा में आत्महत्या करने की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। उस सिपाही की गजरौला थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। लेकिन सिपाही का अभी कहीं कुछ पता नहीं चल सका है। मुरादाबाद में पीएसी में तैनात सिपाही सुरेश मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव पपसरी खादर क्षेत्र का रहने वाला है।

तीन दिन पहले सिपाही ने बृजघाट पहुंचकर वीडियो वायरल की थी। आरोप है कि एक युवती सिपाही पर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज करा रही है। सिपाही वीडियो में अपने को बेकसूर बता रहा है। सिपाही के परिवार वालों ने गजरौला थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। वहीं सिपाही के परिवार वाले पुलिस के साथ तलाश करने में लगे हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और तलाश की जा रही है।

# सुल्तान ने उत्तराखंड के टाइगर को किया चित

## दंगल में हजारों लोगों ने पहलवानों का बढ़ाया हौसला, उझारी के इस्तखार ने छोटे को हराया

संवाददाता, सैदनगली/ उझारी

**अमृत विचार :** हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स में चल रहे दाऊदिया दंगल में पहलवानों ने दांव दिखाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दर्शकों ने भी तालियों की गड़गड़ाहट से उनकी हौसला अफजाई की।

उझारी में हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स में मशहूर पहलवानों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रमुख रूप से लकी थापा ने शमशेर गोरखपुर को, सुल्तान पहलवान देवा शरीफ ने टाइगर पहलवान उत्तराखंड को, आलम पहलवान रतनपुर ने सूरज पहलवान बक्सर को, अजीत दास पहलवान अयोध्या ने मेंटल पहलवान आगरा को, शैतान पहलवान ने गोलू पहलवान बनारस को, इस्तखार पहलवान उझारी ने छोटे पहलवान गोरखपुर को, भूपेंद्र पहलवान नेपाल ने राजू पहलवान को, जावेद गनी पहलवान जम्मू ने शैतान पहलवान आगरा को, जल्लाद सिंह पहलवान ने लकी थापा नेपाल को, मस्ताना पहलवान ने बॉबी पहलवान ढवारसी को हराकर अपनी जीत दर्ज कराई। जैसे ही जल्लाद पहलवान ने लकी थापा को पराजित किया, जनता में खामोशी छा गई और जनता की मांग पर दोनों में फिर से कुश्ती कराई गई। तब लकी थापा पहलवान नेपाल ने जल्लाद सिंह पहलवान को पटकने देकर अपनी हार का बदला चुकता कर लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से इफ्तिखार उल हसन, अदनान महल, अलाउद्दीन सैफी, फैयाज खान उर्फ कलवा पहलवान, शादाब मंसूर, मोहम्मद कासिम, मोबीन अहमद, वहाब अहमद, हाजी कल्लन, भूरा मिस्त्री आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका गुड्डू पहलवान गोरखपुर ने एवं एनाउंसर की भूमिका मुन्ना टाइगर पहलवान ने निभाई।

**दंगल**

- लकी थापा और जल्लाद में दो बार हुई जोर आजमाइश
- अयोध्या के अजीत दास ने आगरा के मेंटल को हराया


उझारी में दंगल के दौरान दांव आजमाते पहलवान। ● अमृत विचार


उर्स में कव्वाली पेश करता कव्वाल। ● अमृत विचार

### दरगाह पर लगा अकीदतमंदों का तांता, मांगी मन्नत

**सैदनगली/ उझारी, अमृत विचार :** नगर में चल रहे हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स में अकीदतमन्दों का तांता लगा हुआ है। लोग तबरुक एवं चादर पोशी करके मन्नत मांग रहे हैं। महफिल में कव्वालों ने जायरीनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जनपद अमरोहा के नगर पंचायत उझारी में हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स में मंगलवार रात 12 पर इमाम शाह का कुल संपन्न हुआ। जिसमें कारी महताब आलम सकलैनी ने दुआ कराई। नैनीताल से मशहूर कव्वाल आसिफ मलिक ने कव्वाली पेश की। अकीदतमंदों ने दरगाह पर तबरुक एवं चादर पेश करके मन्नत मांगी, तो युवाओं एवं बच्चों ने खेल तमाशों का भरपूर आनंद लिया। महिलाओं ने मीना बाजार से खरीदारी की। इस अवसर पर मुख्य रूप से उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर उर्फ हकीम चमन, इफ्तिखार उल हसन, फहीम महल, अदनान महल, मास्टर असद, कारी मुर्सलीन, अलाउद्दीन सैफी, हाजी बब्बन, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद आमिर, तबरेज आलम, भूरे मिस्त्री, हाजी कल्लन आदि लोग मौजूद रहे।


बाजार की बोली के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# चौधरपुर में बाजार का 20 लाख रुपये में हुआ ठेका

संवाददाता, चौधरपुर


**अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली क्षेत्र गांव चौधरपुर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार की बुधवार को नीलामी हुई। जिसमें सबसे अधिक बोली मुशर्रफ अली की रही।

ग्राम पंचायत भवन में इकट्ठा हुए बोलीदाताओं से 1,00,000 रुपये की जमानत राशि जमा कराई गई। बोली लगने से पहले ग्राम विकास अधिकारी विजेंदर त्यागी ने नियम और शर्तें बताते हुए कहा कि नीलामी ठेके की धनराशि स्वीकृत ठेकेदार तीन किस्तों में ग्राम निधि के खाते में जमा कराएगा। तहबाजारी की वसूली शासन दर कई सूची के अनुसार वसूली की जाएगी। नीलामी की अवधि 31 मार्च 2025 को समाप्त हो जाएगी। आखिर में 20 लाख 21 हजार रुपये में मुशर्रफ अली की बोली के बाद ठेका हो गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मकबूल चौधरी, नूर मोहम्मद, बाबू अली, मोहम्मद अली, सद्दाम हुसैन, इलियास, अकबर अली, शाहिद अली आदि मौजूद रहे।

### चिकित्सक के घर से जेवरात चोरी, तहरीर दी

**अमरोहा, अमृत विचार :** चिकित्सक के घर की अलमारी से जेवर चोरी हो गए। पीड़ित ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर कोतवाली के मोहल्ला चिल्ला में चिकित्सक वासिफ अली खान का परिवार रहता है। मोहल्ला बसवानगंज में उन्होंने खान ऑप्टिकल के नाम से क्लीनिक खोल रखा है। घर में नीचे उनकी मां के अलावा छोटे भाई का परिवार रहता है जबकि पहली मंजिल पर वह खुद परिवार के साथ रहते हैं। आरोप है कि कि 23 जून को वह पत्नी व बच्चों के साथ कार्यक्रम में गए थे। उनकी गैर मौजूदगी में उनके घर में घुसे चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी से जेवर चोरी कर लिए। बुधवार को पत्नी ने सामान निकालने के लिए अलमारी खोली तो जेवरात नहीं थे। पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली में तहरीर दी है।


यूनिपोल पर लटका सांप। ● अमृत विचार

# यूनिपोल पर चढ़ा सांप देखने वालों की लगी भीड़

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नगर पालिका के यूनीपोल पर बुधवार को एक सांप चढ़ गया। यूनीपोल पर चढ़े सांप को देखने वालों की भीड़ लग गई।

अमरोहा नगर कोतवाली क्षेत्र के लकड़ा चौराहे पर नगर पालिका का यूनीपोल लगा है। मंगलवार रात यूनीपोल पर एक सांप चढ़ गया। यूनीपोल पर चढ़े सांप को देखने वालों की भीड़ लग गई और रोड पर भी जाम लग गया। दो घंटे तक सांप यूनीपोल पर लटका रहा। जिसको देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।

सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची ने किसी तरह जाम खुलवाया और वन विभाग की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप को पकड़ा और उसको जंगल में ले जाकर छोड़ दिया।

## सार-संक्षेप


लाइब्रेरी का उद्घाटन करते प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह।

### लाइब्रेरी से युवाओं को मिलेगी मदद

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार को ग्राम मटीपुरा के निकट हसनपुर-रहरा मार्ग पर स्थित शिव लाइब्रेरी का उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि यशपाल सिंह जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमरोहा, ग्राम प्रधान अरुण कपासिया एवं अजीत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उन्होंने लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने किताबें और वाई-फाई की व्यवस्था देखकर कहा लाइब्रेरी से युवाओं को काफी सहूलियत होगी। यशपाल सिंह ने कहा सही मार्गदर्शन के अभाव में युवा किताबों से दूर होकर मोबाइल के करीब हो गए हैं। ऐसे में लाइब्रेरी से उन्हें काफी मदद मिलेगी। प्रत्येक गांव और शहर में ऐसी लाइब्रेरी होनी चाहिए ताकि युवाओं को चीजों का सही ज्ञान हो सके और वह देश को आगे बढ़ने में मदद कर सकें। ग्राम प्रधान अरुण कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कम से कम 50 पुस्तकालय से विकसित होने चाहिए। इस मौके पर संचालक सुभाष गुर्जर, सोनू, रिंकू नेता, उदय, राजीव, गुरमीत, राजवीर आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया पौधरोपण

**मंडी धनौरा/ बछरायूं, अमृत विचार :** बुधवार को बछरायूं भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित आर्य ने कार्यकर्ताओं के साथ मोहल्ला पीरजादगान में नीम ,जामुन, पिलखन आदि पौधों का रोपण किया। रोहित आर्य ने बताया कि जीवन में वृक्षों का महत्व जानना होगा और अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। जिससे वातावरण व पर्यावरण भी सुधरेगा और बारिश भी ज्यादा होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि अगर प्रकृति को सुरक्षित रखना है, तो अधिक से अधिक पौधे लगाएं। जिससे बढ़ रहा प्रदूषण नियंत्रण होगा व जीवन को एक नई ऊर्जा प्राप्त होगी। संकल्प लेना चाहिए कि एक पौधा जरूर लगाएं। इस अवसर पर सुनिल कुमार, कपिल, मनीष, राहुल, पंकज, रोहताश आदि मौजूद रहे।


मंडी धनौरा में पौधरोपण करते मंडल अध्यक्ष भाजपा व अन्य।

### अंकुश ने नेपाल में 100 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड

**अमरोहा, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के अंकुश ने नेपाल के पोखरा में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की 100 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता है। ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव सलारा निवासी अंकुश शर्मा पुत्र उमेश शर्मा ने रविवार को नेपाल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की 100 मीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त कर जिले व गांव का नाम रोशन किया है। पदक जीतकर लौटने पर उनका स्वागत किया। अंकुश ने इंडो-नेपाल इंटरनेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। नेपाल के स्टेडियम पोखरा में आयोजित इंडो-नेपाल इंटरनेशनल चैंपियनशिप की दौड़ स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। अंकुश ने कहा कि आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर पदक जीतने की पूरी कोशिश जारी रहेगी।


मेडल व ट्राफी दिखाता अंकुश।

### दहेज के मामले में पति समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। इस मामले में पति समेत चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नीली खेड़ी निवासी राम कुंवर सिंह ने अपनी बेटी बीना की शादी 2022 में मुरादाबाद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी कुलदीप के साथ की थी। शादी में हैसियत के अनुसार सामान भी दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं हुए और शादी के बाद से ही विवाहिता को प्रताड़ित किया जाने लगा। जब उनकी मांग को पूरा नहीं किया गया तो अंत में विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता के पिता का आरोप है पुत्री के ससुराल वाले दो लाख रुपयों की मांग कर रहे थे। जिसको लेकर आए दिन विवाहितों को प्रताड़ित किया जाता था। विवाहित इस समय अपने मायके में है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कुलदीप, करण सिंह, संजीव, प्रियंका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाकियू ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

**अमरोहा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित पार्क में धरना दिया। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। समस्याओं को लेकर सात सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को दिया। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी उम्मेद सिंह के नेतृत्व में यूनियन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर एकत्र होकर किसानों की समस्याओं को लेकर धरना दिया। उन्होंने शासन और प्रशासन पर किसानों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं दी जा रही है। छुट्टा पशु खेतों में किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। फसलों की सिंचाई के लिए नहरो में पानी नहीं है। जिस कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धरने में राकेश गिल, रविंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, कृष्णपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र में छुट्टा पशुओं से किसान त्रस्त, फसलों को कर रहे बर्बाद

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। वहीं जिम्मेदार अधिकारी किसानों की आवाज को अनसुना कर रहे हैं। छुट्टा पशुओं से बचाव से के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गोशालाओं का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन छुट्टा पशुओं के झुंड खेतों में पहुंचकर फसलों को नष्ट कर रहे हैं। किसान फसलों की रखवाली में दिन रात लगे हुए हैं।

इसके बावजूद भी अपनी मेहनत की कमाई की फसलों को नहीं बचा पा रहे हैं। छुट्टा पशु झुंड बनाकर मार्गों पर बैठे रहते हैं। पशु किसानों एवं ग्रामीणों पर हमला कर रहे हैं और किसानों एवं राहगीरों को घायल कर रहे हैं।

छुट्टा पशुओं के हमले से क्षेत्र में कई मौतें भी हो चुकी हैं। कई बार किसान संगठनों द्वारा ज्ञापनों के मध्यम से अधिकारियों को अवगत भी कराया जाता है। लेकिन हर बार किसानों के साथ अनदेखी हो रही है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी में ओमी सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह की बाजरा की फसल को पशुओं के झुंड बर्बाद कर रहे हैं। इसके अलावा और भी बहुत से किसान हैं। जिनकी फसल खराब हो रही है।


खेत में छुट्टा पशुओं का झुंड। ● अमृत विचार


छुट्टा पशुओं ने किसानों की फसलों को बर्बाद कर रखा है। आए दिन छुट्टा पशु किसी न किसी पर हमला कर घायल कर देते हैं। किसान रात दिन मेहनत करके खेतों में पड़ा रहता है। लेकिन जिम्मेदार मौन बैठे हुए हैं। -कुलदीप त्यागी, सिरसा कलां


हसनपुर तहसील क्षेत्र में इस समय छुट्टा पशुओं का आतंक इस कदर है कि खेतों पर जाते हुए भी किसानों को डर लगता है। छुट्टा पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर उन पर हमला करके उन्हें घायल कर रहे हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से मौन है। -ठाकुर महेश सिंह, तहसील अध्यक्ष भाकियू टिकैत


किसानों की समस्या को प्रशासनिक अधिकारियों के सामने संगठन के द्वारा रखा जाता है। लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिलता। पशुओं की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। अगर जल्द इसका समाधान नहीं हुआ, तो किसान आंदोलन करने को बाध्य होंगे। -योगेंद्र सिंह, भाकियू शंकर


किसान छुट्टा पशुओं के कारण रात दिन खेतों पर रहना पड़ रहा है। वहीं छुट्टा पशुओं के हमले से कई किसानों की मौत भी हो चुकी हैं। लेकिन प्रशासन इन्हें पकड़वाने का कोई इंतजाम नहीं कर रहा है। -टीटू त्यागी, ब्लाक अध्यक्ष भाकियू टिकैत


छुट्टा पशुओं के हमले से कई किसान गंभीर रूप से घायल हो गए और कई किसानों की मौतें भी हो चुकी हैं। लेकिन इन्हें गोशाला भिजवाने के नाम पर कोई अधिकारी तैयार नहीं है। -पंकज ठाकुर, किसान गंगेश्वरी

**तैयारी** शुक्रवार से विद्यालयों में आएंगे छात्र-छात्राएं, पहले दिन किया जाएगा स्वागत

# परिषदीय स्कूलों में कल से होगा छात्र-छात्राओं का प्रवेश

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टियां खत्म होने के बाद मंगलवार से परिषदीय स्कूल खुल गए हैं। इसके साथ ही शिक्षकों ने स्कूलों में छात्रों के आगमन की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। कल से बच्चों का प्रवेश शुरू हो जाएगा।


शिक्षिका रेखा

इससे पहले शिक्षकों ने स्कूल पहुंचकर विद्यालय में कक्षाओं, पानी की टंकी, रसोई, शौचालय आदि की व्यवस्था को दुरुस्त कराया। शुक्रवार को बेसिक स्कूलों में छात्र-छात्राओं का पहला दिन रहेगा। इसके पहले शिक्षकों के लिए स्कूलों को सजाने का निर्देश जारी किया गया है। स्कूल पहुंचने पर छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। खीर एवं हलवा मध्यांह भोजन में परोसा जाएगा। बीएसए ने प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए हैं। पहले दिन बच्चों को आसपास के प्राकृतिक जगहों का भ्रमण कराने के साथ पर्यावरण से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इसके बाद 28 जून और 29 को छात्रों का प्रवेश विद्यालय में समर कैंप के साथ होगा। इनमें बच्चों को पर्यावरण, ऐतिहासिक, भौगोलिक और हस्तशिल्प से संबंधित जानकारी दी जाएगी। दो दिन स्कूल सुबह साढ़े सात से 10 बजे तक चलेंगे। एक जुलाई से स्कूलों का समय सुबह साढ़े सात से दोपहर डेढ़ बजे तक होगा। वहीं, स्थानीय ब्लाक के 28 परिषदीय स्कूलों में एक जुलाई से पूरा कार्य आनलाइन से किया जाएगा। सलेमपुर गोसाई, सकरथली, रहदरा, सिहाली गोसाई, नौनेर, नाईपुरा कुदैना चक आदि स्कूलों में टैबलेट भी पहुंच गए हैं। अब शिक्षकों की आनलाइन हाजिरी लगेगी। साथ छात्र-छात्राओं की भी आनलाइन हाजिरी भरी जाएगी।

इसके अलावा शिक्षण से जुड़ा पूरा कार्य आनलाइन किए जाएगा। क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाई में स्थित परिषदीय स्कूल की इंचार्ज अध्यापिका रेखा सिंह ने बताया कि पहले दिन छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्कूल में स्वागत किया जाएगा। वहीं, खीर एवं हलवा परोसा जाएगा। वहीं, छात्र-छात्राओं को दो दिन बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियों से अवगत कराया जाएगा।


सलेमपुर गोंसाई स्थित प्राथमिक विद्यालय में सफाई करते शिक्षक।

### 29 जून को आईटीआई में लगेगा रोजगार मेला

**अमरोहा, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 29 जून को रोजगार मेला लगेगा। मेले में गाजियाबाद व नोएडा की कंपनियों के प्रतिनिधि आएंगे।

बुधवार को जिला सेवायोजन कार्यालय के लिपिक श्रीराम मिश्रा ने बताया कि कैलसा रोड गांव केशोपुर में स्थित राजकीय औद्योगिक संस्थान में 29 जून को सेवायोजन कार्यालय की ओर से रोजगार मेला लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में गाजियाबाद और नोएडा की कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे एवं शिक्षित बेरोजगारों का इंटरव्यू लेने के बाद उनका रोजगार का अवसर देंगे। मेले में आईटीआई, हाई स्कूल, इंटरमीडिएट और स्नातक अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

संवाददाता, हसनपुर

**विवाद**

- दावत से लौट रहे पिता-पुत्रों पर युवकों ने किया हमला
- पुलिस ने पीड़ितों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में दावत खाकर लौट रहे पिता-पुत्रों को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

बुधवार दोपहर बाद कोतवाली क्षेत्र के गांव सिंगरौली मिलक निवासी खूबचंद अपने तीन बेटों को साथ लेकर गांव में ही लल्लू सिंह के पुत्र कमल सिंह के यहां की दावत खाकर लौट रहे थे। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही अन्य युवकों ने रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान खूबचंद पुत्र छिद्दा व गजेंद्र, नेमचंद, वेद प्रकाश पुत्र खूबचंद बुरी तरह घायल हो गए। घायल हालत में पीड़ित कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। दरोगा ओम प्रकाश ने बताया कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की
सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

# बिजली गिरने से महिला समेत तीन की मौत

## खेत पर काम कर रहे लोगों के साथ हुए हादसे, बिजली कड़कने की आवाज से आसपास के लोग भी सहमे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** जनपद में बरसात के दौरान बिजली गिरने से अलग-अलग जगहों पर खेत में काम करते समय एक महिला व दो युवकों सहित तीन की मौत हो गई। वहीं खेत पर काम कर रहे मजदूरों को भी पानी में काम करते समय तेज करंट लगा।



मालती की फाइल फोटो।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर संदल निवासी नरेश व उसकी पत्नी 34 वर्षीय मालती देवी बुधवार की सुबह सात बजे बरसात के बीच गांव के ही प्यारेलाल के खेत में मजदूरी पर धान की पौध की रोपाई करने गये थे। गांव के ही कई अन्य मजदूर भी खेत पर काम कर रहे थे। बरसात के दौरान साढ़े दस बजे अचानक से तेज आवाज के साथ बिजली कड़की ,जिससे मालती देवी गंभीर रुप से झुलस गई। बिजली कड़कने की तेज आवाज सुनकर अन्य मजदूर सहम गए तथा मौके से भाग खड़े हुए। आनन फानन में परिजन मालती को उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर मालती देवी का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।



महिला की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार



युवक की मौत के बाद परिजनों से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

### बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे युवक की मौत

**संभल, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र के गांव में धान की रोपाई करने के लिए बरसात का पानी रोकने खेत में गए युवक की बिजली गिरने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने परिजनों को युवक की मौत होने की सूचना दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव विक्रमपुर ताहरपुर निवासी राहुल 25 वर्ष बुधवार को खेत तैयार कर उसमें धान की पौध की रोपाई कराने की तैयारी कर रहा था। सुबह 11 बजे के आसपास बरसात होने लगी। राहुल बरसात का पानी खेत में रोकने के लिए मेड़ लगाने गया था। यहां पहुंचने के बाद अचानक राहुल पर वज्रपात हो गया। राहुल झुलसकर खेत में गिर गया। बरसात बंद होने के बाद खेतों पर काम करने जा रहे ग्रामीणों ने राहुल को खेत में पड़ा देखकर उसके परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने देखा तो राहुल मृत अवस्था में मिला।



राहुल का फाइल फोटो।

### युवक का शव खेत में मिला ,वज्रपात से मौत की आशंका

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र में मक्का फसल की रखवाली करने गए युवक का शव बरसात के दौरान खेत में पड़ा मिला। बरसात के दौरान बिजली से मौत की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। थाना क्षेत्र के गांव अमावती निवासी महेश का 25 वर्षीय पुत्र मनोज बुधवार की सुबह मक्का फसल की रखवाली करने गया था। सुबह दस बजे के आसपास हुई बरसात के दौरान भी मनोज खेत में ही था। बरसात बंद होने के बाद खेतों पर काम करने जा रहे ग्रामीणों ने देखा तो मक्का की फसल में मनोज बेहोश अवस्था में खेत में पड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उपचार के लिए मनोज को लेकर पास के ही निजी अस्पताल आ गए। यहां डॉक्टर ने देखते ही मनोज को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन मनोज का शव लेकर घर आ गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर मनोज का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। महेश ने बताया कि वज्रपात से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मौत का सही कारण जानने के लिए सूचना देकर पुलिस से शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

## एक नजर

### नगर पंचायत के कर समाहर्ता का निधन, शोक व्याप्त

**बबराला अमृत विचार :** नगर पंचायत के कर समाहर्ता ( टैक्स कलक्टर ) सत्यराम सिंह ( 58 वर्ष ) का निधन हो गया। निधन की सूचना पर नगर पंचायत कार्यालय बंद रहा। गांव कैल निवासी सत्यराम सिंह बुधवार सुबह नगर पंचायत कार्यालय आने की तैयारी कर रहे थे। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन डॉक्टर के पास ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि मौत हो गई। निधन पर शोक व्यक्त करते हुए नगर पंचायत दफ्तर में छुट्टी कर दी गई। चैयरमेन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी, इंचार्ज लिपिक रामदास, कंप्यूटर सहायक विकास शर्मा, पूनम यादव, सचिन यादव, जोसेफ आदि ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। राजघाट गंगा तट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



### धान पौध की रोपाई करते मजदूरों को लगा करंट

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव कसेरवा निवासी इबले हसन के खेत में बुधवार को गांव के ही मजदूर धान पौध की रोपाई कर रहे थे। खेत में हाईटेंशन लाइन का पोल खड़ा हुआ है। अचानक से पोल से उतरकर हाईटेंशन करंट खेत की क्यारी में भरे पानी में फैल गया था। जिससे पौध की रोपाई कर रहे मजदूर रिया, सानिया, निशा, इशरत, अनम, हसीन और भोला को करंट लग गया। वहीं मजदूरों का कहना है कि आसपास में बिजली गिरी थी। उसी समय करंट पानी में फैल गया था।

### बिजली गिरने से फटे इनवर्टर व बैट्री

**संभल, अमृत विचार :** पंवासा विकासखंड क्षेत्र के गांव सिरोली भगवंतपुर निवासी सगे भाइयों के मकान के ऊपर बिजली गिरने से हजारों रुपये का नुकसान हो गया। सगे भाई रामगोपाल व सतपाल के मकान बराबर में है। बुधवार की सुबह हुई बारिश के साथ बिजली सतपाल व रामगोपाल के मकान पर गिर गई। जिससे मकान के अंदर बिजली के केबिल में करंट दौड़ गया और तेज धमाके के साथ इनवर्टर व बैट्री आग लगने के बाद फट गए। गनीमत रही कि बिजली गिरने की चपेट में कोई व्यक्ति नहीं आया, वरना हादसा बड़ा हो जाता।

# चारपाई पर मिला नव विवाहिता का शव, पति सहित चार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता,संभल/रजपुरा

- तीन माह पहले हुई गुन्नौर के सराय निवासी युवती की शादी
- दहेज में एक लाख रुपये व कार न देने पर महिला की हत्या का लगाया आरोप

**अमृत विचारः** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव में शादी के महत तीन माह बाद ही नवविवाहिता की ससुराल में संदिग्ध मौत हो गई। विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में चारपाई पर पड़ा मिला। मायके वालों ने दहेज में एक लाख रुपये व कार की मांग पूरी न करने की वजह से बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गुन्नौर के मोहल्ला सराय निवासी अवध बिहारी ने 25 अप्रैल 2024 को अपनी बेटी रेखा की शादी रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव करकौरी निवासी कुंवरपाल के बेटे देवेंद्र के साथ करी थी। आरोप है की शादी के बाद से ही ससुराल वाले एक लाख रुपए और कार की मांग कर रहे थे। बताया कि 25 जून मंगलवार को देवेंद्र व उसके पिता कुंवरपाल के साथ 8 से 10 लोग उसकी बेटी को विदा कराने उसके घर आए थे। बेटी के विदा होकर ससुराल जाने के बाद बुधवार की सुबह पता चला कि उनकी बेटी की ससुराल में मौत हो गई है। जाकर देखा तो बेटी रेखा का शव चारपाई पर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ मिला। ससुराल पक्ष के लोग घर से फरार हो गये थे।

अवध बिहारी ने कहा कि ससुराल वालों ने दहेज में एक लाख रुपये व कार न दे पाने की वजह से उसकी बेटी की हत्या कर दी।

थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर महिला के पति देवेंद्र, ससुर कुंवरपाल, सास भूरी देवी, जेठ राजकुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पंखे में उतरे करंट से बालक की मौत

संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचारः** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में पिता के पास आंगन में खेल रहे तीन वर्षीय बालक की पंखे में उतर रहे करंट की की चपेट में आकर मौत हो गई।

गांव ऐचोड़ा कंबोह निवासी किरनपाल गर्मी अधिक होने की वजह से मंगलवार की शाम घर के आंगन में बिजली का पंखा चलाकर चारपाई पर बैठे थे। पास में ही किरनपाल का तीन वर्षीय बेटा मनित आंगन में खेल रहा था।

खेलते-खेलते मनित पंखे के पास पहुंच गया और पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आ गया। करंट लगा तो बच्चे की चीख निकल गई। चीख पुकार सुनकर किरनपाल ने आनन फानन में तार बचाकर मनित को करंट से अलग किया।

परिवार के लोगों ने उपचार के लिए बच्चे को पास के निजी चिकित्सक के पास ले गए। यहां उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई।

बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मनित चार बहन भाइयों में तीसरे नंबर का था।

### ई-रिक्शा की टक्कर से घर के बाहर खड़ी बच्ची की मौत


**संभल/ सिरसी, अमृत विचार :** मुरादाबाद जिले के गांव महमूदपुर माफी निवासी लईक बुधवार को पत्नी व 10 वर्षीय बेटी तेवा को लेकर अपने साले की बेटी के सगाई समारोह में शामिल होने नगर पंचायत सिरसी के मुहल्ला सादक सराय निवासी इंतजार कुरेशी के यहां आया था। शाम को चार बजे तेवा अपने मामा इंतजार कुरेशी के घर के आगे संभल मुरादाबाद मार्ग के किनारे खड़ी थी। संभल की ओर से जा रहे ई रिक्शा ने तेवा में टक्कर मार दी। जिससे तेवा गंभीर रुप से घायल हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक ई रिक्शा लेकर मौके से भाग गया। परिजन तेवा को लेकर उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर ने देखते ही तेवा को मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए बच्ची का शव लेकर अपने गांव महमूदपुर माफी चले गए।

# मेंथा टंकी पर बॉलर के प्रेशर से हुआ हादसा, दो मजदूर झुलसे

संवाददाता, बनियाठेर/चन्दौसी

**अमृत विचारः** थाना बनियाठेर के गांव गुमथल में बुधवार को मेंथा टंकी पर बॉलर में अधिक प्रेशर हो जाने के कारण मेंथा भर रहे दो मजदूर बुरी तरह झुलस गए। दोनों को चन्दौसी के निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मुरादाबाद ले जाने की सलाह देकर भेज दिया।

गांव गुमथल में दिलशाद पत्र शमशाद की मेंथा की टंकी है। इन दिनों मेंथा पेराई का सीजन चल रहा है। बुधवार की सुबह टंकी पर बॉलर में मजदूर मेंथा भर रहे थे। जिसमें जाकिर व नदीम पुत्र साबिर निवासी गांव गुमथल दोनों सगे भाई कार्य कर रहे थे। तभी बॉलर में अधिक तापमान हो गया। जिससे गैस न निकलने के कारण बॉलर में भरा जा रहा मेंथा धमाके साथ बाहर आ गया। जिससे बॉलर पर कार्य कर रहे दोनों सगे भाई टंकी के नीचे आग जल रही भट्टी में जा गिरे और बुरी तरह झुलस गए।



इसी मेंथा टंकी पर हुआ हादसा।

## सार-संक्षेप



पतंजलि परिवार की बैठक में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

### गांवों में योग कक्षा स्थापित करने का दिलाया संकल्प

**बबराला, अमृत विचार :** बुधवार को डिग्री कॉलेज स्थित योग कक्षा स्थान में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति, युवा भारत, पतंजलि किसान सेवा समिति और सोशल मीडिया सेल की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी रामवीर सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि पतंजलि परिवार के राज्य प्रभारी दयाशंकर आर्य ने शिरकत की। बैठक में राज्य प्रभारी दयाशंकर आर्य ने पदाधिकारियों को संकल्प दिलाया कि संभल जिला के प्रत्येक गांव में योग कक्षा स्थापित करने और सदस्यता अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाए। बैठक में नगर इकाई बबराला का गठन कर ओमवीर सिंह को भारत स्वाभिमान प्रभारी, केशव लाल को पतंजलि योग समिति प्रभारी, संतोष कुमार एडवोकेट को युवा भारत प्रभारी, महेश चंद को पतंजलि किसान सेवा समिति प्रभारी और संदीप कुमार को सोशल मीडिया का दायित्व सौंपा गया। इस दौरान तिलक मुनि, सत्यपाल सिंह, तेजवीर, हरिओम गुप्ता, राधेश्याम, कैलाश गुप्ता, संजीव कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### युवक पर दुकान में तोड़फोड़ करने का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी मोहम्मद साजिद ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि मुहल्ला में चाय की दुकान स्थित है। मंगलवार को मोहम्मद साजिद का बेटा सुहेब चाय की दुकान पर बैठा था। रात डेढ़ बजे मुहल्ला की ही युवक अपने तीन चार साथियों को साथ लेकर दुकान पर पहुंचा और गाली गलौज करते हुए तोड़फोड़ करते हुए दुकान से सामान उठाकर बाहर फेंकने लगा। जिसके बाद धमकी देते हुए युवक अपने साथियों के साथ चला गया। मोहम्मद साजिद ने युवक पर हफ्ता वसूली करने का भी आरोप लगाया।

### जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दंपति घायल

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर सगे भाइयों में हुई मारपीट में दंपति घायल हो गए। रजपुरा निवासी कन्हैया का अपने बड़े भाई धर्मपाल से पिछले कई माह से जमीनी विवाद चल रहा है। बुधवार को भी इसी बात को लेकर धर्मपाल व कन्हैया आमना सामने आ गए। गाली गलौज होने के बाद दोनों भाइयों में जमकर लात घूसे व लाठी डंडे चले। जिसमें कन्हैया व उसकी पत्नी कंचन घायल हो गई। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### जाल खोल रहा शिक्षक दूसरी मंजिल पर गिरा, घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** वैष्णो विहार में मकान की तीसरी मंजिल पर लोहे का जाल खोल रहे शिक्षक का पैर फिलसने से वह नीचे दूसरी मंजिल पर आ गिरे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शिक्षक की रीढ़ की हड्डी टूटने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। आवास विकास कॉलोनी के समीप स्थित वैष्णो विहार कॉलोनी में विनोद कुमार गुप्ता पुत्र कांता बिहारी परिवार के साथ मकान में रहते हैं। वह बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली में स्थित सरदार सिंह इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। शिक्षक के घर पर मरम्मत का कार्य चल रहा है। बुधवार की शाम पांच बजे वह तीसरी मंजिल पर कार्य के चलते लोहे का जाल खोल रहे थे। तभी अचानक पैर फिसलने से वह दूसरी मंजिल पर आ गिरे। पति को गिरा देख पत्नी मंजुला गुप्ता ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे शिक्षक को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद बताया कि शिक्षक के रीढ़ की हड्डी टूट गई है। उन्हें हायर सेंटर रेफर रेफर कर दिया। परिजन शिक्षक को उपचार के लिए निजी हॉस्पिटल ले गए।

# गो तस्कर को पकड़ने गई पुलिस को लोगों ने दौड़ाया

कार्यालय संवाददाता,संभल

- पुलिस ने जिसे हिरासत में लिया उसे महिलाओं ने जबरन छुड़ाया

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र के गांव में कुख्यात गो तस्कर को गिरफ्तार करने गई पुलिस को महिलाओं व अन्य लोगों ने दौड़ाकर वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। जिस एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया था उसे भी महिलाओं ने छुड़ा लिया। कहा जा रहा है कि फरार गो तस्कर को ही पकड़ा गया था लेकिन पुलिस इससे इन्कार कर रही है।

असमोली थाना क्षेत्र के मंसूरपुर गांव निवासी रहीस उर्फ़ बब्लू पुत्र कल्लू के खिलाफ जनपद संभल ही नहीं बल्कि प्रदेश के कई जनपदों में गो तस्करी व अन्य आरोपों को लेकर मुकदमें दर्ज हैं। रहीस उर्फ़ बब्लू का मंसूरपुर गांव में बना एक मकान भी पुलिस कुर्क कर चुकी है। मैनपुरी जनपद के कुरावली थाने की पुलिस को भी रहीस उर्फ़ बब्लू की तलाश है।

मंगलवार शाम को कुरावली पुलिस की टीम हिस्ट्रीशीटर रहीस उर्फ़ बब्लू का वारंट लेकर असमोली पहुंची थी। असमोली पुलिस की टीम को साथ लेकर कुरावली पुलिस ने मंसूरपुर गांव में बब्लू के घर छापा मारकर एक व्यक्ति को पकड़ लिया। इसी दौरान कुछ ग्रामीण व परिवार की महिलाएं इकटठा होकर गिरफ्तारी का विरोध करने लगीं। बात यहां तक पहुंची कि हिरासत में लिये गये व्यक्ति को महिलाओं ने जबरन छुड़ा लिया। इसके बाद पुलिस को वहां से उल्टे पैर भागना पड़ा। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र ने बताया कि पुलिस गांव में गई थी और मैनपुरी पुलिस ने एक व्यक्ति को रोका था। पुलिस के साथ किसी तरह की अभद्रता की बात सामने नहीं आई है।

### ट्रैक्टर निकालने को लेकर मारपीट में पांच लोग घायल

**संभल, अमृत विचारः** कैलादेवी थाना क्षेत्र में सार्वजनिक रास्ते से ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। थाने पहुंचकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी।

थाना क्षेत्र के गांव चाचूनागल निवासी रतनलाल मंगलवार की देर शाम खेत से ट्रैक्टर लेकर घर आ रहा था। गांव के ही सगे भाई मोरध्वज व रामरहीश सार्वजनिक रास्ते से ट्रैक्टर निकालकर ले जाने के मना करने लगे। इसी बात को लेकर सगे भाइयों व रतनलाल के बीच गाली गलौज व कहासुनी होने लगी। विवाद होता देखकर रतनलाल व मोरध्वज व रामरहीश के परिजन भी मौके पर आ गए। जिसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व लात घूसे चले। जिससे एक पक्ष के रतनलाल व उसके बेटे वीरपाल और योगराज। वहीं दूसरे पक्ष से भी दो लोग घायल हो गए।

# पशुओं के टीकाकरण की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में हुई क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में क्षेत्र में विकास कार्य कराकर ग्रामीणों को सुविधाएं दिए जाने की बात कही गई। कई विभागों के अधिकारियों ने प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को योजनाओं की जानकारी दी।

ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख सुषमा चौधरी की अध्यक्षता में बीडीसी बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों से संवाद कर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही।

ब्लॉक प्रमुख पति कुलदीप सिंह चाहल ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं के तहत क्षेत्र में विकास कार्य कराकर ग्रामीणों को सुविधाएं देने का काम होगा। किसी भी क्षेत्र में कोई समस्या सामने नहीं आएगी। एडीओ पंचायत अनिल चौहान ने क्षेत्र पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों के बारे में बताया। एडीओ कृषि कौशल सिंह ने कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी।





बीडीसी की बैठक में मंच पर मौजूद भाजपा नेता राजेश सिंघल,कुलदीप चाहल व ब्लाक प्रमुख सुषमा चाहल। ● अमृत विचार

- विकास कार्यों के जरिये ग्रामीणों को दी जाएंगी सुविधाएं
- बीडीसी बैठक में अधिकारियों ने दी योजनाओं की जानकारी

बीडीसी सदस्यों ने पशुओं का टीकाकरण न कराये जाने को लेकर नाराजगी जताई। पशु पालन विभाग से डॉ.राजपाल सिंह ने पशुओं को लेकर चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। पशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर रखने के बारे में बताया। बैठक में एडीओ और ग्राम पंचायत सचिव भी मौजूद रहे।

## अनदेखी

संभल में हुई झमाझम बरसात तो कई क्षेत्रों में खड़ी हो सकती है जलभराव की समस्या

# गंदगी से अटे हैं कई नाले, बरसात में होगा जलभराव

कार्यालय संवाददाता, संभल

- नगर पालिका परिषद का नाला सफाई अभियान बेहद धीमी गति से चल रहा

**अमृत विचार :** झमाझम बारिश हुई तो संभल शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव की समस्या सामने आ सकती है क्योंकि अभी कई बड़े नाले गंदगी से अटे पड़े हैं और नगर पालिका का सफाई अभियान बेहद धीमी गति से चल रहा है। अगर जल्द ही नालों की सफाई नहीं कराई गई तो बरसात होने पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

वैसे तो नगर पालिका परिषद की ओर से नालों की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है लेकिन अभी भी कई ऐसे नाले हैं जो गंदगी से अटे पड़े हैं। यह हालात तब हैं जबकि बरसात शुरू हो चुकी है। मंगलवार को अमृत विचार ने पड़ताल की तो कई नाले चौक नजर आए। बहजोई मार्ग पर बरेली सराय में फल मंडी के पीछे नाले में गंदगी का अंबार लगा दिखा। हल्लू सराय तिराहा के पास के नाले की भी सफाई नहीं हुई है। यह नाला भी चौक हो गया है। मुहल्ला नाला पर जो नाला गुजर रहा है वह तो गंदगी से अटा दिख रहा है। आगे बढ़ने पर चौधरी सराय में मुहल्ला नाला से आ रहे नाले की हालत बेहद खराब नजर आई। नाले की जगह में तमाम घास फूस खड़े हैं। लग नहीं रहा है कि यहां कोई नाला भी है। जबकि यह मुख्य नाला बताया जाता है और शहर के कई हिस्सों का पानी इसी से आगे बढ़ता है। मुरादाबाद मार्ग पर बिजलीघर के ठीक सामने के नाले की हालत भी ठीक नहीं है। यह भी कूड़े कचरे से बुरी तरह अटा हुआ है। यह नाला वाजिदपुरम तक जाता है और इसमें भी कई क्षेत्रों का पानी आगे बढ़ता है। बहरहाल, इन नालों की हालात को उदाहरण के लिए है। सच्चाई तो यह है कि शहर के दूसरे हिस्सों के नालों की सफाई भी अभी नहीं हो सकी है। ऐसे हालात में अगर कई घंटों तक झमाझम बरसात हुई तो शहर के कई हिस्सों में जलभराव की समस्या हो सकती है।

वहीं इतना तो साफ है कि नगर पालिका ने नाला सफाई को शायद गंभीरता से नहीं लिया। अगर बरसात से ही नालों की तली झाड़ सफाई करा दी गई होती तो जलभराव की समस्या का अंदेशा नहीं रहता।



संभल में गंदगी से अटा मुख्य मार्ग के किनारे का नाला। ● अमृत विचार

> शहर में नालों की सफाई का काम चल रहा है। जहां भी नाले सफाई से रह गए हैं, वहां जल्द ही सफाई करा दी जाएगी। प्रयास यही है कि शहर में बरसात के दौरान जलभराव न होने पाएं।
>
> -आसिफ अली, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, नगर पालिका

### वाहन की टक्कर से पोते की मौत, दादा गंभीर

**बहजोई, अमृत विचारः** चंदौसी से बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे दादा पोते की बाइक में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। सरकारी अस्पताल में पोते का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल दादा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

थाना जुनावई के गांव थाना निवासी जितेंद्र उम्र 30 वर्ष अपने दादा श्रीराम के साथ बाइक पर सवार होकर चंदौसी से घर लौट रहे थे। रात्रि 8:30 बजे के लगभग चंदौसी बहजोई मार्ग स्थित भरथरा चुंगी के निकट उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने पोते जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि दादा का प्राथमिक उपचार करते हुए उसकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# डीएम बोले, बंद करें सरकारी बैठकों में प्लास्टिक बोतल के पानी का इस्तेमाल

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई

**अमृत विचारः** नव नियुक्त जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया ने बुधवार को संभल पहुंचकर जिला कोषागार में पदभार ग्रहण कर लिया। जिलाधिकारी ने प्राचीन कल्कि मंदिर में दर्शन पूजन के साथ ही पौधरोपण भी किया। जिलाधिकारी ने शासन की योजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ ही आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराना अपनी प्राथमिकता बताया।

शासन ने मंगलवार को डीएम मनीष बंसल को सहारनपुर का डीएम बनाने के साथ नगर विकास विभाग के सचिव डा. राजेंद्र पेंसिया को संभल का डीएम नियुक्त किया था।

बुधवार को नए जिलाधिकारी ने कोषागार पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कोषागार परिसर में पौधारोपण भी किया। इसके बाद उन्होंने प्राचीन कल्कि मंदिर में भगवान का दर्शन पूजन किया। इसके बाद बहजोई में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि शासन की जो भी योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। वहीं आमजन तक योजनाओं को पहुंचाने का काम किया जाएगा।

डीएम ने निर्देश दिए कि किसी भी बैठक में प्लास्टिक की बोतल में पानी नहीं आएगा। वह खुद भी प्लास्टिक की बोतल का पानी प्रयोग में नहीं करेंगे। वहीं निवर्तमान डीएम मनीष बंसल को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के तहत अधिकारियों ने इस स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा व प्रभारी सीडीओ ज्ञान सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों व अधिवक्ताओं के साथ डीएम डा. राजेंद्र पेंसिया।

- बोले शासन की योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता
- नवनियुक्त जिलाधिकारी ने जनपद पहुंचकर पदभार किया ग्रहण

## एक नजर



मुंसिफ रोड पर लड़ते सांड।

### मुंसिफ रोड पर दो सांड भिड़े, लगा जाम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मुंसिफ रोड पर बुधवार की शाम दो सांड आपस में भिड़ गए। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। आसपास के लोगों ने किसी तरह सांडों को हटाया। करीब दस मिनट तक सांडों की लड़ाई होने से अफरातफरी का माहौल रहा।

बुधवार की शाम 6.15 बजे मुंसिफ रोड पर दो सांडों में लड़ाई शुरू हो गई। यह देख सड़क के दोनों ओर से आवागमन बंद हो गया। कुछ बाइक सवार हिम्मत करके गुजरते रहे। एक बाइक पर बैठे दो लोग सांडों से जा टकराए और बाइक सहित गिर गए। आसपास के लोगों ने दौड़कर दोनों को बचाया। ठेले खौमचे वाले अपने-अपने ठेले छोड़ कर भाग निकले। इस बीच लोग पानी डालकर व पत्थर मारकर सांडों को हटाने का प्रयास करते रहे। इसके बाद एक सांड भाग गया।

### कॉलेज में प्रवेश को 29 तक करें आवेदन

**संभल अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष (बीए, बीएससी, बीकॉम) में प्रवेश लेने के लिए छात्र छात्राओं को आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ऑनलाइन कराकर उसका प्रिंट आउट सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित 29 जून को दोपहर तीन बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करना है। प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा ने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद प्रवेश आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा।

### मारपीट में मां बेटी घायल

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव हिरौनी निवासी अजयपाल की पत्नी रामवती ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव के ही व्यक्ति से जमीनी विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि रंजिश के चलते व्यक्ति अजयपाल के घर में घुस आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध किया को व्यक्ति ने अजयपाल की बेटी विनीता के साथ मारपीट करने लगा। बेटी को बचाने पहुंची रामवती के साथ भी व्यक्ति ने मारपीट की और व्यक्ति धमकी देते हुए चला गया।

# मकान के ताले तोड़ कर पांच लाख की चोरी

## अपने पुस्तैनी गांव बदायूं के फैजगंज बेहटा गया हुआ था किसान का परिवार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- कोतवाली क्षेत्र बदायूं रोड स्थित आईटीआई के सामने वारदात
- रात को बारिश होने के कारण गांव से नहीं लौट सका था परिवार



चोरी के बाद मौके पर जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सामने किसान के मकान के चोरों ने ताले तोड़ लिए। चोर मकान से नकदी, जेवर व सामान सहित पांच लाख रुपये का सामान समेट ले गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित से जानकारी की। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

बदायूं रोड स्थित आईटीआई के सामने पुष्पेंद्र पुत्र मोहन सिंह का मकान है। जबकि वह मूल रूप से जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव कनुआ खेड़ा के रहने वाले हैं। वह खेती करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। पुष्पेंद्र यहां रहकर अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं। मंगलवार की सुबह किसान अपने परिवार के साथ गांव चले गए। रात को बारिश होने के कारण वह नहीं आ सके। बुधवार की सुबह उनका भतीजा विशाल मकान के बराबर दुकान खोलने आया। देखा तो मकान व दुकान के ताले टूटे थे। यह सूचना उसने अपने चाचा पुष्पेंद्र को दी। कुछ देर बाद पुष्पेंद्र अपने परिवार व रिश्तेदार के साथ मकान पर पहुंचे। अंदर कमरे में जाकर देखा तो दोनों आलमारी के ताले टूटे थे और सामान बिखरा पड़ा था। चोर मकान से तीन जोड़ी चांदी की पाजेब, 11 चांदी के सिक्के, 11 हजार रुपये की नकदी, तीन सोने की अंगूठी, एक सोने की नथ, एक जोड़ी कुंडल, एक मंगलसूत्र का पैंडिल, तीन बड़े सिलेंडर, इर्न्वटर-बैट्री व पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए। चोर कुल मिलाकर पांच लाख रुपये का सामान समेट ले गए।

### रात को यह क्षेत्र हो जाता है सुनसान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित आईटीआई के पास वाहन रिपयेरिंग का कार्य होता है। दिन भर इन दुकानों पर लोग आते जाते हैं। जबकि पुष्पेंद्र सिंह का घर मकान जिस स्थान पर वहां आसपास दुकानें है। रात को यह क्षेत्र सुनसान हो जाता है। चोर पूरी तैयारी के साथ चोरी करने आए थे। मकान का ताला तोड़ घर में घुस गए और बिजली पूरी तरह से बंद कर दी। इसके बाद आराम से आलमारियों को खंगाला और सामान बटोर ले गए।

## किसान के घर से लाखों का माल समेट ले गए चोर

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में चोरों ने दीवार फांदकर किसान के घर में घुसने के बाद पांच हजार की नकदी, इनवर्टर, बैट्री और सोने चांदी के जेवरात समेत लाखों का सामान चोरी कर लिया।

थाना क्षेत्र के गांव चाऊपुर डांडा निवासी अमित कुमार पुत्र हरिशंकर मंगलवार को रात गन्ना फसल की पशुओं से रखवाली करने के लिए खेत पर गया था। घर पर पत्नी और बच्चे थे। देर रात चोर दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए। चोरों ने पांच हजार रुपये, इनवर्टर, बैट्री, सोने-चांदी के जेवर समेत लाखों रुपये का सामान चोरी किया और निकल गए। आंगन में सो रहे परिवार वालों को घटना की भनक तक नहीं लगी। बुधवार को सुबह जब परिवार के लोगों की नींद खुली तो घर का सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा मिला। संदूक से रुपये, जेवर भी गायब थे। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। टी पॉइंट चौकी इंचार्ज ओमकार सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### साइकिल छोड़ गया, बाइक चुरा ले गया

**गुन्नौर, अमृत विचार :** इलाके में इन दिनों बाइक लिफ्टर गैंग सक्रिय है। पलक झपकते ही बाइक को गायब करने में माहिर बाइक चोर पुलिस के लिए चुनौती बने हैं। दो दिन में अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चोरी हो गई हैं। एक घटना में साइकिल से आया चोर बाइक लेकर चंपत हो गया और अपनी साइकिल छोड़ गया। रजपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा गवां निवासी मुकेश ने बताया कि मंगलवार को वह गुन्नौर में मेरठ- बदायूं रोड स्थित किलकारी हास्पिटल में किसी काम से आया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अस्पताल में चला गया। पीछे से कोई उसकी बाइक चोरी कर ले गया। इसी प्रकार गांव इटौआ निवासी राम रहीस पुत्र गुलफाम सिंह ने बताया कि बुधवार को सुबह करीब 6 बजे उसने बबराला रोड पर भानु आई केयर के पास स्थित अपने घेर में बाइक खड़ी की और चाय पीने घर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली और बाइक की जगह साइकिल खड़ी मिली। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर साइकिल से आया था और बाइक ले उड़ा।



एसएम इंटर कॉलेज में नशा मुक्ति की शपथ लेते एनसीसी कैडेट्स।

### एनसीसी कैडेट्स ने नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया और नशा मुक्ति की शपथ लेते हुए रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। एसएम कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. दानवीर सिंह यादव ने एनसीसी कैडेट्स को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। तदोपरांत एसएम इंटर कॉलेज से जन जागरूकता रैली निकाली गई। प्राचार्य ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में कैडेट्स नशा छोड़ दो-जीवन से नाता जोड़ लो, नशे को छुड़ाना है-देश को बचाना है, एक दो एक दो-नशे की लत छोड़ दो के नारे लगाते लोगों को जागरूक कर रहे थे। रैली एसएम इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर महात्मा गांधी रोड, फव्वारा चौक रामस्वरूप रोड, भगत सिंह तिराहा होते हुए पुन: एसएम कॉलेज पहुंच कर संपन्न हुई। इस अवसर पर एसएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता, कैप्टन चंद्रवीर, लेफ्टिनेंट अमरजीत मौर्य उपस्थित रहे।



सचिवालय में राशन की दुकान के लिए नामांकन करती टीम। ● अमृत विचार

### बनियाखेड़ा राशन कोटे की दुकान को लेकर किया नामांकन

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** राशन कोटेदार की दुकान के लिए बुधवार को पंचायत सचिवालय बनियाखेड़ा पर नामांकन किया गया। राशन की दुकान को लेकर बनियाखेड़ा के मझरा मढ़ैया में बने पंचायत सचिवालय पर दुकान लेने वाले दावेदारों के पर्चे दाखिल किए गए। जिसमें 9 समूह ने नामांकन की प्रक्रिया के तहत संबंधित दस्तावेज जमा किए। इनमें समूह प्रजापति स्वंय सहायता समूह की सन्तोष कुमारी, एकता स्वंय सहायता समूह की मीना, ख्वाजा साहब स्वयं सहायता समूह की कमरजहां, मधु, कमलेश, जय माता दी समूह की सोनम, प्रेरणा स्वंय सहायता समूह की सरिता, सखी स्वयं सहायता समूह की कुसुम, महिला विकास स्वंय सहायता की प्रियका, नीतू, प्रवीण स्वंय सहायता समूह की प्रियका गोस्वामी ने पर्चे जमा किए।




साहित्यभूषण बाबू राम मोहन की जयंती मनाते लोग। ● अमृत विचार

### साहित्यभूषण बाबू राम मोहन की 108वीं जयंती मनाई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्रीराम मोहन सेवा आश्रम की ओर से नगर के प्रथम स्नातक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, इतिहासकार, साहित्यकार, पत्रकार एवं आर्य समाजी नेता साहित्यभूषण बाबू राममोहन बीकॉम की 108वीं जयंती बैंक रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में वैदिक विधि-विधान से मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। पुरोहित अशोक शर्मा ने विश्वशांति एवं उनकी याद में यज्ञ हवन किया। मुख्य अतिथि जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की सदस्य नमिता दुबे ने बाबू राममोहन के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। श्रीराम मोहन सेवा आश्रम के अध्यक्ष डॉ तुमुल विजय शास्त्री ने बताया बाबूजी का जन्म 26 जून 1915 को चन्दौसी के महाजन मोहल्ला स्थित नीम के तले लक्ष्मण दास के घर में हुआ। वह राष्ट्र एवं शिक्षा के प्रति हमेशा जागरूक तथा लगनशील रहे। उन्होंने आजादी के बाद कांग्रेस छोड़कर जनसंघ की सदस्यता ली। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. टीएस पाल ने कहा बाबू राममोहन बीकॉम खादी प्रेमी थे। उन्होंने खादी कपड़ों के साथ जूते एवं बेल्ट भी कपड़े के ही उपयोग किये। स्वतंत्रता आंदोलन में 1930 में भाग लिया। इसके लिए इनको एक वर्ष का कठोर कारावास हुआ। इनको मुरादाबाद कारागार में रखा गया। अध्यक्षता कमलेश गांधी ने तथा संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया। इस दौरान पर्यावरणविद कृष्ण कुमार, विश्व विजय एडवोकेट, डॉ. योगेंद्र मोहन शास्त्री, योगेंद्र कुमार शर्मा, हरीश कठैरिया, त्रिमोहन सिंह, क्षेम प्रकाश, विकास मिश्रा, चुनमुन गुप्ता, कृष्णगोपाल गुप्ता, शशि प्रभा, आरती, बीना देवी आदि उपस्थित रहे।



भागवत कथा के बाद आरती में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के रामबाग धाम स्थित श्री बारहसैनी सेवा सदन में आयोजित श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस सरस्वती पीठ वृंदावन के आचार्य नंद नंदन ठाकुर जी महाराज ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। लीलाओं को सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। मुख्य यजमान महेंद्र पाल वार्ष्णेय, ऊषा रानी, अशोक लता वार्ष्णेय एवं सुरेंद्र कुमार थैली वालों ने श्री राधाकृष्ण के विग्रह और भागवतजी का विधि विधान से पूजन किया। कथा के प्रारंभ में रामबाग ट्रस्ट के प्रधान अशोक कुमार फैन्सी और उप प्रधान अमरीश बाबू चीनी वालों ने कथा वाचक और हनुमत धाम शुक्रताल मुजफ्फरनगर के पीठाधीश्वर स्वामी केशवानंद जी महाराज का माल्यार्पण कर और शॉल ओढ़ा कर स्वागत किया। कथा वाचक ने पूतना उद्धार, बकासुर उद्धार, कंस वध का विस्तार से वर्णन किया। गोवर्धन लीला का वाचन किया। इस दौरान भजन भी हुए। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। राजन वार्ष्णेय, राजकुमार राजू, अरुण कुमार सोनू, अंकित वार्ष्णेय, पीयूष वार्ष्णेय, अग्रज वार्ष्णेय, प्रदीप कुमार ठेकेदार, जय शंकर दुबे समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

# गेट बनाने के लिए दुकानें तोड़ीं तो आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते दुकानदार। ● अमृत विचार

- भाजपा व रेलवे रोड संघर्ष समिति ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन
- अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का किया जा रहा सुंदरीकरण

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन के बाहर मुखर्जी चौक स्थित दुकानदारों ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। बताते है कि रेलवे स्टेशन का अमृत योजना के तहत सुंदरीकरण कराया जा रहा है। जिसके तहत रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के बाद दो बड़े गेट बनने हैं। जिसमें रेलवे स्टेशन के बाहर मुखर्जी चौक के आसपास बनी दुकानें व कुछ रेलवे के आवास तोड़ने की बात कही जा रही है।

दुकानदारों का कहना है कि वह इन दुकानों पर 50 से 60 वर्षों से काबिज है और परिवार का पालन-पोषण करने के लिए छोटा व्यापार कर रहे हैं। अब रेलवे स्टेशन के गेट के निर्माण होने पर अगर दुकानें ध्वस्त होती हैं, तो वह सड़क पर आ जाएंगे। जबकि फिलहाल में रेलवे स्टेशन के प्रवेश के लिए दो गेट बने हैं।

इन्हीं गेट से ही फिलहाल आवागमन होता है। दुकानदारों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर मदद करने की गुहार लगाई है।

अगर दुकानें टूटती है तो भाजपा व रेलवे रोड संघर्ष समिति आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। ज्ञापन देने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश अरोरा, विश्वपाल सिंह, वीरेंद्र, अमित कुमार, अनुज सिंह, ओमप्रकाश श्रीमाली, अतुल सिंह, पीयूष कुमार, अभय राज सिंह, विजय गर्ग, सूचि मोहन आदि शामिल रहे।

## चोरों ने नकदी व जेवर समेत दो लाख का माल किया पार

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई



चोरी की जानकारी देता गृहस्वामी।

- ग्रामीण ने की थी बेटे की शादी के लिए तैयारी लेकिन जेवर, नकदी व सामान ले गए चोर

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में चोरों ने ग्रामीण के घर से नकदी, जेवर समेत करीब दो लाख रुपये का माल समेटा और भाग निकले। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई गई।

थाना क्षेत्र के गांव बसीटा निवासी जीतपाल और परिवार के लोग मंगलवार को रात ज्यादा गर्मी की वजह से छत पर सो रहे थे। तभी घर को मंगलवार को चोरों ने निशाना बनाया। चोर दीवार कूदकर घर में दाखिल हुए और आलमारी में रखे एक लाख रुपये, एक किलो चांदी के जेवर, एक सोने की जंजीर लेकर भाग निकले।

बुधवार को सुबह जब परिजन जागकर नीचे आए तो चोरी की घटना की जानकारी हुई। जिससे परिजनों के होश उड़ गए। आलमारी में न तो रुपये थे और न ही जेवर नजर आए। जीतपाल का कहना रहा कि 9 जुलाई को बेटे की शादी है। इसलिए रुपये और जेवरों का इंतजाम किया था। जीतपाल ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। चौकी इंचार्ज गौरव का कहना रहा कि इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है और न ही कोई तहरीर मिली है।

# झमाझम बारिश से जलमग्न हुई शहर की सड़कें, गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



बारिश से फव्वारा चौक स्टेशन रोड रोड पर जलभराव से होकर गुजरते लोग।

- स्टेशन रोड समेत कई मोहल्लों में जलभराव से आवागमन में हुई दिक्कत
- जलभराव में बारिश के दौरान घरों से निकले बच्चे, जम कर की मस्ती

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी के बाद बुधवार को हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। जहां जनमानस को गर्मी से राहत मिली वहीं शहर की सड़कें जलमग्न हो गईं। जिससे आवागमन में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान लोग पालिका की व्यवस्थाओं को कोसते नजर आए।

भीषण गर्मी के बाद बारिश के मौसम के दस्तक देते ही उमस हो गई थी। उमस भरी गर्मी में लोगों का हाल बेहाल हो गया। बुधवार को सुबह से कुछ क्षेत्रों में रिमझिम बारिश का सिलसिला शुरू हो गया।

सुबह आठ बजे से नौ बजे तक तेज हवा के साथ स्टेशन रोड आदि क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। जबकि सीता रोड क्षेत्र में मामूली बूंदाबांदी हुई। वहीं करीब 11 बजे पूरे नगर में झमाझम बारिश हुई। पौने 12 बजे तक रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला चलता रहा। बच्चे बारिश का लुत्फ उठाने के लिए घरों से बाहर निकल आए। युवा भी पीछे नहीं रहे। बारिश से स्टेशन रोड पर फव्वारा चौक से कोतवाली तक, मालवीय चौक से सीएचसी तक, जारई गेट एवन वाली गली, मोहल्ला कागजी समेत कई मोहल्लों में जलभराव हो गया। जलभराव में बच्चे अठखेलियां करते दिखे तो वहीं आवागमन में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दोपहर एक बजे के बाद धूप खिल गई। हालांकि हल्की हवा भी चलती रही। जिससे गर्मी से राहत महसूस की गई।

### मालवीय चौक पर टूटकर गिरा पेड़ का बड़ा हिस्सा



तेज हवा के साथ हुई बारिश से गिरा पेड़ का कुछ हिस्सा।

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बुधवार की सुबह तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश से स्टेशन रोड कोतवाली के निकट मालवीय चौक के पास जामुन के पेड़ का बड़ा हिस्सा टूट कर नीचे आ गिरा। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। गनीमत रही सुबह का समय होने पर लोगों की आवाजाही भी कम थी। जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि आवागमन प्रभावित हुआ। वहीं दुकानें खुलीं तों दुकानदारों व राहगीरों ने एक साइड से टहनियों को हटा कर आवागमन सुचारु किया।

### बारिश से लड़खड़ाई शहर से लेकर देहात तक की बिजली

**संभल अमृत विचार :** संभल में बुधवार को हुई बारिश से शहर से लेकर देहात तक की बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई। बुधवार को सुबह बारिश हुई तो संभल शहर, हयातनगर, सरायतरीन और देहात क्षेत्र के कई बिजलीघर भी ब्रेकडाउन हो गए। कहीं लाइनें टूटने की बात सामने आई तो कहीं लोकल फाल्ट हुए। बिजली नहीं आने पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि विभाग ने मशक्कत कर बिजली आपूर्ति सुचारू कराई लेकिन शाम तक ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। जिससे लोगों को परेशानी हुई।

## बारिश से बदला मौसम लोगों को मिली राहत

**संभल, अमृत विचार :** जिले में बुधवार को बारिश हुई तो मौसम सुहाना हो गया। लोगों ने बड़ी राहत महसूस की। लोगों के चेहरे खिले नजर आए। कई दिनों तक भीषण गर्मी से जूझे लोगों को अब सुकून मिल रहा है। रिमझिम बारिश का बच्चों और युवाओं ने नहाकर आनंद लिया। दोपहर में बारिश रुकी तो बाजारों में भी रौनक होने लगी। शाम के वक्त फिर ठंडी हवा चलने के कारण मौसम सुहाना हो गया।

### बिजली कटौती से लोग परेशान

**बबराला :** उमस भरी गर्मी में बिजली की अघोषित कटौती से आमजन बेहाल है। छिटपुट बारिश से भीषण गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली लेकिन उसके बाद उमस बढ़ गई। ऊपर से बिजली की अघोषित से लोगों का जीवन दूभर हो गया। घंटों बिजली गायब रही। बिजली कब आएगी और कब चली जाएगी, किसी को पता नहीं रहा। बिजली कटौती से पेयजल की समस्या भी सामने आई।

## अवैध शस्त्र के दो दोषियों को अदालत ने सुनाई सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** न्यायालय जूडिशियल मजिस्ट्रेट गुन्नौर जनपद संभल ने अवैध शस्त्र के दो अलग-अलग मुकदमों में एक दोषी को एक माह तथा दूसरे दोषी को डेढ़ माह की सजा से दण्डित किया है। थाना धनारी पुलिस की ओर से दर्ज 3/25 आर्म्स एक्ट के मुकदमें के आरोपी चंद्रकेश पुत्र बुद्धी यादव निवासी मढ़ावली थाना धनारी जनपद संभल को दोषी करार देते हुए एक माह के कारावास व 2000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जबकि दूसरे मुकदमे के आरोपी रामनरेश यादव पुत्र रामलाल निवासी गांव करीयामई थाना उघैती जनपद बदायूं को आर्म्स एक्ट में दोषी करार देते हुए डेढ़ माह के कारावास व 2000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सजा कराए जाने में एपीओ रामविलास व कोर्ट मोहर्रिर उप निरीक्षक बाबू सिंह का योगदान रहा।

स्वास्थ्य

सीएचसी नरौली की दूरी अधिक होने से गर्भवती को डिलीवरी के लिए ले जाना पड़ता है चन्दौसी

# पीएचसी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की उठ रही है मांग

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी




कुढ़फतेहगढ़ का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** तहसील चन्दौसी के अंतर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने के कारण क्षेत्र वासियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में सीएचसी नहीं होने से मरीजों को कुढ़फतेहगढ़ से 12 किलोमीटर दूर चन्दौसी उपचार के लिए जाना पड़ता है। जबकि पीएचसी कुढ़, रीठ, बेरनी का संचालन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरौली से होता है। कुढफतेहगढ़ से नरौली की दूरी 15 किमीटर है तथा संभल जिले के सीमांत गांव बहोरनपुर, धनुपुरा से नरौली की दूरी 30 किलोमीटर होने से एंबुलेंस भी आधा घंटे से एक घंटे में पहुंचती है। जिससे मरीजों की जान पर बन आती है। जिससे क्षेत्र वासी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ़फतेहगढ़, बेरनी व रीठ को मिलाकर कुढ़फतेहगढ़ की पीएचसी को सीएचसी बनाकर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं।

### महिलाओं को डिलीवरी के लिए ले जाना पड़ता है चन्दौसी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** क्षेत्र की आशा कार्यकत्री गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के लिए नरौली सीएचसी की दूरी अधिक होने के कारण चन्दौसी सीएचसी ले जाती हैं। सीएचसी चन्दौसी की दूरी भी अधिक होने से गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचने में देर लगती है। वहीं कुढ़फतेहगढ़ में थाना होने से आए दिन मारपीट, झगड़े के मामले आते रहते हैं। जिसमें थाना पुलिस को घायलों का मेडिकल कराने के लिए सीएचसी चन्दौसी ही जाना पड़ता है।

> कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में काफी गांव आते हैं। जिससे यहां स्थित पीएचसी को सीएचसी का दर्जा दिए जाने के लिए पूर्व में मुख्यमंत्री को लिखित पत्र दे चुके हैं। हाल ही में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से भेंट होनी है। उनके समक्ष भी ये मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा।
> –डॉ. अनामिका यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष, संभल



> कुढ़फतेहगढ़ विधानसभा बिलारी का आंशिक क्षेत्र विकास के मामले में बहुत पीछे है। अगर कुढ़फतेहगढ़ में सीएचसी हो जाए तो क्षेत्र के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा
> –आलोक चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता, छाबड़ा



> यहां से सीएचसी चन्दौसी की दूरी अधिक होने के कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सही प्रकार से और समय से नहीं मिल पाता है। इसलिए कुढ़फतेहगढ़ पीएचसी को सीएचसी में तब्दील कर दिया जाए तो ग्रामीण लाभान्वित होंगे।
> –हरवीर सिंह उर्फ पप्पू यादव, ग्राम प्रधान पति, कुढ़फतेहगढ़

### राम भरोसे चल रही है पीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरौली से सम्बद्ध कुढ़ क्षेत्र में स्थित पीएचसी कुढ़फतेहगढ़, बेरनी व रीठ में स्वास्थ्य सेवाएं राम भरोसे ही चल रही हैं। रीठ, बेरनी व कुढ़फतेहगढ़ में करोड़ों रुपए की लागत से पीएचसी केंद्रो का भवन बना है लेकिन देख-रेख के अभाव में बिल्डिंग खंडहर हो रही है। पीएचसी रीठ केवल एक वार्ड बॉय कुलदीप सिंह के सहारे ही चल रही है।

### पांच दर्जन गांवों की आबादी होती है प्रभावित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेरनी, रीठ, कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में आने वाले पांच दर्जन से अधिक गांवों की दो लाख की आबादी प्रभावित होती है। जिन्हें समय पर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते ।
अनास्तिक : श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम् ॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान् के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।


## संपादकीय

# फिर उठा कश्मीर मुद्दा

पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसने संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। महत्वपूर्ण है कि हर बार की रह इस बार भी उसे मुंह की खानी पड़ी। भारत ने कश्मीर का जिक्र किए जाने वाले पाकिस्तान के बयान को झूठा और निराधार बताया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने इस मुद्दे को उठाकर मंच का दुरुपयोग किया है। कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में चर्चा का विषय नहीं था, इसलिए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि मुनीर अकरम इसे बार-बार फिलिस्तीन से जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। मंगलवार को भी उन्होंने ऐसा ही किया, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर जम्मू कश्मीर के मुद्दे को नियमित रूप से उठाता रहता है। इससे पहले पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। संयुक्त राष्ट्र में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने जवाब देते हुए पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों के दमन और आतंकवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की उपलब्धि दुनिया में आतंक का सबसे बड़ा निर्यातक होना है। इसी साल फरवरी में पाकिस्तान के साथ तुर्की ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। तब भारत ने उसे आंतरिक मामलों में दखल न देने को कहा था।

गौरतलब है कश्मीर विवाद भारत और पाकिस्तान के बीच 1947 से जारी है। भारत में विलय के लिए विलय-पत्र पर दस्तखत किए थे। गवर्नर जनरल माउंटबेटन ने 27 अक्टूबर को इसे मंजूरी दी। विलय-पत्र का खाका वही था जिसका भारत में शामिल हुए अन्य सैकड़ों रजवाड़ों ने अपनी-अपनी रियासत को भारत में शामिल करने के लिए उपयोग किया था। इस वैधानिक दस्तावेज पर दस्तखत होते ही समूचा जम्मू और कश्मीर, जिसमें पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला क्षेत्र भी शामिल है, भारत का अभिन्न अंग बन गया। भारत का कहना है कि कश्मीर का मुद्दा और दूसरे सभी विवाद दोनों देशों के बीच 1972 के शिमला समझौते के तहत द्विपक्षीय मामले हैं। इसके अलावा कश्मीर में जनमत संग्रह के लिए सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर इस्लामाबाद एक महत्वपूर्ण बात की अनदेखी करता है कि उसे पहले कश्मीर के सभी क्षेत्रों से हटना होगा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान ने कश्मीर का मुद्दा ऐसे समय में उठाया है जब सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान का प्रतिनिधिमंडल जम्मू कश्मीर आया हुआ है। दरअसल पाकिस्तान अपने घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों से जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाता है। जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और रहेगा। कोई भी दुष्प्रचार इस तथ्य को बदल नहीं सकता।

# वैज्ञानिक सामर्थ्य से काबू होता है भीषण गर्मी का मिजाज



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत में छः ऋतुओं में से गर्मी, सर्दी और बरसात के दिनों में अगर ऋ तु प्रभाव अत्यधिक से भी आगे की श्रेणी में है तो इसके प्रतिकूल फिजियोग्राफिक प्रभाव धरती को झेलने पड़ते हैं। इन कुप्रभावों से मनुष्य और जीव-तंतुओं की प्राणरक्षा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (राआप्रप्रा) की है।

150 वर्ष के भीतर हर तीन साल के अंतराल से भारत में हीट-वेव और दस साल के अंतराल से हीट-वेव के कारण 50 डिग्री सेल्सियस चरम को छूने के रिकॉर्ड मौजूद हैं। शरीर का हीट-वेव एक्सपोजर होने से लाखों लोग एक सदी के भीतर मरे हैं या अपंग हुए हैं। मौसम की विशाल मशीनरी पर न केवल निरंतर नज़र रखने की जरूरत है,बल्कि इस बारे में जो भी स्टेटिस्टिकल डेटा जुटाया गया है। उसके विश्लेषण से 'प्रीडिक्टिव मॉडल्स' विकसित किए गए हैं। इन मॉडल्स के आधार पर अभी तक सिर्फ 'शॉर्ट टर्म लोकल वेदर' का ही पूर्वानुमान लगाना संभव है। पृथ्वी के विशाल भू-भाग के लिए दीर्घकालीन अनुमान लगाए जाने के लिए स्टेटिस्टिकल मॉडल्स भी विकसित किए गए हैं,लेकिन इनकी 'प्रीडिक्टिव रिलाएब्लिटी' और 'एफिशिएंसी' अभी अनिश्चित है। उपग्रहों से पृथ्वी के टेम्परेचर चार्ट्स या नक्शे हर तीन घंटा बाद तैयार होते हैं। इस एटलस में जर्रा भर परिवर्तन महसूस किए जाने के तुरंत बाद अनापेक्षित घटना की तैयारी के लिए भारत का आपदा प्रबंधन तंत्र सक्रिय हो जाता है।

भारत में छः ऋतुओं में से गर्मी, सर्दी और बरसात के दिनों में अगर ऋतु प्रभाव अत्यधिक से भी आगे की श्रेणी में है तो इसके प्रतिकूल फिजियोग्राफिक प्रभाव धरती को झेलने पड़ते हैं। इन कुप्रभावों से मनुष्य और जीव-तंतुओं की प्राणरक्षा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (राआप्रप्रा) की है। इसका एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर राज्यों में जिला स्तर तक काम करता है। मौसम के मिजाज में अचानक और गहन परिवर्तन होने की वजह से तापमान में आमतौर से न्यूनतम और अधिकतम सीमाओं से बहुत नीचे और ऊपर होने से बादल फटने और लगातार अत्यधिक वर्षा होने से जल-प्लावन, भू-स्खलन और नदी-नालों के तेज बहाव, सूखा, भू-कंप, दावानल, सूनामी या बड़ी दुर्घटनाओं के समय आपदा प्रबंधन में लगे विशेषज्ञ सबसे पहले जन-जीवन की रक्षा करने के लिए सक्रिय होते हैं। आपदा प्रबंधन में जो तत्व सबसे अहम बनकर उभरा है वह है कुदरती तौर पर होने वाली बड़ी आपदाओं का पूर्वानुमान किए जाने की क्षमता को तकनीकी तौर से बढ़ाना और आपदा आने पर बचाव के प्रबंधन को दक्ष टास्क-फोर्स द्वारा कुशलतम होकर सिस्टम की क्षमता बढ़ाना। घाघ-भड्डुरी की कहावतों से नहीं, बल्कि सैटेलाइट इमेजरीज ही अब मौसम की नब्ज को पकड़ने का हमारा विश्वनीय आसरा है। ख्यात पत्रिकाओं में ऊंचे स्तर के अब तक पचास प्रकाशित शोधपत्र भीषण गर्मी पैदा होने की वजह, पृथ्वी के विभिन्न और विशाल प्रभावजनक घटकों, इलेक्ट्रो एवं पैथो फिजियोलॉजी,अति-ताप और अति-शीत के रेस्पांस में मनुष्य देह की एडाप्टेशन और शरीर क्रिया प्रणाली पर इसके असर के बारे में देख चुका हूं।

**क्लाइमेट चेंज स्टडीज और हीट-वेव का असर जाहिरा तौर से भारत में मानसूनी वर्षा की चक्रवातीय गतिविधि और वर्षा से गिरने वाले जल की कुल मात्रा और इसके क्षेत्रीय प्रसार,फसलों की पैदावार से जुड़ी हुई फूड सिक्यूरिटी की साथ-साथ मनुष्य और जीव जंतुओं की सेहत से वास्ता रखती हैं।**

इन सबमें हीट स्ट्रेस और एक्सपोजर की फिजियोलॉजी के मैकेनिज्म को शरीर के सभी सिस्टम्स में कोशिका स्तर तक देखा जा चुका है और इससे वैज्ञानिकों की समझ में जबरदस्त इजाफा हुआ है। भारत के किसी भी हिस्से में हीट को न तो हम कम कर सकते हैं और न ही कुदरत की विशाल मौसम-मशीन के साथ कोई छेड़खानी अथवा इंटरवेंशन कर सकते हैं। परिवर्तनों पर नजर रखकर पूर्वाकलन करते हुए सिर्फ बचाव के उपाय किए जा सकते हैं, लेकिन उक्त अध्ययनों से हीट स्ट्रेस और एक्सपोजर झेल चुके मनुष्यों को इलाज करने के लिए मेडिकल साइंस में अब विस्तृत हो चुकी समझ से न केवल पीड़ित व्यक्ति को राहत दी जा सकती है,बल्कि जान भी बचाई जा सकती है। इनमें से कुछ रिसर्च में संदर्भ हेतु अत्यधिक बार नामांकित हुए शोधपत्रों को उद्धृत करना चाहूंगा, जैसे कि : इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एनवायरनमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ के 9 सितंबर 2020 के अंक में सिंगापुर में नान्यांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन के वैज्ञानिक शिंग ल्यों लिम का फंडामेंटल कॉन्सेप्ट्स ऑफ ह्यूमन थर्मोरेगुलेशन एंड एडाप्टेशन टू हीट, जर्नल ऑफ नेचुरल रेमिडीज के जुलाई 2019 के अंक में वंदना वर्मा और साथियों द्वारा प्रकाशित आयुर्वेदिक इनसाइट्स ऑन फिजियोलॉजी ऑफ स्वेटिंग एंड थर्मोरेगुलेशन, साइंस एडवांसेज जर्नल के 7 जून 2017 के अंक में 11 साइंसदानों द्वारा साझा रूप से प्रकाशित किया गया पर्चा इनक्रीजिंग प्रोबबिलिटी ऑफ़ मोर्टेलिटी ड्यूरिंग इंडियन हीट वेव्स और ब्रिटिश मेडिकल जर्नल के 7 अक्टूबर 2021 के अंक में राधिका खोसला और साथियों का संपादकीय लेख हेल्थ रिस्क्स ऑफ एक्सट्रीम हीट। राधिका कहती हैं कि सन् 2019 में दुनिया में लोगों को 475 मिलियन बार हीट एक्सपोज़र हुए। इसका अर्थ है कि एक व्यक्ति अगर तीन दिन लगातार भयंकर गर्मी झेलता है तब इस हिसाब से सन् 2019 में ही 155 मिलियन या 15.5 करोड़ लोग हीट वेव के चपेट में आए थे। इससे हीट वेव के दुष्प्रभाव और इसकी व्यापकता मालूम होती है। उपरोक्त में से बहुत सी स्टडीज 'ट्रेंडी' कही जा सकती हैं,परंतु धरती पर रहने वाले मनुष्यों ने व्यवहार जनित परिवर्तन अगर नहीं किए तो ये प्रोजेक्शंस अनुमानित समय सीमा समाप्त होने से पहले भी घटित हो सकते हैं। कुदरत ने खुद ही अपने साथ हुई छेड़खानी का इलाज करने का कमाल कर दिखाया तो मध्यम असर वाली हीट-वेव तो चलेगी ही। खुद इलाज का अर्थ है प्राकृतिक आपदा की गहनता के साथ बारंबारता और असर का व्यापक होना जैसे कि भू-कंप की पुनरावृत्ति कम समय अंतराल से होना, सुनामी, अनावृष्टि या अकाल और ग्लोबल बाढ़ की स्थिति या एक बड़ा जियो-मैग्नेटिक परिवर्तन और झटका। एक बड़ी सोलर फ्लेयर ही धरती के एक तिहाई भाग को नष्ट कर सकती है जैसा कि एक साइंस फिक्शन राइटर ने अपने उपन्यास में कल्पना की थी या फिर रॉबर्ट सिल्वरबर्ग ने अपने उपन्यास नाइटफाल में कहा।

पृथ्वी पर बहुत सी आपदाओं को साइंस फिक्शन राइटर्स ने कल्पना में उतारा है,लेकिन इन सबमें मनुष्य के जिंदा रहने की तीव्र इच्छा और अदम्य साहस ने कहीं भी कैसे भी महाविनाश (कैटस्ट्रोफ) के बाद भी बचाकर रखा है। मानव कृत महाविनाश की घटना तो सिर्फ बड़े न्यूक्लियर युद्ध की वजह से ही संभव है,जिसमें कम से कम दस हजार मेगाटन शक्ति की विस्फोटक शक्ति हो। इतनी ऊर्जा पैदा करने के बाद विस्फोट तरंगों और हीट-वेव के कारण 13 करोड़ लोगों की तत्काल मृत्यु और बाकी में से अधिकांश की न्यूक्लियर शीत के कारण मृत्यु हो जाएगी। धरती से अधिकांश जीवन समाप्त हो जाएगा और दशकों तक हीट-वेव और अम्लीय वर्षा होती रहेगी।

क्लाइमेट चेंज स्टडीज और हीट-वेव का असर जाहिरा तौर से भारत में मानसूनी वर्षा की चक्रवातीय गतिविधि और वर्षा से गिरने वाले जल की कुल मात्रा और इसके क्षेत्रीय प्रसार,फसलों की पैदावार से जुड़ी हुई फूड सिक्यूरिटी की साथ-साथ मनुष्य और जीव जंतुओं की सेहत से वास्ता रखती हैं। महत्वपूर्ण यह जानना है कि क्षेत्र विशेष में रहने वाले मनुष्य अति-गर्म वातावरण को झेलने का आदी होने के बावजूद अपने इलाके में उम्मीद से अधिक गर्मी या ठंड पड़ने के समय इसकी भीषणता से बचने का क्या उपाय करता है। साधन संपन्न मनुष्य अपने लिए विश्वकर्मा दर्पण या विश्वकर्मा प्रकाश जैसे भारती वास्तुशास्त्र एवं शिल्प ग्रंथों के आधार पर ताप-सह्य घर का डिजाइन बनवाकर, ऊनी कपड़े पहनकर शरीर से 'हीट-लॉस' कम करके, घर के चारों ओर घनी छाया वाले वृक्ष लगाकर या पोखर एवं तड़ाग बनवाकर, वातानुकूलन संयंत्र लगाकर या पर्वतीय इलाकों में शीतल और सुकून देने वाली उपत्यकाओं में अस्थायी स्थानांतरण करके बचाव कर सकता है,लेकिन विपन्न व्यक्ति मारू गर्मी और ठंड को बर्दाश्त नहीं पाता और लंबे समय तक प्रतिकूल परिस्थितियों में रहने से अंततः मर ही जाता है। भीषण गर्मी में गरीब तबके के इंसान अत्यधिक ऊंचे ताप के कारण हाइपर-पायरेक्सिया और ठंड लगने पर हाइपो-थर्मिया होने के कारण मरते देखे गए हैं। पैथो-फिजियोलॉजी ऑफ एक्सट्रीम हीट एंड कोल्ड का असर गरीब और अमीर कितना और क्यों होता है, यह जानने के लिए भी शोध अध्ययन हुए हैं,जिनके जरिए इनकी आर्थिक पृष्ठभूमि में विशाल अंतर को आधार बनाया गया,लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय ने सन् 2021 में एक ऐसी अध्ययन रिपोर्ट का प्रकाशन किया,जिसमें हीट-स्ट्रेस से मरने वालों की शव परीक्षा और क्लिनिकल जांच के बारे जानकारी दर्ज है। इसीलिए सरकारी खर्चे पर बेसहारा लोगों के शीत और भीषण गर्मी से बचाव के लिए सामूहिक आवास गृह बनाए जाते हैं।

## प्रसंगवश

# ये खेल है या मुर्गों की लड़ाई



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

एक बार सुनील गावस्कर किसी टेस्ट मैच में ओपनिंग करने गए और दुर्भाग्य से जीरो पर आउट हो गए। गावस्कर भारी मन और धीमे कदमों के साथ पैवेलियन लौटे। बिना किसी से कोई बात किए उन्होंने बल्ला एक तरफ पटका और सोफे पर निढाल होकर पड़ गए। किसी साथी खिलाड़ी की हिम्मत नहीं हुई कि उनके पास जाकर उन्हें ढाढस बंधाए।

तभी पॉली उमरीगर,जो अपने समय के बहुत बड़े बल्लेबाज थे और उस वक्त क्रिकेट प्रशासन में किसी ऊंचे ओहदे पर थे, पानी का एक गिलास लेकर गावस्कर के पास पहुंचे। गावस्कर उनका बहुत सम्मान करते थे। उमरीगर को पानी का गिलास लाता देख वे उठने को हुए, लेकिन जब तक वे उठ पाते,उमरीगर वहां पहुंच गए और पानी का गिलास पकड़ाया। "क्रिकेट में ऐसा होता है" उमरीगर ने गावस्कर को कहा और उनकी बगल में बैठकर उन्हें कुछ समझाने लगे। अगली पारी में गावस्कर ने बेहतरीन 73 रन बनाए। रॉस टेलर न्यूजीलैंड के महान बल्लेबाज थे,जिन्होंने हाल में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है। टेस्ट और वन डे क्रिकेट रिकार्ड में उनकी बेहतरीन पारियां दर्ज हैं। वे आईपीएल खेल रहे थे। एक मैच में वे शून्य पर आउट हो गए। उनकी टीम भी हार गई। मैच खत्म होने के बाद टीम के मालिक ने सबके सामने उन्हें तीन-चार थप्पड़ रसीद कर दिए और कहा, "मैंने तुम्हें करोड़ों रूपये में खरीदा है। जीरो पर आउट होने के लिए नहीं"।

रॉस टेलर ने कुछ दिनों पहले प्रकाशित अपनी आत्मकथा में इस घटना का विवरण देते हुए लिखा, "हालांकि उन थप्पड़ों में आक्रामकता नहीं थी और वे बहुत जोर से नहीं मारे गए थे,लेकिन मैं उसका अर्थ समझ रहा था,जो हुआ वह सार्वजनिक रूप से हुआ। " सुनील गावस्कर अपने देश की टीम में चुने गए थे ,लेकिन रॉस टेलर की आईपीएल टीम ने उन्हें चुना नहीं था,बल्कि 'खरीदा' था। जब से क्रिकेट का बाजार सजा या कहें,बाजार में क्रिकेट उतरा, खिलाड़ी नायक न होकर अपने क्लबों के लिए मुर्गे बन गए।

मध्यकाल में सामंत लोग मुर्गे लड़वाया करते थे और आम जन भी उन तमाशों का मजा लेते थे,खुश हो होकर तालियां बजाते थे। मुर्गों का कोई देश या राज्य या मोहल्ला नहीं होता था,उनके सिर्फ मालिक होते थे। आधुनिक दौर में सामंतों की जगह पैसे वाले मालिकों ने ले ली और मुर्गों की जगह खिलाड़ियों ने ले ली। बाजार ने क्रिकेट को बेशुमार पैसा दिया,लेकिन क्रिकेट से उसकी आत्मा और खिलाड़ियों से उनकी गरिमा छीन ली।

आईपीएल में जब पहली बार विभिन्न शहरों पर आधारित टीमें बनीं तो उनका स्वरूप नितांत व्यावसायिक था,लेकिन भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की भावनाओं और टॉप के कुछेक भारतीय क्रिकेटरों के उनके शहरों से जुड़ाव को देखते हुए 'आइकन प्लेयर' की परिकल्पना की गई। यानी जो खिलाड़ी अपने शहर में किसी आइकन की तरह लोकप्रिय है,उन्हें नीलामी की प्रक्रिया में न डालकर उनके शहर की टीम से जोड़ दिया गया और नियम बनाया गया कि वह टीम नीलामी में किसी खिलाड़ी को जिस अधिकतम कीमत पर खरीदेगी, अपने आइकन प्लेयर को उससे 15 प्रतिशत अधिक पैसे देगी।

पहले सीजन में इन आइकन खिलाड़ियों को खूब सम्मान दिया गया। कोलकाता की टीम में सौरव गांगुली,बैंगलोर की टीम में राहुल द्रविड़, हैदराबाद में वीवीएस लक्ष्मण, पंजाब में युवराज सिंह,मुंबई में सचिन तेंदुलकर आइकन प्लेयर बने। शायद, एकाध कोई और भी बने हों,लेकिन जीत, मुनाफा, ब्रांड वैल्यू आदि बाजारवादी मानकों पर गठित उन आईपीएल टीमों के लिए स्थानीयता और भावुकता पर आधारित आइकन प्लेयर की परिकल्पना पहले दूसरे साल से ही बोझ बनने लगी। साल दो साल बीतते-बीतते एक सचिन को छोड़ बाकी सारे के सारे आइकन साहब बाकायदा धकिया कर टीमों से बाहर कर दिए गए।

टी-20 के नायकों का उदय हुआ। नई पीढ़ी के खिलाड़ियों ने अपने खेल को इस तरह ढालने का अभ्यास किया कि वे हर तरह की क्रिकेट में प्रासंगिक बन सकें,लेकिन तब भी,आज की क्रिकेट में दुनिया के टॉप तीन बल्लेबाजों में शुमार स्टीव स्मिथ आईपीएल में बिना बिके रह गए। यह कैसी क्रिकेट है जिसमें स्टीव स्मिथ,द्रविड़, गांगुली, लक्ष्मण, माहेला जयवर्धने जैसे क्रिकेट के इतिहास पुरुष 'अनसोल्ड' रह जाते हैं। समय आएगा कि एक दिन क्रिकेट का स्वरूप दो सांड़ों की लड़ाई का हो जाएगा। हम सब तालियां बजाएंगे।

# नालंदा विश्वविद्यालय और अमर्त्य सेन



पंकज मोहन
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चीनी कहावत है: इन सुइ, स युवैन, अर्थात् जब पानी पीते हो तो तालाब या कुंआ बनाने वालों के बारे में कृतज्ञतापूर्वक सोचो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने जिस परिसर का उद्घाटन और लोकार्पण किया उसका टेंडर मेरे हस्ताक्षर से जनवरी 2017 में नागार्जुन कंस्ट्रक्शन को दिया गया था और कैंपस निर्माण के श्री गणेश के अवसर पर नागार्जुन कंपनी द्वारा आयोजित भूमि पूजन का जजमान मैं ही था। नालंदा विश्वविद्यालय कैंपस निर्माण के शुभारंभ (भूमि पूजन) के अवसर पर मैंने किसी राजनेता को आमंत्रित नहीं किया।

अब विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने नालंदा विश्वविद्यालय निर्माण के इतिहास की जो डॉक्युमेंटरी दिखाई, उसमें राष्ट्रपति कलाम और प्रधानमंत्री मोदी का ही उल्लेख था। किसी ने 2014 में नालंदा विश्वविद्यालय के अंतरिम परिसर का उद्घाटन कर अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया के शुभारंभ में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली राजनेत्री श्रीमती स्वराज का स्मरण नहीं किया। विश्वविद्यालय के निर्माण का विजन प्रदान करने वाले प्रथम कुलाधिपति प्रोफेसर अमर्त्य सेन,शासी समिति के सदस्य और प्रथम कुलपति डॉक्टर गोपा सभरवाल की भी उपेक्षा हुई। प्रोफेसर अमर्त्य सेन और शासी समिति के उनके विद्वान सहयोगियों ने विश्वविद्यालय के भावी स्वरूप का रोडमैप तो बनाया ही, 2014 में प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने इंडोनेशिया में व्याख्यान के मानदेय के रूप में प्राप्त बीस लाख रुपये के दान द्वारा अभावग्रस्त छात्रों के लिए छात्रवृति कोष बनवाया। अमर्त्य सेन की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के कारण आस्ट्रेलिया सरकार,चीन की सरकार और स्विटजरलैंड के एक एनआरआई व्यवसाय ने एक-एक मिलियन अमेरिकी डॉलर (कुल मिलाकर अठारह करोड़ रुपये) का दान दिया। थाईलैंड ने साठ लाख रुपये का अनुदान दिया।

**अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय आज बिहार के चौबीस विश्वविद्यालयों में अठारहवें पायदान पर खड़ा है।**

सिंगापुर के प्रमुख व्यवसायियों का एक दल प्रोफेसर अमर्त्य सेन और शासी समिति के सदस्य श्री जार्ज यो,जो सिंगापुर के विदेश मंत्री थे,के अनुरोध पर नालंदा आया था। वे विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के लिए करीब दस मिलियन अमेरिकी डालर,अर्थात् साठ करोड़ रुपये का अनुदान देने के लिए प्रतिबद्ध थे। जब सरकार ने अमर्त्य सेन को पहले कुलाधिपति पद से हटाया और फिर शासी समिति से भी बेदखल कर दिया,जार्ज यो ने भी नालंदा से नाता तोड़ लिया और सिंगापुर के उद्योगपति भी अनुदान के वादे से मुकर गए।

प्रोफेसर अमर्त्य सेन जब विश्वविद्यालय के काम से भारत आते थे तो उनके फ्लाइट के किराए का भुगतान विश्वविद्यालय को नहीं करना पड़ता था। वे यह भूल जाते हैं कि भारत रत्न सम्मान से नवाजे गए लोग जिस राज्य में जाते हैं,उन्हें राजकीय अतिथि का दर्जा मिलता है और राज्य सरकार उनके आतिथ्य के उत्तरदायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करती है। सरकार ने प्रोफेसर अमर्त्य सेन और उनके द्वारा नियुक्त कुलपति को कलंकित करने के उद्देश्य से हर तरह के हथकंडे अपनाए,नाना प्रकार की चालबाजी की,लेकिन सांच को आंच क्या? झूठ के सचमुच पांव नहीं होते। टाइम्स ऑफ इंडिया की पत्रकार भारती जैन ने ट्विटर पर प्रोफेसर अमर्त्य के खिलाफ कुछ आरोप लगाए। उसने लिखा कि नियुक्ति में धांधली हुई,उन्हें पांच लाख रुपये प्रति माह वेतन,बेहिसाब विदेश यात्रा,विलासितापूर्ण होटल का आतिथ्य,सीधी नियुक्तियों की शक्ति, आदि दिए गए थे। बाद में जब उसे तथ्यों से अवगत कराया गया,उसने अपने आरोपों को वापस लिया और क्षमा याचना की।

पोस्ट-अमर्त्य सेन युग की कुलपति महोदया ने सारा जीवन दक्षिण भारत के प्रांतीय विश्वविद्यालय के उस विभाग में अध्ययन और अध्यापन किया,जहां उनके पिताश्री वरिष्ठ और सम्मानित प्राध्यापक थे। कुलपति महोदया ने जीवन में कभी भी किसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिका या प्रकाशन गृह से शोधपत्र या पुस्तक प्रकाशित करने का प्रयास नहीं किया। यूरोप-अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से पीएचडी डिग्रीधारी प्रोफेसर जिनकी बहाली प्रोफेसर अमर्त्य सेन के समय में हुई थी,ने या खुद विश्वविद्यालय छोड़ दिया या उन्हें हटा दिया गया। राष्ट्रीय महत्व के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित जेएनयू ने अपनी स्थापना के प्रथम दशक मे ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित कर ली थी। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय आज बिहार के चौबीस विश्वविद्यालयों में अठारहवें पायदान पर खड़ा है।

## सोशल फोरम

# आस्था कब तक कल्याणकारी



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

रामेश्वरम से रामसेतु देखने धनुषकोडि गया और आनंद से भर गया। रामेश्वरम के धनुषकोडि से श्रीलंका के निकटतम बॉर्डर की दूरी करीब 25 किलोमीटर है, जबकि रामायण में जिस रामसेतु का उल्लेख है,वह सौ योजन लंबा और 10 योजन चौड़ा है। इस हिसाब से ढाई किलोमीटर चौड़ा पुल था। लंका के द्वार पर सुरसा भी हनुमान को निगलने के लिए सौ योजन बराबर मुख बड़ा कर लेती है। सभी बड़ी चीजें सौ योजन हैं। ऐसी चीजें कथा हैं,इन्हें तथ्य नहीं समझ लेना चाहिए और सामाजिक संदेश को समझना चाहिए।

रामकथा के इतिहासीकरण की शुरुआत अंग्रेजों ने की थी,1828 में पहली बार आर्य वीर राम द्वारा दक्षिण के द्रविड़ लोगों पर आक्रमण की बात कहकर। यह नस्लवादी जहर उन्हें खासकर तमिलनाडु के लोगों के मन में बो देने में सफलता मिली है,अंग्रेजों का उद्देश्य पूरा हुआ है। अंग्रेजों की देखा-देखी रामकथा में आए भौगोलिक स्थानों को इतिहास बनाकर उपस्थित करने का एक लंबा सिलसिला इधर फिर चला है, जो मुख्यतः पुरोहितों का व्यापारिक जाल है। इसी क्रम में समुद्र में रामसेतु की खोज हुई और रामेश्वरम में एक सज्जन ने कुछ प्लूमिस पत्थर लाकर एक हनुमान मंदिर में प्रदर्शित कर रखा है और घोषित कर रखा है कि ये पत्थर उसी राम सेतु के हैं। ये वस्तुतः किसी ज्वालामुखी के झाग के टुकड़े हैं,जो छिद्र वाले स्पंज जैसे दिखने वाले पत्थर होते हैं। ये पानी को अपने भीतर खींचकर तैरते हैं।

यदि राम नाम लिखे बिना भी ये तैरें, तो फिर राम का माहात्म्य क्या है? रामेश्वर के एक मंदिर में एक पुरोहित 1000 रुपए में इसके छोटे टुकड़े बेच रहा था। कुछ व्यक्ति भक्ति भाव से खरीदकर चमत्कार दिखाने के लिए घर ले जा रहे थे। आस्था के ऐसे शोषण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। आस्था तभी तक कल्याणकारी है,जब तक बुद्धि का दामन नहीं छोड़ती। आस्था और अंधविश्वास में फर्क है। आस्था कई बार मनुष्य का आत्मविश्वास मजबूत करती है,जबकि अंधविश्वास हर बार आत्मविश्वास छीन लेता है। **-फेसबुक वॉल से**

# असली इंसान



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

जून,1979 को मेरा स्थानांतरण अपराध शाखा,लखनऊ से मुरादाबाद हो गया,जहां मैं सीओ अमरोहा बनाया गया। अपराध शाखा में मेरे पुलिस अधीक्षक रहे मंजूर अहमद साहब के साले मुजम्मिल खां अमरोहा में रहते थे। लंबे, तगड़े, गोरे खां साहब पुराने जमींदार थे और राजनीति व स्थानीय गुटबंदी से दूर रहते हुए प्रभावशाली व्यक्ति थे। 13 अगस्त 1980 को ईद के दिन मुरादाबाद ईदगाह पर हुए विवाद में पुलिस ने नमाजियों पर फायरिंग कर दी, जिसमें काफी लोग मारे व घायल हुए और मुरादाबाद में पुलिस-मुसलमान संघर्ष प्रारंभ हो गया,जो शाम होते-होते हिंदू-मुस्लिम दंगे में परिवर्तित हो गया। मुरादाबाद दंगे की तपिश अमरोहा में भी महसूस होने लगी। मैं व एसडीएम नंद किशोर आर्य नए तथा अनुभवहीन थे। हमने शहर में गस्त बढ़ा दी तथा कोतवाली में नगर सुरक्षा समिति की बैठक की। मुजम्मिल खां ने अपने 4-5 बंदों के साथ अपनी जोंगा जीप से रात्रि गस्त की पेशकश की।

**मैं व एसडीएम नंद किशोर आर्य नए तथा अनुभवहीन थे। हमने शहर में गस्त बढ़ा दी तथा कोतवाली में नगर सुरक्षा समिति की बैठक की।**

15 अगस्त को लगभग दो बजे दिन में सूचना मिली कि दो घायल मुसलमान सरकारी अस्पताल में आए हैं। मैं तत्काल अस्पताल पहुंचा,वहां भीड़ एकत्र हो रही थी, भीतर घायलों ने बताया कि वे मुरादाबाद से गजरौला ट्रेन से जा रहे थे कि कैलसा स्टेशन के पास जाटों ने ट्रेन रोककर कुछ मुसलमानों को मारा व लूटा है। यह बात सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाली थी। घायल व्यक्ति शिया थे। मैंने तत्काल अस्पताल के भीतर एकत्र मुस्लिमों को निकालकर अपने शिया मित्र,टेनिस खिलाड़ी शाने अकबर को बुला लिया। शाने अकबर अपने साथियों के साथ अस्पताल में आकर स्वयं को घायल का रिश्तेदार बताकर अन्य मुसलमानों को हटाकर इस घटना को आपसी मारपीट बताकर धार्मिक विवाद बनने से बचाया। इसी बीच पुलिस कंट्रोल ने मुझे बताया कि मुजम्मिल खां मुझसे तत्काल बात करना चाहते हैं। मुजम्मिल खां ने बताया कि जामा मस्जिद पर तीन घायल मुसलमान आए हैं,जो गजरौला रेलवे स्टेशन के पास हिंदुओं द्वारा मुसलमानों को मार-पीट कर मुस्लिम औरतों को बलात अपने साथ उठा ले जाने की बात बता रहे हैं। यह बात आसपास के मुस्लिम मोहल्लों में फैल रही है और लोग मस्जिद में भागकर आ रहे हैं,मैं तत्काल मस्जिद पर पहुंच जाऊं,वह वहीं मिलेंगे।

मैं जामा मस्जिद के लिए जीप से भागा। मस्जिद से 200 मीटर पहले ही रास्ते में मुजम्मिल खां अपने 5-6 साथियों के साथ मेरी प्रतीक्षा करते मिले। मुजम्मिल खां बार-बार कह रहे थे,ठाकुर कुछ करो,कुछ करो,हमारे अमरोहा को बचा लो,मैं किंकर्तव्यविमूढ़ खड़ा था। अंत में मैंने वापसी का निर्णय सुनाया। सुनकर खां ने कहा कि क्या मैं असली क्षत्रिय हूं,मेरे हां करने पर वह बोले कि असली क्षत्रिय मौत से नहीं डरता,वह पठान हैं और अपने शहर को बचाने के लिए जान भी दे देंगे। इतना सुनकर मेरे अंदर भी जोश आ गया। मैंने कहा कि तुम पठान हो मरने से नहीं डरते तो मैं भी क्षत्रिय हूं,मैं भी मौत से नहीं डरता,चलो। अब मैं मुजम्मिल खां के साथ मस्जिद की तरफ चल दिया। उस समय न मृत्यु का डर न परिवार की चिंता थी,बस सोच रहा था कि कैसे शहर को बचाया जाय और क्या मैं जान देकर भी सांप्रदायिक सौहार्द बचा पाऊंगा। हम मस्जिद में जैसे ही घुसे,मेरे वर्दी में होने के कारण शोर मचने लगा। मस्जिद परिसर में पुलिस व मेरे विरुद्ध नारेबाजी,गाली गलौज जारी था,जान से मारने की बात भी हो रही थी।

हम मस्जिद प्रबंधक के पास पहुंचे तो कुछ सकून मिला। प्रबंधक लगभग 80 वर्ष के बूढ़े, नाटे लंबी सफेद दाढ़ी वाले व्यक्ति थे। मुझे देखते ही वह बोले कि इन्हें हिंदुओं ने मारा व लूटा है तथा कुछ मुस्लिम खातूनों को हिंदू जबरन अपने साथ ले गए हैं,मैं तुरंत इस मसले को देखूं। मैंने कहा कि मुझे मारपीट का ज्ञान है और गजरौला पुलिस मौके पर छानबीन कर भी रही है, लेकिन औरतों के अगवा वाली बात सही नहीं है। मैंने धीरे से मुंतजिम से कहा कि वह घायलों को बाहर निकलवा दें तथा नमाज के बाद किसी को भी तकरीर करने का मौका न दें अन्यथा वे भड़काऊ भाषण से दंगा करा देंगे। मस्जिद में एक ही द्वार था,जो मुझसे 50 मीटर पीछे था और बीच में थी क्रोधित,नारे लगाती भीड़। वापसी संभव नहीं थी। इतने में चमत्कार हुआ। मुंतजिम ने दहाड़ते हुए कहा- "खामोश" और भीड़ सचमुच खामोश हो गई। वह बोले कि उन्हें भी पुलिस पर विश्वास नहीं है,लेकिन यह सीओ बहादुर ठाकुर है,इस पर मेरा विश्वास है। यह जरूर सही कार्रवाई करेगा। सभी लोग खामोशी से अपने अपने घर जाकर नमाज पढ़ें और अपने कस्बे और देश के अमनोअमान के लिए परवरदिगार से दुआ करें। यह मेरी मस्जिद है,आज यहां मगरिब (शाम) की नमाज नहीं होगी।

हम धीरे-धीरे मस्जिद के बाहर निकल आए, देखा कि कुछ दूर ड्राइवर वासुदेव जीप लेकर चिंतित खड़ा था,मुझे देखते ही वह जीप लाया जिस पर तीन घायल तथा मुजम्मिल खां को लेकर तेजी से अस्पताल आकर उन्हें भर्ती कराया। पहले भर्ती हुए दोनों घायलों की स्थिति ठीक थी और शाने अकबर पहरा दे रहे थे। वहां से मैंने कोतवाली आकर चाय पी और हंसते हुए मुजम्मिल खां से कहा कि आज तो उन्होंने मेरी हत्या करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने भी हंसते हुए कहा कि थोड़ी हिम्मत करने से आज दंगा बच गया नहीं तो हजारों खुराफातियों की भीड़ को कौन रोक पाता? इसी बीच उनके चेले उनकी जोंगा जीप लेकर आ गए और हमने उन्हें विदा किया। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि कोई मुसलमान मस्जिद में नमाज के लिए मना करेगा और नमाजी चुपचाप मान लेंगे। ऐसी घटना मैंने आज तक न देखी न सुनी। कोतवाली में बैठे हम बात कर रहे थे कि यदि मुजम्मिल खां न होते तो आज अमरोहा कस्बे की गलियां खून से लाल हो जाती और अमरोहा की तवारीख पर एक बदनुमा दाग लग जाता।

## एक नजर

### पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने वारंटी पंकज पुत्र रूपकिशोर निवासी मोहल्ला खैवान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहीं, मोहल्ला कायस्थान चामुंडा रोड निवासी अदनान पुत्र अंसार को कोतवाली पुलिस ने पोक्सो के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से न्यायालय के आदेश पर उसको जेल भेज दिया गया।

### घायल मिली महिला की उपचार के दौरान मौत

**नगीना, अमृत विचार :** बुधवार दोपहर धामपुर मार्ग पर गोयल पब्लिक स्कूल के पास सड़क पर करीब 75 वर्षीय महिला घायल अवस्था में बेहोश मिली। महिला के सिर में चोट लगी थी। आशंका है कि महिला किसी वाहन के टकराने से घायल हुई होगी। महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। महिला के पास आईडी नहीं मिली, जिससे उसकी शिनाख्त हो पाती। पुलिस ने महिला का शव मोर्चरी बिजनौर के लिए भेज दिया।

# उद्यमियों की समस्याओं का होगा निस्तारण : डीएम

## कलेक्ट्रेट में हुई उद्योग बन्धु समिति की बैठक, इंडस्ट्रियल एरिया की स्थापना की मांग

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा एवं अपर जिलाधिकारी विनय कुमार की उपस्थिति में हुई। बैठक में इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) बिजनौर चैप्टर के चेयरमैन विकास कुमार अग्रवाल द्वारा उद्योगों की विभिन्न समस्याओं की बैठक में जानकारी दी गई तथा जनपद में बड़े इंडस्ट्रियल एरिया की स्थापना की मांग की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं के बिन्दुवार निस्तारण के निर्देश दिए एवं नगीना कताई मिल में इंडस्ट्रियल एरिया के स्थापना की संभावना प्रकट की गई। बैठक में आईआईए बिजनौर चैप्टर के वरिष्ठ सदस्य जुल्फिकार आलम, अंशुल सिंघल, नितिन अग्रवाल, भाविक मित्तल लोकेंद्र सोलंकी सहित अनेक सदस्यों व पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग अमित कुमार ने किया। सभा के अंत में बिजनौर में इन्वेस्टर समिट के तहत 10 हजार करोड़ से ऊपर हुए निवेश के लिए शासन की ओर से दिए प्रशस्ति पत्र को जुल्फिकार आलम द्वारा जिलाधिकारी को तथा चैप्टर चेयरमैन विकास कुमार अग्रवाल द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को भेंट किया गया।

**• निवेश से संबंधित प्रशस्ति पत्र डीएम व सीडीओ को सौंपा**



शपथ दिलाते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

## नशा मुक्त अभियान की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कराई।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर हर्ष चावला सहित कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हम सभी के शपथ ग्रहण करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि हम सभी को स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार व अपने पड़ोस में भी नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी के साथ व इसकी रोकथाम के बारे आमजन को जागरूक करना है। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने शपथ ग्रहण कराते हुए कहा कि हमारे देश में, विशेष रूप से युवाओं के बीच नशे की दवाओं का दुरुपयोग बढ़ता जा रहा है और ये चिंता का विषय है। सभी को शपथ दिलाई कि हम नशे की दवाओं का दुरुपयोग रोकने में सहयोग करेंगे। हम यह वचन देते हैं कि किसी भी प्रयोजन के लिए किसी भी प्रकार से हानिकारक अथवा अवैध पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे। हम प्रत्येक व्यक्ति, विशेषतः युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए नशे की दवाओं के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता पैदा करेंगे। जिससे भारत का युवा वर्ग नशा मुक्त जीवन-यापन कर सके व समाज के रचनात्मक एवं महत्वपूर्ण सदस्य बन सके। हम प्रतिज्ञा करते हैं कि नशे से दूर रहेंगे और स्वस्थ जीवन-यापन करेंगे।

## सार-संक्षेप

### महिला की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

**चांदपुर, अमृत विचार :** महिला की संदिग्धहालात में मौत हो गई। उसके मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। संजय कुमार सैनी ने बताया कि उसने अपनी पुत्री मोनिका का विवाह चार सितम्बर 2022 को सुनील पुत्र सुरेश निवासी गांव गांवड़ी थाना क्षेत्र चांदपुर के साथ किया था। आरोप है कि मोनिका का पति व ससुराल पक्ष के अन्य सदस्य दहेज में दो लाख रुपये नकदी की मांग करते हुए मोनिका को प्रताड़ित कर रहे थे। मंगलवार शाम संजय सैनी को गांव गांवड़ी से किसी ने सूचना दी कि मोनिका की हत्या की जा चुकी है। तभी संजय परिजनों के साथ रवाना हो गए। ससुराल में जाकर देखा कि मोनिका का शव चारपाई पर पड़ा हुआ था और उसके ससुराल पक्ष के सभी सदस्य मौके से फरार थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतका के पिता की तहरीर पर पति सुनील उसके भाई भोले, रवि, अनिल पुत्र सुरेश, सुरेश पुत्र डालचंद, सुषमा पत्नी सुरेश, ममता पत्नी हरिओम पर मोनिका की हत्या का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक चांदपुर ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### एसडीएम पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरना जारी

**नगीना, अमृत विचार :** किसानों से अभद्र व्यवहार के विरोध में एसडीएम पर कार्रवाई व स्थानांतरण की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं का धरना बुधवार को भी जारी रहा। यूनियन नेताओं व कार्यकर्ताओं का आरोप था कि एसडीएम ने कार्यकर्ताओं की बात नहीं सुनी और अभद्र व्यवहार किया था। जबकि एसडीएम का कहना था कि उन्होंने किसी से अभद्र व्यवहार नहीं किया। भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता अभद्र व्यवहार के विरोध व एसडीएम के स्थानांतरण की मांग को लेकर सोमवार से तहसील परिसर में धरना दे रहे हैं। उधर, एसडीएम द्वारा बेगमपुर चायमल के चारागाह की भूमि के कब्जे की जांच के लिए तहसीलदार संतोष सिंह के नेतृत्व में गठित सात सदस्य टीम ने मामले की जांच कर रिपोर्ट एसडीएम को दे दी है। तहसीलदार संतोष सिंह ने बताया कि जांच में भूमि पर कोई कब्जा नहीं पाया गया। बुधवार को धरने पर ब्लॉक, तहसील व नगर के पदाधिकारियों के अतिरिक्त भाकियू के हर्षवर्धन सिंह, समर पाल सिंह, अनुज तोमर, तेजपाल, हितेश, समीर, फहीम, योगेंद्र सिंह रहे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**किरतपुर, अमृत विचार :** ग्राम भगवानपुर के पास कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर के जिला अस्पताल रेफर किया। बुधवार को क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर की पुलिया के पास रात नौ बजे कार व बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें कार सवार मौके से फरार हो गया व बाइक सवार मानस पुत्र विकास रस्तोगी निवासी मोहल्ला झंडा किरतपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस में मानस को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने मानस की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया। घटनास्थल से पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई।

### गजेंद्र बने अध्यक्ष, रवि संगठन मंत्री

**नहटौर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अनु. जाति, अनु. जनजाति, जनजागृति महासंघ (अराजनैतिक) की बैठक में संगठन को मजबूत करने व एकता बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक जिला अध्यक्ष सोमेंद्र कुमार के आवास दुर्गा विहार कॉलोनी नहटौर पर संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश, तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी गठन पर चर्चा की गई। नौबहार सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिला कार्यकारिणी को निर्देश दिए कि कर्मचारियों, अधिकारियों के सुख-दुख में हिस्सा लें। बैठक में धामपुर तहसील की कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष सोमेंद्र कुमार द्वारा घोषित की गई। जिनमें अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, सचिव थंमन सिंह, संगठन मंत्री रवि कुमार, वरिष्ठ संगठन मंत्री डॉ. संतोष कुमार, उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह व आनंद को मनोनीत किया गया। नरेंद्र सिंह राष्ट्रीय प्रवक्ता, शिवनाथ सिंह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं रामअवतार सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों ने विचार प्रस्तुत किये। जिला अध्यक्ष सोमेंद्र कुमार ने कहा कि वह समाज के हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहेंगे। जिला महासचिव गोपाल सिंह गौतम ने कहा कि वह अपने संगठन के साथ उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होंगे।

## जमीन बेचने की धोखाधड़ी में आठ आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** कस्बा झालू निवासी राशिद हुसैन ने थाना हल्दौर में दी गई तहरीर में राजेंद्र पुत्र जयसिंह निवासी मोहल्ला काजीपाड़ा थाना कोतवाली शहर बिजनौर, प्रदीप चौधरी पुत्र सोमपाल सिंह निवासी ग्राम फुलसंदा थाना नहटौर जनपद बिजनौर तथा एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध साथियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी कर रुपये वसूलने का आरोप लगाया था।

जिसमें 90 बीघा आम के बाग में 15 बीघा का हिस्सा एक करोड़ 10 लाख रुपये बीघा की कीमत में बेचना तय हुआ था। इसके बाद बतौर बयाना 50,000 नकद तथा एक करोड़ 25 लाख रुपये नकद और 29 लाख रुपये के चेक से भुगतान लेने के बाद भी उक्त भूमि का बैनामा नहीं किया गया। आरोपियों ने न ही लिए गए रुपये लौटाए।पुलिस ने आरोपी प्रदीप चौधरी निवासी गांव फुलसंदा बिजनौर, राजेंद्र बिजनौर, सालिम हरिद्वार, हरदीप मुजफ्फरनगर, सुशील मुजफ्फरनगर, करण मुजफ्फरनगर, नीरज पुत्र रामदास निवासी ग्राम बासी वाला थाना पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर, कपिल राणा पुत्र शैलेश चंद्र निवासी ग्राम चंद चक्र शेरपुर थाना पुरकाजी मुजफ्फरनगर सहित आठ को गिरफ्तार किया है।

## बैल ने किसान के पेट में मारे सींग, मौत

**शेरकोट, अमृत विचार :** शेरकोट के गांव शहजादपुर के 70 वर्षीय मुस्तफा मंगलवार रात अपने बैल को चारा डाल रहा था।

इसी दौरान बैल ने किसान के पेट में सींग मार दिए। उसकी चीख सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने किसान को बचाया और अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मुस्तफा को मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे शहाबुद्दीन और ग्राम प्रधान नफीस अहमद ने बताया की कुछ समय पहले बैल को कुत्ते ने काट लिया था। पशुधन प्रसार अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि बैल रेबीज के कारण पागल हो चुका है। जानकारी पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है और परिजनों से जानकारी कर कार्रवाई की।

## ठग गिरोह का एक और आरोपी गिरफ्तार, 20 हजार बरामद

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** ठग गैंग में देवी बनने के आरोपी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर 20 हजार रुपए की रकम बरामद की है। पुलिस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

गांव दबथला निवासी महेंद्र सैनी के पास करीब चार माह पहले नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव अथाई अहीर का भूरा आया था। उस समय महेंद्र के घर में कुछ परेशानी चल रही थी। भूरा ने महेंद्र के घर की बीमारी व पैसे की कमी को दूर कराने के लिए बाबा से मिलाने की बात कही। उसी के बाद ठगी का खेल शुरू हो गया। शुरू में पूजा के लिए 21 हजार रुपये लिए गए। उसके बाद गैंग के सदस्यों ने दूसरे बाबा से मिलाने व पूजा कराने का झांसा देकर करीब छह लाख 21 हजार रुपये ठग लिए। इसके बाद आठ लाख रुपये की और मांग की जा रही थी। इसी मामले में पूछताछ में खुलासा हुआ कि देवेन्द्र केमिकल अपने शरीर पर लगाकर आग लगा लेता था। जिससे पीड़ित डर जाता था। देवी बनने वाले आरोपी अमरोहा के थाना गजरौला मोहल्ला सैफी निवासी देवेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र रामप्रसाद शर्मा की रिमांड लेने के बाद पुलिस ने 20 हजार रुपए की रकम बरामद की।

## मिड डे मील का डीसी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बिजनौर, अमृत विचार :** मिड डे मील के जिला समन्वयक राशू कुमार को विजिलेंस की टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

रामोरूपपुर निवासी राशू कुमार मिड डे मील के डीसी पद पर तैनात हैं। बुधवार को शिकायत पर बरेली से पहुंची विजिलेंस की टीम ने एनजीओ को मिड डे मील वितरण के लिए एनओसी देने के नाम पर 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। संस्था की शिकायत पर विजिलेंस टीम ने बुधवार को उनके कार्यालय से 50 हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद टीम उन्हें लेकर बरेली चली गई। राशू कुमार की पत्नी आकांक्षा चौहान नूरपुर ब्लॉक की ब्लॉक प्रमुख हैं।

# रामपुर-अमरोहा

## मुठभेड़ में दो गो-तस्करों को लगी पुलिस की गोली, तीन पकड़े गए

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** पुलिस और गो तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में दो गो तस्करों के पैर में गोली लग गई। तीसरे को पुलिस ने ऐसे ही दबोच लिया। वहीं मौका पाकर तीन गो तस्कर भागने में कामयाब हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है।

मिलक पुलिस को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि बुधवार तड़के क्षेत्र के बल भद्रपुर गांव के जंगल में गो तस्कर गोकशी की घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। गो तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस ने अपना जाल बिछा दिया। जैसे ही गो तस्कर घटना को अंजाम देने के लिए सक्रिय हुए तो पुलिस ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस द्वारा घिरता देख गो तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने भी अपने आप को बचाते हुए आरोपियों पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद दो गो तस्करों के पैर में गोली लग गई। साथियों के गोली लगने पर गो तस्करों में खलबली मच गई। उसके बाद और आरोपी भागने लगे। भागते समय पुलिस ने एक और गो तस्कर को दबोच लिया। वहीं तीन अन्य गो तस्कर भागने में सफल हो गए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज हो रहा है।

**• तीन गो तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर हुए फरार**

### एसपी ने घायलों से की पूछताछ

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी बब्लू निवासी ग्राम आंवला थाना बिलारी जिला मुरादाबाद, समीर निवासी ग्राम लोधी सराय नखासा संभल व अबरार निवासी रेवड़ी कलां थाना मिलक हैं। घायल बब्लू और समीर ने बताया कि घटना को अंजाम देने में सलीम पुत्र महमूद निवासी ग्राम बड़ा गांव थाना शाहबाद, बाबर उर्फ शरीफ पुत्र शाहिद निवासी ग्राम सहसपुर थाना बिलारी मुरादाबाद और रिजवान उर्फ छोटा पुत्र बब्बू शाह निवासी ग्राम रेवड़ी खुर्द थाना मिलक है। जोकि साथ थे जो मौका पाकर फरार हो चुके हैं। मुठभेड़ की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने जिला अस्पताल पहुंचकर दोनों घायलों से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पकड़े गए व फरार गो तस्करों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को गो तस्करों के कब्जे से दो तमंचे, दो कारतूस, चार जिन्दा कारतूस, एक चाकू, करीब 80 किलो गोवंशीय मांस, गोवंश काटने के उपकरण, एक टोयटा करोला गाड़ी व एक बाइक भी बरामद की।



घायल को ले जाती पुलिस।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के बेटे का पुलिस से नोकझोंक का वीडियो वायरल

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा के जिलाध्यक्ष के बेटे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पुलिसकर्मियों से नोकझोंक और गाली की आवाज सुनाई दे रही है। मामला संज्ञान में आने के बाद एएसपी ने सीओ सिटी को जांच के आदेश दिए हैं।

सिविल लाइन क्षेत्र की फ्रेंडस कालोनी निवासी हंसराज पप्पू भाजपा के जिलाध्यक्ष हैं। उनका पेट्रोल पंप सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शादी की मढैया में है। बताया जा रहा है कि डंपर चालक वहां वाहन में तेल डलवाने आया था। उसके पीछे अजीतपुर चौकी के दो सिपाही पहुंच गए और डंपर चालक से मारपीट करने लगे। जानकारी पर जिलाध्यक्ष का बेटा पहुंच गया। इसके बाद सिपाही और भाजपा जिलाध्यक्ष के पुत्र बीच कहासुनी और गाली-गलौज भी हुई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। एएसपी अतुल श्रीवास्तव ने मामले की जांच सीओ सिटी को सौंप दी है। भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने बताया कि पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने आए चालक से पुलिसकर्मी मारपीट कर रहे थे। जानकारी मिलने के बाद बेटा गया था। बेटे की पुलिसकर्मियों के साथ भी नोकझोंक हो गई थी।



ताहिर वसीम के आवास पर प्रेस वार्ता करते आचार्य प्रमोद कृष्णम। ● अमृत विचार

## राहुल ने 15 साल में कांग्रेस को किया बर्बाद : प्रमोद

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 15 सालों में उन्होंने कांग्रेस को बर्बाद करने का काम किया है।

बुधवार रात नगर के मोहल्ला कायस्थान में वरिष्ठ समाजसेवी ताहिर वसीम के आवास पर आचार्य प्रमोद ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा की राहुल गांधी ने पिछले 15 सालों में कांग्रेस को पूरी तरह से बर्बाद करने का काम किया है। महात्मा गांधी कांग्रेस को खत्म करना चाहते थे। लेकिन नेहरू ने उनको ऐसा करने नहीं दिया। राहुल गांधी विपक्ष के नेता बने हैं अब देखना होगा वह विपक्ष को कब डूबाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता संजीदा होना चाहिए था। जो मुल्क की आवाज को सुन सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण भारत पूरी दुनिया में इज्जत की नजर से देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ढिंढोरा पीटा जा रहा है कि अयोध्या को जीत लिया है। अयोध्या को कोई जीत ही नहीं सकता है। ऐसी बात कहकर वहां के लोगों के साथ नाइंसाफी की जा रही है। यह पूछने पर की क्या उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली है। उसका जवाब देते हुए कहा कि भाजपा ज्वाइन करने का मामला नहीं, बल्कि देश की सेवा करने की बात की जा रही है। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, ताहिर वसीम, मुजाहिद चौधरी, शरद अग्रवाल, रॉबिन त्यागी, राजा टाटा, शाहनवाज अंसारी, जावेद जरताब, हमजा अली आदि मौजूद थे।

## प्री पेड मीटर का सर्वे करने गई टीम को गांव से बाहर निकाला

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** प्री पेड मीटर का सर्वे करने पहुंची टीम का किसानों ने विरोध करते हुए गांव से बाहर निकाल दिया और अटारी मुरीदपुर बिजलीघर पर पहुंचकर विद्युत कर्मियों का विरोध जताया। काफी देर तक नाराजगी जताने के बाद किसान चेतावनी देकर लौट गए कि किसी भी सूरत में गांवों में प्री पेड नहीं लगने देंगे।

बुधवार को प्री पेड मीटर के लिए सर्वे करने टीम क्षेत्र के गांव अटारी मुरीदपुर पहुंची। गांव में टीम आने की खबर फैलते ही ग्रामीण एकत्र हो गए और इसका विरोध करने लगे। उन्होंने टीम को भी खरीखोटी सुनाई और गांव से बाहर निकाल दिया। इसके बाद ग्रामीण एकत्र होकर गांव में ही बिजलीघर पर जा पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद टीजीटू का घेराव कर लिया। कहा कि बिजली विभाग किसानों का उत्पीड़न करने से बाज नहीं आ रहा है।

एक तो सरकार किसानों को मुफ्त बिजली देने की बात कह रही है। वहीं, दूसरी ओर किसानों के यहां प्री पेड मीटर लगाए जा रहे हैं। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। बाद में ग्रामीण वहां से लौट आए। इस मौके पर आकाश धारीवाल, वेदपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, कपिल चौधरी, रिंकू चौधरी, कृपाल सिह, नवीन चौधरी, चंद्रपाल सिंह, रोहित चौधरी, राजन धारीवाल, सचिन चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## जमीन के विवाद में चले धारदार हथियार, फायरिंग

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में पुश्तैनी जमीन को लेकर चले आ रहे विवाद ने बुधवार को विकराल रूप धारण कर लिया। दोनों पक्ष धारदार हथियार लेकर आमने-सामने आ गए। इस दौरान जमकर मारपीट हुई और हवाई फायरिंग भी की गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मनिहारखेड़ा के सुरेंद्र सिंह घायल अवस्था में परिवार सहित कोतवाली पहुंच गया। उसने पुलिस दी तहरीर में बताया कि पुश्तैनी जमीन को लेकर उसका गांव के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। आरोपी जबरन उसकी जमीन पर कब्जा करने की फिराक में हैं। इसी बात को लेकर पहले भी विवाद भी हो चुका है। उन्होंने इसकी शिकायत तहसील के उच्चाधिकारियों से की थी। लेकिन, प्रशासन टाल-मटोल करते हुए लापरवाही दिखाता रहा। सुरेंद्र सिंह के अनुसार बुधवार की दोपहर वह अपनी जमीन में धान लगा रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के 30-40 चालीस लोग अवैध एवं लाइसेंसी हथियार और नंगी तलवारें लेकर मौके पर आ गए और मारपीट करने लगे। इस दौरान पीड़ित पक्ष के चार और दूसरे पक्ष के दो लोग घायल हो गए। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने एक घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मारपीट के दौरान हवाई फायरिंग और तलवारें लहराने का किसी ने वीडियो वायरल कर दिया। हंगामे के बाद पुलिस को दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जसविंदर सिंह उर्फ लाडी, रतन सिंह, जसवीर सिंह, हरगुन सिंह निवासी गांव टेमरा तथा सुखविंदर सिंह निवासी गांव बिशनपुरी, पुरन सिंह टाह खुर्द, विक्रमजीत सिंह किलाखेड़ा, जोगिंद्र सिंह डिबडिबा और 10-15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस उनके असलहों की जांच भी कर रही है। सीओ रवि खोखर ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी।



हंगामे के दौरान हाथ में बंदूक लिए खड़ा ग्रामीण। ● अमृत विचार

### तहसीलकर्मियों की लापरवाही से हुआ विवाद

कोतवाली में मौजूद पीड़ित पक्ष ने बताया कि अगर तहसील के अधिकारी समय से संज्ञान ले लेते तो शायद इतना बड़ा विवाद नहीं होता। लगातार शिकायत के बावजूद तहसील प्रशासन समस्या को नजर अंदाज करता रहा। इसका परिणाम यह निकला कि मारपीट हुई और फायरिंग करके जान से मारने का प्रयास भी किया। इसमें एक महिला समेतम छह लोग घायल हो गए।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## एक नजर

### पीआरडी जवानों के मानदेय में प्रतिदिन 80 रु. की बढ़ोतरी

**देहरादून,अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने पीआरडी जवानों के मानदेय में 80 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोत्तरी कर दी है। पीआरडी जवानों को प्रतिदिन 570 रुपये मानदेय के बजाय अब 650 रुपये प्रतिदिन मानदेय मिलेगा। विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पीआरडी स्वयं सेवक विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देते हैं। ऐसे में पीआरडी द्वारा लगातार अपनी कई मांगों से राज्य सरकार को अवगत कराया जाता रहा है। अब सरकार ने उनके मानदेय में बढ़ोत्तरी कर दी है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारियों के हित में अहम फैसले ले रहे हैं। इस निर्णय से विभाग के लगभग 9400 पीआरडी जवानों को इस बढ़े हुए मानदेय का लाभ प्राप्त होगा।

### महिला ने सौंपा सीएम धामी के लिए राखी का लिफाफा, अपराध पर नियंत्रण को जूता उठाने की मांग

# गले में जूते-चप्पल की माला पहनकर ज्ञापन देने पहुंचे दंपति

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अपराध, भ्रष्टाचार और न्याय व्यवस्था के सुधार के लिए प्राचीन तरीका जूता उठाओ अभियान को बल देने की मांग को लेकर कर्मयोग एवं सहयोग साधना समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा गले में जूते-चप्पल की माला पहनकर जब डीएम को ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे तो हर कोई देखकर हैरान रह गया। वहीं हाथ में तिरंगा लेकर उनकी पत्नी ने सीएम धामी के लिए राखी का लिफाफा भी डीएम को सौंपा।

बुधवार की सुबह कर्मयोग एवं सहयोग साधना समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा अपनी पत्नी मीरा वर्मा के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे। जब लोगों ने उनको गले में जूते-चप्पल की माला पहने देखा तो हर कोई हैरान रह गया। पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि देश-प्रदेश में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। वहीं देश की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। अफसरशाही हावी हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि यदि प्राचीन व्यवस्था जूता उठाओ अभियान प्रारंभ हो जाता है तो सभी अपराध मात्र 15 दिनों में ही 99 फीसदी कम हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर वह सजा के लिए तैयार हैं। जूता उठाओ मुहिम को गतिमान बनाने के लिए डीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उधर, हाथ में तिरंगा झंडा लेकर पहुंची मीरा वर्मा का कहना था कि उन्होंने सीएम धामी को राखी और संस्था की पत्रिका भेजकर प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने, महिलाओं को आरक्षण देने सहित कई मुद्दों उठाए हैं। इसी उद्देश्य के साथ दंपति अपनी-अपनी मुहिम में लगे हुए हैं। इस दौरान दंपति ने डीएम को ज्ञापन और सीएम को संबोधित राखी का लिफाफा प्रेषित किया।



गले में जूते-चप्पल की माला पहनकर पत्नी के साथ ज्ञापन देने पहुंचे ओमप्रकाश वर्मा। ● अमृत विचार

### क्यों पहनी जूते-चप्पलों की माला

**रुद्रपुर,अमृत विचार :** डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे ओमप्रकाश वर्मा से जब पूछा गया कि आखिरकार जूते-चप्पल की माला क्यों पहनी तो उनका जवाब था कि देश में मासूम बेटियों व महिलाओं का बलात्कार कर हत्याएं हो रही हैं। ऐसे घिनौने अपराध पर न्याय व्यवस्था से नहीं, बल्कि सामाजिक व्यवस्था से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने जूते-चप्पल की माला अपने गुरुजी की माता के हाथों से पहनी है। पहले घिनौना कार्य करने वाले अपराधी को जूतों की माला पहनाकर इलाके में घुमाया जाता था और उसका सामाजिक बहिष्कार होता था। इसके बाद ही दुष्कर्म जैसी घटनाओं पर अंकुश लगा। उन्होंने दावा किया कि उनकी मुहिम को मंजूरी मिली तो 15 दिनों के अंदर जूता उठाओ अभियान से 99 फीसदी अपराध कम होगा।

### सिस्टम पर भी उठाए कई सवाल

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** गले में जूते-चप्पल की माला पहनकर डीएम को ज्ञापन देने आए ओम प्रकाश वर्मा ने सिस्टम पर भी कई सवाल खड़े किए। उनका कहना था कि गरीब जनता न्याय के लिए भटकती रहती है। न्याय नहीं मिलने पर आपराधिक वारदात को अंजाम देने पर विवश होना पड़ता है। यदि देश का सरकारी तंत्र ठीक हो जाए और जूता उठाओ मुहिम को समर्थन करता है तो सरकारी तंत्र में काफी सुधार होगा। कारण जूता उठाओ का भय सामाजिक दायरे में आता है।

# भीड़ के चलते एक जुलाई से शुरू होगी टनकपुर-दौराई रेल सेवा

संवाददाता, टनकपुर

- 27 सितंबर तक चलेगी यह ग्रीष्मकालीन विशेष रेल गाड़ी

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल बरेली रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए 05097/05098 टनकपुर-दौराई-टनकपुर ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन एक जुलाई से किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए पूर्वोत्तर इज्जत नगर रेलवे मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 05097 टनकपुर-दौराई ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 1 जुलाई से 27 सितंबर 2024 तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को टनकपुर से 18.25 बजे प्रस्थान कर खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जं, चन्दौसी, मुरादाबाद, गजरौला, गाजियाबाद, दिल्ली, दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी, नारनौल, नीम का थाना, श्री माधोपुर, रींगस जं, फुलेरा जं., किशनगढ़, तथा अजमेर से अगले दिन 13.20 बजे छूटकर दौराई 13.40 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 05098 दौराई-टनकपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 2 जुलाई से 28 सितंबर, 2024 तक प्रत्येक मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं शनिवार को दौराई से 16.05 बजे प्रस्थान कर अगले दिन टनकपुर 09.45 बजे पहुंचेगी।

उन्होंने बताया कि इस गाड़ी में एसएलआर/एसएलआरडी के 2, साधारण द्वितीय श्रेणी के 5, शयनयान श्रेणी के 7, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 3 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1 कोच सहित कुल 18 कोच लगाए जाएंगे।

# तहसीलदार का पेशकार रिश्वत लेते पकड़ा

## किसान की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने बिछाया जाल, बरेली ले गई टीम

संवाददाता, दातागंज/म्याऊं(बदायूं)

- विरासत की संपत्ति सही दाखिल कराने के लिए मांगे पांच हजार रुपये

**अमृत विचार :** विरासत की संपत्ति गलत दर्ज होने पर सही दाखिल खारिज के नाम पर तहसील दातागंज के तहसीलदार के पेशकार ने किसान से घूस मांगी। किसान ने एंटी करप्शन को सूचना दी। टीम ने पेशकार को तहसीलदार न्यायालय कक्ष में पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। थाना मूसाझाग में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराके टीम बरेली ले गई।

तहसील दातागंज क्षेत्र के गांव केशोपुर कला निवासी नंद किशोर पुत्र जगदीश चंद्र बरेली के थाना सुभाष नगर क्षेत्र के मोहल्ला गणेश नगर के गली नंबर एक में रहते हैं। उनके पिता की मौत हो गई। पिता के नाम पर गांव अधरऊ के गाटा संख्या 381 की जमीन विरासत में उन्हें मिली लेकिन तहसील के कागजों में विरासत गलत हो गई थी। वह कुछ दिनों से जमीन का दाखिल-खारिज अपने नाम पर कराने का प्रयास कर रहे थे लेकिन तहसील दातागंज के तहसीलदार रविंद्र प्रताप सिंह के पेशकार राजीव कुमार शर्मा इसके लिए 20 हजार रुपये मांग रहा था। नंद किशोर ने इतने रुपये होने से मना किया तो पेशकार ने कहा कि 10 हजार रुपये ही दे दो। नंद किशोर के इतने पर भी असमर्थता जताई तो पेशकार ने पांच हजार रुपये का दबाव डाला।नंद किशोर ने बरेली एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। एंटी करप्शन टीम के सीओ यशपाल सिंह के निर्देशन में ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार वर्मा ने पेशकार को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई। बुधवार दोपहर नंद किशोर तहसीलदार न्यायालय कक्ष में पहुंचे। उन्होंने पेशकार को पांच हजार रुपये दिए वैसे ही एंटी करप्शन टीम पहुंच गई और पेशकार को गिरफ्तार कर लिया। टीम उसे थाना मूसाझाग लेकर गई जहां उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसके बाद टीम पेशकार को बरेली ले गई। एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पेशकार रिश्वत लेते पकड़ा गया है। मामले की जांच कराई जाएगी। इसमें अगर किसी अन्य की संलिप्तता मिली तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।


आरोपी पेशकार को गाड़ी में बैठाती एंटी करप्शन टीम।


आरोपी राजीव कुमार शर्मा।

"शिकायत मिलने पर तहसीलदार के पेशकार को पांच हजार रुपये लेते रंगे हाथ पकड़ा है। थाना मूसाझाग में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। तहसीलदार की संलिप्तता के संबंध में जांच कराई जाएगी।
– **यशपाल सिंह**, सीओ, एंटी करप्शन।



"पिता की वसीयत के अनुसार जमीन तो आ गई लेकिन तहसील के अभिलेखों में गलती थी। जिसे सही कराने के लिए तहसील में पेशकार के चक्कर लगा रहे थे। वह लगातार रुपये मांग रहे थे तो। एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी।
– **नंद किशोर**, शिकायतकर्ता।

### एन वक्त पर कार्यक्रम बदला, जंक्शन पर नहीं हुआ सेफ्टी ऑडिट

**बरेली, अमृत विचार :** जंक्शन पर तीन दिन से अधिकारी सेफ्टी ऑडिट की तैयारियों में जुटे थे। दिल्ली स्थित उत्तर रेलवे के मुख्यालय बड़ौदा हाउस से ऑडिट टीम बरेली जंक्शन पर आई लेकिन एन वक्त पर कार्यक्रम बदल दिया गया। इस वजह से जंक्शन पर सेफ्टी ऑडिट नहीं हो सका। टीम रोजा के लिए रवाना हो गई।

टीम को एडीआरएम इंफ्रा मुरादाबाद मंडल के साथ सेफ्टी ऑडिट करना था। जिसमें जंक्शन पर सिग्नल एवं टेलीकॉम उपकरणों का इंस्टॉलेशन, बरेली जंक्शन कोचिंग डिपो, स्टेशन यार्ड, रनिंग रूम व लॉबी का निरीक्षण किया जाना था। बुधवार दोपहर दो बजे टीम विंडो निरीक्षण करते हुए बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म एक पर पहुंची। ऑडिट निरीक्षण यान प्लेटफार्म एक पर रुका। कोचिंग से जुड़े कुछ अधिकारी यान से उतरे और पुरानी वाशिंग लाइन समेत कोचिंग डिपो का निरीक्षण किया।

# एडीजी बोले, अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर भेजें जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईपीएस अफसर रमित शर्मा ने मंगलवार को एडीजी जोन बरेली का चार्ज संभाल लिया। उन्होंने कहा कि सभी अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जो शासन की प्राथमिकताएं हैं, वहीं उनकी प्राथमिकता है।

मूल रूप से हापुड़ के रहने वाले 1999 बैच के आईपीएस रमित शर्मा ने इलेक्ट्रिल इंजीनियरिंग से बीटेक किया है। वह मेरठ में डीआईजी, बरेली और मुरादाबाद में आईजी रह चुके हैं। प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर बनने से पहले वह 2021-22 में बरेली में आईजी थे। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी समेत जिले के पुलिस अधिकारी एडीजी से मिले। एडीजी ने सभी को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिये। पीलीभीत बाईपास पर हुई फायरिंग के मामले में आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने, माफियाओं की अवैध और बेनामी संपत्ति चिह्नित कर जब्त करने के निर्देश दिये हैं।

एडीजी रमित शर्मा को उनके सराहनीय कार्य, उत्कृष्ट सेवा, बेहतर कार्य प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता के लिए गृह मंत्रालय उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित कर चुका है। एडीजी रमित शर्मा से डॉ. आईजी राकेश कुमार सिंह ने शिष्टाचार भेंट की।


एडीजी जोन बरेली रमित शर्मा।

- रमित शर्मा ने संभाला एडीजी का चार्ज, कहा, शासन की प्राथमिकताएं उनकी प्राथमिकता


### खोया-पाया

मेरी डी एल एड का प्रमाण पत्र वर्ष 2017 अनुक्रमांक नंबर 1921 120 2815 कही खो गया है। मीनाक्षी पुत्री विजयपाल सिंह निवासी सबलपुर, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।

### सम्बन्ध-विच्छेद

मेरा पुत्र मौ. कामिल व पुत्रवधु शायवा पत्नी मौ. कामिल बुरी संगत में पड़ गये हैं। दोनों मेरे साथ आये दिन गाली-गलौच व मारपीट करते रहते हैं। मैं अपने पुत्र व पुत्रवधु को चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। दोनों के द्वारा किये गये कुकृत्यों एवं लेन-देन के स्वंय जिम्मेदार होंगे। नवी जान पुत्र मौ. रफीक निवासी ग्राम नया गाँव कासमपुर तह. व थाना कांठ, जि. मुरादाबाद, उ.प्र.

### सम्बन्ध-विच्छेद

मेरा पुत्र मौ. आदिल पुत्र स्व. मौ. अशफाक बुरी संगत में पड़ गया है। और वह आये दिन मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करता रहता है। इस कारण उससे सम्बन्ध-विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कुकृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। शमीमा खातून पत्नी स्व. मौ. अशफाक नि. मौ. पृथ्वीगंज कांठ तह. कांठ जिला मुरादाबाद।


## सार-संक्षेप

### बीपीएड व बीएलएड के परीक्षा परिणाम जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीपीएड और बीएलएड के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। जल्द ही अन्य पाठ्यक्रमों के परिणाम भी जारी किए जाएंगे। बीपीएड प्रथम और अंतिम वर्ष का परिणाम बुधवार को जारी किए गए। इसके अलावा मंगलवार को बीएलएड प्रथम, द्वितीय, तृतीय और अंतिम वर्ष के परिणाम जारी किए गए थे।

### जुआ सट्टा कराने में मकान सील, आधा दर्जन लोग गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना पुलिस ने सरायतरीन में सट्टा माफिया के घर पर छापेमारी कर जुआ- सट्टा खेलते आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने माफिया के मकान को भी सील कर दिया।सरायतरीन के मुहल्ला बरखेरियान में बुधवार की शाम एक मकान में सट्टा अड्डा चलाने की पुलिस को सूचना मिली। सूचना मिलने पर मौके पर सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी व थाना प्रभारी संत कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंची। मौके से सटटा व जुआ खिला रहे छह लोगों को गिरफ्तार कर नकदी सहित अन्य सामान बरामद कर लिया। सीओ अनुज कुमार चौधरी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अमित सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने 97 हजार रुपये की रिकवरी की है। इसी के साथ शराब की बोतलें, गिलास, ताश के पत्ते बरामद कर मकान को सील किया गया है।

### पिता ने लगाया पुत्री के ससुराल वालों पर जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बुधवार की शाम थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि अप्रैल माह में सिरसी निवासी युवक बहला-फुसलाकर बेटी को भगाकर ले गया था और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। कई दिन बाद युवक पुत्री को मुरादाबाद गागंन तिराहे पर छोड़कर भाग गया था। आसपास के लोगों ने किशोरी को उसके पिता के घर पहुंचाया था। कहा कि रिपोर्ट दर्ज कराने थाने जा रहे थे तो युवक व उसके परिजनों ने व्यक्ति को रोक लिया और कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए युवक व किशोरी का निकाह करा दिया था। तभी से किशोरी अपनी ससुराल में रह रही है। आरोप है कि बुधवार को ससुराल वालों ने सिर दर्द होने पर किशोरी को जान से मारने की नियत से जहरीला पदार्थ खिला दिया। कहा कि जहरीला पदार्थ खिलाकर ससुराल वालों ने जबरदस्ती किशोरी का वीडियो बना लिया। जिसमें कहलवाया है कि जहरीला पदार्थ किसी हाजी जी ने दिया है। हालत बिगड़ने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने किशोरी को संभल निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया और किशोरी के ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की मांग की।

### सड़क हादसे में दो बाइक सवार गंभीर घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव धनसोली निवासी राजू बुधवार की रात 9 :00 बजे धनसोली निवासी अपने फूफा सुरेश के साथ बाइक पर सवार होकर संभल से घर जा रहा था । राजू बाइक लेकर जैसे ही संभल हसनपुर मार्ग पर थाना क्षेत्र के गांव खगपुरा में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में राजू व सुरेश दोनों गंभीर रूप से घायल हो । मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से राजू व सुरेश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया । हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजू को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा में आवेदन के लिए दो दिन और मौका

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए दो दिन और पोर्टल खोला है। अब अभ्यर्थी 27 और 28 जून को आवेदन कर सकेंगे। कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 17 जून निर्धारित थी। कुलपति के आदेश पर इसे दो दिन बढ़ा दिया गया है। पहले परीक्षा 7 जुलाई को निर्धारित थी लेकिन यूपीएससी की परीक्षा की वजह से विश्वविद्यालय ने तिथि बढ़ा दी थी। एलएलबी और एलएलएम की परीक्षाएं सुबह 9 :30 से 10 :30 बजे तक और एमएड की परीक्षा दोपहर 1 से 2 :30 बजे तक होंगी। 17 जून तक तीनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 4992 पंजीकरण हुए हैं। जिसमें एलएलबी में 3516 अभ्यर्थियों, एलएलएम में 759 अभ्यर्थियों और एमएड में 717 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ने के बाद अभ्यर्थी आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इसकी वजह से इसे दो दिन बढ़ाया गया है। दो दिन में पंजीकरण की संख्या बढ़ेगी। इसके आधार पर परीक्षा केंद्र निर्धारित किए जाएंगे।





वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987



## कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

संख्याः- 1109/ न०पा०मि० / 2024 दिनांकः- 26 जून 2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मिलक को राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

01 कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है-

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | विड सिक्योरिटी (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य GST सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | वार्ड 01 में प्रकाश इंटर कॉलेज के सामने इ0ला0 रोड निर्माण कार्य। | 2,97,744.00 | 6000 | 354 | 01 माह |
| 02 | वार्ड 04 अस्दुल्लापुर के साप्ताहिक बाजार में महिलाओं हेतु शौचालय निर्माण कार्य। | 9,96,379.00 | 20000 | 1180 | 01 माह |
| 03 | वार्ड 04 में वंश लोकवाणी जन सेवा केन्द्र के सामने आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 2,72,090.00 | 6000 | 340 | 01 माह |
| 04 | वार्ड 04 में पशु चिकित्सालय के सामने आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 9,75,910.00 | 20000 | 1180 | 01 माह |
| 05 | वार्ड 10 में श्री राकेश गंगवार के मकान से रजनी शर्मा के मकान तक मिटटी भरान का कार्य। | 45,974.00 | 2000 | 59 | 01 माह |
| 06 | वार्ड 15 अस्दुल्लापुर में कोतवाली मिलक के अन्दर में महिलाओं हेतु शौचालय निर्माण कार्य। | 9,96,379.00 | 20000 | 1180 | 01 माह |
| 07 | वार्ड 17 में श्री अल्लाह रक्खा के घर से डा0 शहिद के घर तक इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 1,67,980.00 | 4000 | 200 | 01 माह |
| 08 | वार्ड 23 में श्री राजू जी के मकान से श्री दामोदर जी के मकान तक इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 2,99,215.00 | 6000 | 354 | 01 माह |
| 09 | वार्ड 23 में श्री मुस्ताक के घर से श्री सलीम के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 63,261.00 | 2000 | 82 | 01 माह |
| 10 | वार्ड 24 में श्री रिन्कू गोस्वामी जी के मकान के सामने नाला कॉस का निर्माण कार्य। | 1,19,290.00 | 3000 | 141 | 01 माह |
| 11 | नगर पालिका परिषद मिलक के जलकल परिसर में बने आवास में टाईल्स, फाल्स सीलिंग व इ0ला0 एवं नाली का कार्य। | 6,24,167.00 | 13000 | 767 | 01 माह |
| 12 | नगर पालिका परिषद मिलक की गौशाला में पौधों की सुरक्षा हेतु चार दीवारी का निर्माण कार्य। (12 अदद) | 4,49,520.00 | 9000 | 550 | 01 माह |

02. निविदा सूचना में अंकित बिड डक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः- 27.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे से।
03. निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समयः 05.07.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक।
04. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 06.07.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे।
05. निविदा आमन्त्रणकर्ता को आई०टी०बी० के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा।
06. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता व जमा करने की विधि- निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद मिलक कार्यालय से दिनांक 27.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे से 05.07.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक कॉलम 05 ( गैर वापसी योग्य ) में दर्शाये गये निर्धारित शुल्क जमा कर क्रय किये जा सकते है।
07. बिड सिक्यूरिटी ( ई०एम०डी० ) कालम-4 के अनुसार निर्दिष्ट राशि बिड सिक्योरटी के रूप में नकद /डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ०डी०आर०/ नेफ्ट के रूप में जमा की जायेगी जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मिलक के नाम बंधक होना चाहिए। बिड सिक्योरटी के रूप में राशि जमा न होने की दशा में टेण्डर की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी।
08. मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना- निविदादाता को निविदा जमा करने के उपरान्त आने वाली बिड आई०डी० के साथ निम्नलिखित दस्तावेज कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
( क ) निविदादाता द्वारा साफ साफ भरा हुआ व हस्ताक्षर किया हुआ शपथ पत्र । प्रारूप संलग्न है।
( ख ) यूपी सरकार के आदेश सं0-01/2018/3070/78-2-2018/42IT/2017( 22 )/03.01.2018 के अनुसार मूल दस्तावेजों को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं कार्यालय में निविदा खोलने की तिथि से 01 दिन पूर्व जमा करना होगा। निविदा में प्रयुक्त डाक्यूमेन्ट को मूल प्रपत्रों से मिलान किया जायेगा भिन्नता पाये जाने पर इसे निविदा दाता द्वारा गलत विवरण प्रस्तुत करना माना जायेगा। ऐसे निविदा दाता को 01 वर्ष तक निविदा में भाग न लेने के लिए उत्तरदायी माना जायेगा। सभी डाक्यूमेन्ट कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक जनपद रामपुर में जमा करना होगा।
09. अन्य शर्तें किसी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।
10. नगर पालिका परिषद मिलक में धन उपलब्ध होने पर ठेकेदारों द्वारा किये गये निर्माण कार्य का भुगतान किया जायेगा।

(राजेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

(दीक्षा गंगवार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

## 77,500 के नकली नोट बरामद, दो लोग गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी :** जिला मुख्यालय की कोतवाली पुलिस ने बुधवार को नकली नोट के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि कोतवाली पुलिस ने आज यहां नकली नोटों की आपूर्ति करने वाले मुजफ्फरनगर स्टेडियम के कोच समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 77,500 रुपये के जाली नोट बरामद किए हैं, सभी नोट पांच सौ रुपये के हैं।

प्रजापत ने बताया कि पुलिस ने आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) की मदद से कोच फुलेंद्र और सद्दाम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से यह बरामदगी की। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ में पता चला कि आरोपी इलाके में नकली नोटों की आपूर्ति कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में पूछताछ के दौरान दो और लोगों के नाम सामने आए है, जिनकी तलाश की जा रही है।

# बाराबंकी: थाने के अंदर खुद को गोली मारकर दरोगा ने की आत्महत्या

## कमरे से मिला सुसाइड नोट, माइग्रेन से परेशानी का किया जिक्र

संवाददाता, बाराबंकी

- मौके पर पहुंचे एसपी दिनेश कुमार सिंह, जांच-पड़ताल में जुटे

**अमृत विचार :** थाने के अंदर एक दरोगा ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली कनपटी में लगी है जो चीरते हुए दूसरी ओर निकल गई। दरोगा के कमरे से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मृतक दरोगा माइग्रेन बीमारी से ग्रसित था। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पूरे मामले की जांच पड़ताल की।


अरुण कुमार यादव।

कानपुर जिले के मूल निवासी अरुण कुमार यादव (30) कोठी थाने में दरोगा के पद पर तैनात थे। अरुण कुमार यादव अविवाहित थे और यहीं पर रहकर अपनी ड्यूटी करते थे। बुधवार की शाम देर तक वह कमरे से नहीं निकले तो दूसरे पुलिसकर्मी देखने पहुंचे। खिड़की से झांकने पर अंदर दरोगा का शव दिखाई पड़ा। दरोगा ने खुद को गोली मार ली थी। जिसके बाद कोठी थाने समेत जिले के आलाधिकरियों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर एसपी दिनेश कुमार सिंह समेत सभी पुलिस अधिकारी आनन फानन में थाने पर पहुंच गए। कानपुर में मृतक दरोगा अरुण कुमार यादव के परिजनों को सूचना दी गई। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। सीओ हैदरगढ़ हर्षित चौहान ने बताया कि सुसाइड नोट में माइग्रेन की बीमारी का उल्लेख किया गया है। मृतक दरोगा के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने कहा कि उपनिरीक्षक अरुण कुमार यादव पुत्र सुरेन्द्र सिंह कोठी थाने में प्रशिक्षु दरोगा थे।

प्रशिक्षु उपनिरीक्षक विशेष कुमार कुरील उनके साथ ही कमरे में रहते थे। काफी देर तक अरुण कुमार के कमरे का दरवाजा न खुलने पर विशेष कुमार ने सूचना दी तो थाने के सभी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया गया तो अरुण मृत अवस्था में मिले। जिनकी दाहिनी कनपटी पर गोली लगना पाया गया। मौके पर एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें खुद को माइग्रेन की पीड़ा से ग्रसित होने के कारण आत्महत्या करना पाया गया। सभी पहलुओं की जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बागपत में रोडवेज बस पलटने से 20 यात्री घायल

**बागपत, एजेंसी :** जिले के सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में बुधवार को कार से टकराने के बाद उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की एक बस अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिससे बस में सवार 20 यात्री घायल हो गए। बागपत नगर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) हरीश सिंह भदौरिया ने बताया कि आज दोपहर रोडवेज बस मेरठ से बागपत की तरफ जा रही थी, तभी गांव डौला के पास आगे चल रही कार के अचानक ब्रेक लगाने पर बस उससे टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। सीओ ने बताया कि हादसे में बस में सवार 20 यात्री घायल हो गये, घायलों को उपचार के लिए पिलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भर्ती करवाया गया है।

भदौरिया ने बताया कि चार घायलों को जिला अस्पताल व एक घायल को मेरठ भेज दिया गया है। सीओ ने कहा कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं।

## बारिश हुई तो गंगा में खोल दिया सीसामऊ नाला


कानपुर के सीसामऊ नाले को गंगा में गिरने से रोकने के लिए दिसंबर 2019 के प्रथम सप्ताह में इसे पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था। 14 दिसंबर 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाले के पास सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन भी किया था और खुद सेल्फी ली थी। लेकिन बारिश का पानी गंगा में न जाए इसका कोई इंतजाम नहीं किया गया। जैसे ही बारिश होती है, भैरोघाट पंपिंग स्टेशन के पास नाले पर बनाए गए गेट को खोल दिया जाता है और सीवेज के साथ ही बारिश का पानी भी गंगा में गिरता है। बुधवार को भी कानपुर शहर में तेज बारिश होने पर पानी का लोड बढ़ने पर सीसामऊ नाले को गंगा में खोल दिया गया। बारिश के पानी के साथ करोड़ों लीटर सीवेज भी गंगा में गिरता रहा। फोटो – मनोज तिवारी

## बिना वीजा भारत में प्रवेश कर रही चीनी महिला गिरफ्तार

**महाराजगंज, एजेंसी :** बिना वीजा और वैध दस्तावेजों के कथित तौर पर भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रही एक चीनी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी मंगलवार रात भारत-नेपाल सीमा पर सोनौली इलाके में की गई। पुलिस के मुताबिक शियाओहोंग (49) नेपाल से भारत आ रही थी, तभी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नियमित जांच के दौरान उसे पकड़ लिया। एसएसबी के निदेशक प्रदीप कुमार ने कहा कि उसके पास चीनी पासपोर्ट था, लेकिन कोई भारतीय वीजा पत्र और वैध दस्तावेज नहीं था। सोनौली भारत-नेपाल सीमा पर स्थित है। मामला दर्ज कर खुफिया ब्यूरो को सूचित कर दिया गया है।

# डंपर से भिड़ी कार, सिविल इंजीनियर की जान गई

संवाददाता, घाटमपुर (कानपुर)

- हमीरपुर हाईवे पर ओवरटेक करते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार :** सजेती थाना क्षेत्र के अनूपुर मोड़ के पास सड़क हादसे में एक सिविल इंजीनियर की मौत हो गई। यह हादसा ओवरटेक करने के दौरान हुआ। तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे डंपर में जा घुसी, जिससे कार चला रहे सिविल इंजीनियर की जान चली गई।

हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट कानपुर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक हादसे का शिकार हुए बाराबंकी के दया नगर के रहने वाले 30 वर्षीय मुदित कृष्णा अस्थाना एक प्राइवेट कंपनी में सिविल इंजीनियर थे। मुदित कृष्णा अस्थाना अपनी निजी कार से सुबह हमीरपुर की तरफ जा रहे थे, तभी कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर अनूपुर मोड़ के पास ओवरटेक करने के दौरान कार सामने से आ रहे डंपर से जा टकराई

**एयरबैग होते तो बच जाती जान :** सिविल इंजीनियर मुदित कृष्णा अस्थाना जिस कार से हादसे का शिकार हुए, उसमें एयरबैग नहीं थे। अगर एयरबैग होते तो हादसे में उनकी जान बच सकती थी।

# जून में पड़ी गर्मी के लिए हम सभी जिम्मेदार

## मुख्यमंत्री ने ईको टूरिज्म पर संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जून की गर्मी देश-प्रदेशवासियों को लंबे समय तक याद आएगी। तापमान बहुत तेजी से बढ़ रहा था। इसके लिए उत्तरदायी हम सबकी स्वार्थी गतिविधियां ही हैं। स्वयं के स्वार्थ के लिए प्रकृति के दोहन की प्रवृत्ति के कारण ऐसी स्थिति पैदा हुई। इस क्रम में उन्होंने राजधानी में कुकरैल नदी को नाला बनाकर लोगों के अवैध निर्माण कर लेने का उदाहरण दिया जिसे हाल ही में हटाया गया है। मुख्यमंत्री बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

यहां उन्होंने कहा कि कभी कुकरैल आदि गंगा गोमती की सहायक नदी थी। गर्मी में जब नदियों और जल के स्रोत सूख रहे थे तो कुकरैल में जल के नए स्रोत बन रहे थे। पीलीभीत से निकलकर वाराणसी में गंगा नदी के


लखनऊ में ईको पर्यटन पर कार्यक्रम में ईको टूरिज्म पर लोगो का अनावरण करते मुख्यमंत्री। साथ में मंत्री जयवीर सिंह और राज्य मंत्री अरूण कुमार सक्सेना आदि।

साथ इसका मिलन होता है, लेकिन कुकरैल नदी को नाला बनाकर लोगों ने अवैध निर्माण कर लिया। हम लोगों ने कुकरैल को नदी बनाने की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी। योगी ने कहा कि, हम लखनऊ में कुकरैल के पास नाइट सफारी बना रहे हैं। मुख्यमंत्री के मुताबिक्र उप्र. में पौराणिक काल के वन हैं। राज्य के तराई क्षेत्र (बहराइच, खीरी, बलरामपुर, पीलीभीत) में वन सुरक्षित हैं, जबकि उस पार नेपाल में वन समाप्त हो गए हैं। चूका, दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, अब चित्रकूट व बिजनौर के अमानगढ़ में टाइगर रिजर्व को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुधीर कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में ईको पर्यटन पर लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उप्र ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लोगो का अनावरण किया।

# धोखाधड़ी में बैंक प्रबंधक समेत दो लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- लोन स्वीकृत कर रुपये हड़पे तो पीड़ित ने कर ली थी आत्महत्या
- पीड़ित की पत्नी ने आत्महत्या को उकसाने की कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** तिर्वा में एक व्यक्ति के नाम लोन स्वीकृत कर रुपये निकाल लेने और फिर पीड़ित के आत्महत्या कर लेने के मामले में पुलिस ने मैनेजर समेत दो को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मृतक की पत्नी ने सदर कोतवाली में जालसाजी व आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

बैक आफ इण्डिया की तिर्वा शाखा में बीते वर्ष तैनात रहे मैनेजर शैलेन्द्र वर्मा पुत्र रामेश्वर प्रसाद निवासी सेक्टर ओसी-03/184 मान सरोवर कानपुर रोड योजना लखनऊ ने साथी कर्मचारी मोहित कुमार पुत्र रवि प्रकाश निवासी सुभाष नगर थाना तिर्वा के साथ मिल कर तिर्वा के मोहल्ला आजाद नगर निवासी राजीव सैनी पुत्र हरी शंकर सैनी का लोन स्वीकृत कर रकम निकाल ली। कुछ समय के बाद राजीव को जानकारी हुई तो वह बैंक के चक्कर काटता रहा पर कोई नतीजा नहीं निकला। परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। उसकी पत्नी ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सदर कोतवाली के दरोगा सुभाष चंद्र ने जांच की तो मामला सही पाया। इधर भनक लगते ही आरोपी फरार हो गये। मामले को सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा ने गंभीरता से लेते हुए जलालपुर पनवारा चौकी प्रभारी दरोगा सुभाष चन्द्र, सिपाही शिवम राठौर व कृष्णवीर के साथ दोनों आरोपियों को 25 जून की शाम 07:15 बजे रेलवे स्टेशन कन्नौज से गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा दिया गया है।

# जेल भेजा गया आरोपी दरोगा निलंबित एसएचओ फरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आगरा के बरहन में दो भाइयों की आत्महत्या के मामले मे कार्रवाई
- मुख्यमंत्री योगी के संज्ञान लेने के बाद सक्रिय हुई थी पुलिस

**अमृत विचार :** आगरा में भाइयों के आत्महत्या करने के मामले में आरोपी दरोगा को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। होमगार्ड ने पुलिस पर उत्पीड़न की सुसाइड नोट पर लिखी थी। वहीं सादाबाद के निलंबित एसएचओ मौके से फरार हैं, पुलिस निलंबित एसएचओ की तलाश में दबिश दे रही है।

बतादें कि बरहन थाना क्षेत्र के रूपधनू गांव निवासी होमगार्ड प्रमोद सिंह और उनके सगे भाई संजय सिंह ने हाथरस के सादाबाद थाने की पुलिस उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। यह मामला इतना बढ़ गया कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया। इसके बाद आरोपी दरोगा को देर रात गिरफ्तार किया गया जबकि सादाबाद थाने के एसएचओ मुकेश कुमार को भी निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया। दरोगा हरिओम अग्निहोत्री को बुधवार को कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया।

बताते चलें कि हाथरस के सादाबाद थाने के इंस्पेक्टर मुकेश कुमार और दरोगा हरिओम पर सगे भाइयों का उत्पीड़न करने का आरोप है। संजय सिंह ने शनिवार और होमगार्ड प्रमोद सिंह ने सोमवार को आत्महत्या कर ली थी।

# शताब्दी वर्ष की तैयारियों में जुटा संघ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- सरस्वती शिशु मंदिर में संघ के सरकार्यवाह होसबोले की उपस्थिति में प्रचारकों की बैठक
- तीन दिवसीय बैठक में शताब्दी वर्ष के आयोजनों के साथ संगठन के कार्यक्रमों पर होगा विमर्श

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार लखनऊ पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले की उपस्थिति में प्रचारकों की हुई बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर विमर्श किया गया। निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हो रही तीन दिन की इस बैठक में शताब्दी वर्ष के आयोजनों के साथ गुरु दक्षिणा कार्यक्रम और राजनीतिक अन्य मुद्दों पर भी मंथन किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय बैठक में संघ की पूर्वी क्षेत्र के अवध, काशी, गोरक्ष और कानपुर प्रान्त के पदाधिकारी, विभाग प्रचारक शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक सरकार्यवाह सभी प्रचारकों के साथ अलग-अलग बैठक करेंगे। बैठक में कई ऐसे प्रचारक भी शामिल होंगे जो पहली बार प्रचारक बने हैं। दरअसल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष 2025 में पूरे हो जाएंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस शताब्दी वर्ष को किस स्वरूप में मनाए, इसी पर मंथन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कार्यक्रमों के आयोजन किए जाने पर चर्चा हो रही है।

शताब्दी वर्ष में संगठन के बड़े विस्तार की भी तैयारी, जिसमें इसकी शाखाओं की संख्या को बढ़ाकर एक लाख तक करने की योजना प्रस्तावित है। वहीं, सूत्रों के मुताबिक, आरएसएस के पूर्वी उप्र. क्षेत्र में बदलाव किया गया है। साथ ही कई प्रचारक के कार्यक्षेत्र के साथ प्रांत कार्यकारणी में भी बदलाव हुआ है। संघ के एक पदाधिकारी का कहना है कि शताब्दी वर्ष तक संघ के व्यापक विस्तार के लक्ष्य के साथ स्वयंसेवक एक साल के लिए शताब्दी विस्तारक बनाकर 80 जिलों के क्षेत्र में भेजना चाहते हैं। गांव में संघ की उपस्थिति सुनिश्चित करने के अभियान को कैसे जमीन पर उतारना है, इस पर भी विमर्श किया जा रहा है।

### भागवत 30 को वाराणसी में

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत 30 जून को वाराणसी जाएंगे। वह काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करेंगे, साथ ही संघ कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसमें संगठन को लेकर चर्चा होगी। इससे पहले भागवत गोरखपुर का भी दौरा कर चुके हैं।

## वर्ग पहेली-113

**बाएं से दाएं**

2.1. आश्चर्य

3.1. मन में स्थित या जाग्रत भाव

5.1. पारिश्रमिक 2. मज़दूरी।

7. शरीर या कपड़े आदि पर जमे मैल को साफ़ करने के लिए प्रयुक्त एक प्रसाधन, (सोप)।


**ऊपर से नीचे**

1. यज्ञ या हवन में आग प्रज्वलित करने तथा हवा करने के लिए प्रयोग में आने वाली बांस की नली।

2.1. घूंघट 2. परदा 3. बुरका 4. ढकना, घेरना, छिपाना 5. घूंघट निकालना।

4.1. अनावृत करना, परदा हटाना या उठाना 2. पर्दाफाश करना 3. वस्त्रविहीन करना।

6.1. प्रशंसा, बड़ाई, बखान 2. विशेषता, गुण, सिफ़त 3. परिचय, पहचान।



### वर्ग पहेली -112 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 न | र | 2 क | ट | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ल | ■ | 3 दि |
| ■ | 4 गो | ल | म | टो | ल |
| ■ | ■ | ■ | ज़ | ■ | वा |
| 5 पा | ठ | भे | द | ■ | ना |
| ज़े | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 6 ब | ह | न | ■ | 7 आ | ड़ा |

## सुडोकू -26

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 5 | | | 3 | | | 6 |
| | 8 | | | | 9 | | | 1 |
| | | 7 | | 2 | | 4 | | 5 |
| 8 | 3 | | | 6 | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| | | | 3 | 9 | | | 4 | 2 |
| 4 | | 8 | | 1 | | 3 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 9 | |
| 6 | | | 7 | | | 5 | | 8 |

### सुडोकू -25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 6 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 4 | 6 | 9 | 7 | 2 | 1 | 8 | 5 | 3 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 6 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 18.39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।

चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-शतभिषा 11.36 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** – आज कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको कुछ शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं।

**वृष** – आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

**मिथुन** – आज बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको उधार लेने से बचना चाहिए। समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है।

**कर्क** – आज असंतुलित खानपान के कारण कब्जियत हो सकती है। स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है तो मित्रों से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

**सिंह** – आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – आज दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है। उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला** – आज आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। अधूरा कार्य छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए। नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज वैवाहिक जीवन में संवादहीनता न होने दें। पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर शांति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए।

**धनु** – आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

**मकर** – आज रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वो शुरू हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज भूमि क्रय-विक्रय संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं।

**मीन** – आज गूढ़ विषयों को लेकर नए अनुभव प्राप्त होंगे। जल्दबाजी में आपको निर्णय नहीं लेना चाहिए। मन में अनावश्यक विचारों के कारण तनाव हो सकता है। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। आलस्य के कारण आप कुछ अच्छे अवसर चूक सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
एक और एक ग्यारह – सुबह : 10.33
अविनाश – शाम : 06.08

**Sony Max**
झुंड – सुबह : 09.55
3 इडिट्यस – रात : 09.08

**Sony Pix**
सैन एंड्रियास – सुबह : 11.22
घोस्टबस्टर्स – रात : 09.00

**Zee Cinema**
त्रिदेव – दोपहर : 12.00
रांझणा – रात : 10.05

**Colors Cineplex**
ब्लू – सुबह : 10.20
गब्बर इज बैक – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर- क्या बात है?
संजू- जी, कुत्ते ने काट लिया है।
डॉक्टर- तुमने बाहर बोर्ड पर लिखा नहीं पढ़ा, मरीज देखने का समय केवल सुबह आठ से 11 बजे तक है और तक है और तुम एक बजे आए हो।
संजू- जी मैंने तो पढ़ लिया था, पर कुत्ते ने नहीं पढ़ा।

जीजा- तुम्हें जीवन में क्या चाहिए?
साली- पैसा
जीजा- पैसे को साइड में रखो, अब बताओ क्या चाहिए?
साली- साइड में रखे पैसे।

### मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग- 1050 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 850
रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग- 1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

### मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना काबली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्रा : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

# 7% की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

## निवेश, वृद्धि और व्यापक आर्थिक स्थिरता और सामान्य मानसून से बढ़ोत्तरी की आशा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सामान्य से बेहतर मानसून की उम्मीद और अबतक कोई ज्ञात वैश्विक जोखिम नहीं होने के कारण भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष (2024-25) में सात प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ेगी। ये अनुमान आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर का है।

एनसीएईआर ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक और 7.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। संस्थान ने अपनी मासिक समीक्षा में कहा कि प्रमुख आर्थिक संकेतकों से पता चलता है कि घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और सभी एजेंसियों ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान में संशोधन किया है। नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी की वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक तथा 7.5 प्रतिशत के करीब हो सकती है। यह संभावना पहली तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में तेजी, निवेश, वृद्धि और व्यापक आर्थिक स्थिरता पर गहन नीतिगत ध्यान और मानसून की उम्मीदों पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति के चरम पर पहुंचने के साथ मौद्रिक नीति को और कड़ा करने की संभावना नहीं है। अंततः, वैश्विक वातावरण भी अनुकूल प्रतीत होता है, क्योंकि अबतक कोई ज्ञात वैश्विक जोखिम नहीं है। गुप्ता ने कहा कि खाद्य कीमतों पर काबू पाना एक चुनौती है। इस समस्या से निपटने के लिए व्यापक नीतिगत ढांचे की जरूरत है, जिसमें जलवायु-अनुकूल खाद्य आपूर्ति का निर्माण तथा डिब्बा बंद और संरक्षित खाद्य आपूर्ति की ओर धीरे-धीरे बदलाव करना शामिल है, ताकि समय पर आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर को पाटा जा सके।



• आर्थिक शोध संस्थान एनसीईएआर का अनुमान भारत की जीडीपी 7 से 7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद

### रिजर्व बैंक ने भी इसी महीने लगाया था यही अनुमान

इसी महीने, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर आ गई, हालांकि खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची बनी रही।

## धन प्रेषण बढ़ने से चालू खाता अधिशेष में मदद मिली : क्रिसिल

**कोलकाता।** पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में वस्तुओं के व्यापार घाटे में कमी, विदेशों से धनप्रेषण में वृद्धि और सेवा व्यापार में अधिशेष से देश का चालू खाता अधिशेष की स्थिति में रहा। क्रिसिल ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही।

हाल ही के आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च, 2024 की अवधि में देश के चालू खाते में 5.7 अरब डॉलर का अधिशेष रहा, जो जीडीपी का 0.6% है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि 2023-24 की तीसरी तिमाही में चालू खाता 8.7 अरब डॉलर के घाटे में था, जो जीडीपी का 1% है। 2022-23 की चौथी तिमाही में चालू खाता 1.3 अरब डॉलर के घाटे में था, जो जीडीपी का 0.2% है और चौथी तिमाही में सुधार के साथ जीडीपी का 0.6% होना तीनों मोर्चों पर सुधार दिखाता है।

# दूसरे दिन ही खत्म स्पेक्ट्रम नीलामी 12% से भी कम बोलियां मिलीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्पेक्ट्रम नीलामी दूसरे दिन बोली शुरू होने के कुछ घंटों में ही समाप्त हो गई। इसमें दूरसंचार कंपनियों ने कुल मिलाकर 11,300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का स्पेक्ट्रम खरीदा, जो कि सरकार द्वारा रखी गई रेडियो तरंगों के अनुमानित मूल्य 96,238 करोड़ का 12% से भी कम है।

सूत्रों ने बताया कि नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज से 26 गीगाहर्ट्ज के बीच 10 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश हुई। कुल 11,340 करोड़ की बोलियां हुईं। सात दौर की बोलियों में केवल 140-150 मेगाहर्ट्ज ही बेचे गए हैं। पहले दिन 25 जून को पांच दौर की बोलियां लगीं। बुधवार को ज्यादा बोलियां नहीं मिलीं, जिससे अधिकारियों ने पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे नीलामी खत्म करने की घोषणा कर दी। 2024 की नीलामी में 800, 900, 1,800, 2,100, 2,300, 2,500, 3,300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम बैंड की पेशकश हुई थी।



• दूरसंचार कंपनियों ने कुल 11,300 करोड़ का स्पेक्ट्रम खरीदा

### एयरटेल ने 6,857 करोड़ का 97 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदा

भारती एयरटेल ने स्पेक्ट्रम नीलामी में 6,857 करोड़ रुपये में 97 मेगाहर्ट्ज रेडियो तरंगों को खरीदा है। जो बेचे गए स्पेक्ट्रम का 60% है। एयरटेल ने कहा कि दूरसंचार कंपनी की अनुषंगी कंपनी भारती हेक्साकॉम ने 1,001 करोड़ के परिव्यय से 15 मेगाहर्ट्ज का अधिग्रहण किया है। एयरटेल ने 900, 1,800 और 2,100 मेगाहर्ट्ज बैंड में 6,857 करोड़ में 97 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम हासिल किया है।

इस बार स्पेक्ट्रम के लिए बोलियां उम्मीद से कम मिलीं। नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया उच्च गति मोबाइल सेवा को समर्थन देने वाली रेडियो तरंगों के लिए होड़ में रहीं।

## एफएचआरएआई ने की जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने सरकार से सभी श्रेणियों के होटल और 10 करोड़ या इससे अधिक की परियोजना लागत पर निर्मित सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने का अनुरोध किया।

एफएचआरएआई का मानना है कि इससे होटल उद्योग में बजट खंड को बढ़ावा मिल सकेगा। अपनी बजट-पूर्व सिफारिश में एफएचआरएआई ने जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने की भी मांग की है तथा सभी होटल पर 12% की जीएसटी का प्रस्ताव रखा है। एफएचआरएआई के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि सभी शहरों में होटल और सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देना निवेश आकर्षित करने और आतिथ्य क्षेत्र में वृद्धि को गति देने के लिए महत्वपूर्ण है। महासंघ ने रेस्तरां के शुल्क को कमरे के शुल्क से अलग करने की भी मांग की।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 89300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73325 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54650-54850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,550 |
| सोना रवा | 72,300 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 90,5000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72100 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71100 |
| सिल्वर (पक्की) | 875 (अनुमानित)) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,500 |
| चांदी आभूषण | 88,800 |

# सड़कें अच्छी हालत में न हों तो टोल न लें

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि अगर सड़कें अच्छी हालत में नहीं हैं तो राजमार्ग का संचालन करने वाली एजेंसियों को उपयोगकर्ताओं से टोल नहीं वसूलना चाहिए।

गडकरी उपग्रह-आधारित टोल संग्रह प्रणाली पर आयोजित एक वैश्विक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इसको चालू वित्त वर्ष में ही 5,000 किमी से अधिक लंबे राजमार्गों पर लागू किया जाना है। गडकरी ने कहा कि अगर आप अच्छी गुणवत्ता वाली सेवा नहीं देते हैं, तो आपको टोल नहीं लेना चाहिए। जबकि हम उपयोगकर्ताओं से शुल्क लेने और अपने हितों को सुरक्षित रखने के लिए टोल वसूलने की जल्दबाजी में हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आपको उसी जगह पर उपयोगकर्ता शुल्क लेना चाहिए, जहां आप सबसे अच्छी सड़क मुहैया करा रहे हैं। अगर आप गड्ढों और कीचड़ वाली सड़कों पर भी टोल वसूलते हैं, तो आपको लोगों की प्रतिक्रिया का भी सामना करना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) मौजूदा फास्टैग व्यवस्था के भीतर ही वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (जीएनएसएस) पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (ईटीसी) व्यवस्था लागू करने की योजना बना रहा है। इसमें शुरुआत में हाइब्रिड मॉडल का इस्तेमाल किया जाएगा, जिसमें रेडियो आवृत्ति पहचान (आरएफआईडी) पर आधारित टोल संग्रह और जीएनएसएस-आधारित टोल प्रणाली दोनों एक साथ काम करेंगी। एनएचएआई ने पहले इसे वाणिज्यिक वाहनों पर लागू करने की बात कही है।

## एसबीआई ने बॉण्ड से 10,000 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को अपने पांचवें बुनियादी ढांचा बॉण्ड से 10,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता ने यह राशि 7.36% की कूपन दर पर जुटाई है। शेयर बाजार को दी सूचना में एसबीआई ने कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और 19,884 करोड़ से अधिक की बोलियां लगीं। इसे 5,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले चार गुना अधिक अभिदान मिला। उसे 143 बोलियां मिलीं, जो विविधता के साथ व्यापक भागीदारी का संकेत देता है। निवेशक भविष्य निधि, पेंशन कोष, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, कॉरपोरेट्स आदि से थे। बैंक ने कहा कि बॉण्ड से मिलने वाली राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे और किफायती आवास क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

### मुलाकात



इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने मीडिया उद्योग के लिए आगामी बजट प्रस्तावों पर चर्चा के लिए बुधवार की शाम को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की। बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण और परिणाम मूलक रही।



### एक नजर

#### मणिपुर में कुकी उग्रवादियों का जिरीबाम पर हमला

**इम्फाल।** संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने मणिपुर के जिरीबाम जिले में बुधवार को बम और अत्याधुनिक हथियारों के जरिए हमला किया। पुलिस ने बताया कि हमले में बोरोबेकरा इलाके में तीन घर पूरी तरह से नष्ट हो गये। संदिग्ध उग्रवादियों ने कथित तौर पर पहले बम फेंके और बाद में घरों में आग लगा दी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हाल ही में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह और डीजीपी राजीव सिंह से कार्रवाई में विफलता को लेकर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था, जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय ने उन्हें सूचित किया था कि 200 कुकी उग्रवादी जिरीबाम पर हमला करने की योजना बना रहे हैं।

#### जम्मू-कश्मीर में ग्रेनेड धमाके में जवान घायल

**सांबा/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बुधवार को शिविर के अंदर ग्रेनेड विस्फोट होने से एक जवान गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि जवान दियानी स्थित शिविर के अंदर प्रशिक्षण के लिए ग्रेनेड को संभाल रहा था जो उसके हाथ में फट गया। अधिकारियों ने बताया कि घायल जवान को सांबा के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### पुनर्वास: माओवादियों के परिजन को मिली राशि

**चतरा (झारखंड)।** झारखंड सरकार की पहल के तहत हथियार डालने वाले चार माओवादियों को उनके पुनर्वास के लिए बुधवार को चतरा के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इनामी राशि के चेक दिये गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाकपा (माओवादी) की क्षेत्रीय समिति के सदस्य इंदल गंजू उर्फ ललन गंजू और नवीन उर्फ सरबजीत यादव के परिवार के सदस्यों को 15-15 लाख रुपये का चेक दिया गया। इनाम की यह राशि, माओवादियों के सिर पर घोषित थी। इंदल गंजू ने मई 2023 और ललन गंजू ने नवंबर 2023 में आत्मसमर्पण किया था। अमरजीत यादव उर्फ टिंगू और सहदेव यादव उर्फ लटन यादव के परिवार के सदस्यों को क्रमश: 10 लाख और पांच लाख के चेक दिये गए।

#### बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पुलिस हिरासत में

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की विशेष अदालत ने 2020 में साथी वकील बाबर कादरी की हत्या की साजिश के मामले में उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मियां अब्दुल कयूम को बुधवार को एक जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कयूम को मंगलवार को गिरफ्तार कर श्रीनगर से जम्मू लाया गया और उन्हें विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान पुलिस रिमांड का आदेश दिया।

# दो विधायक धरने पर, राज्यपाल का इंतजार

## प. बंगाल के राज्यपाल के अनुरोध को अस्वीकार कर टीएमसी विधायकों ने किया प्रदर्शन

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा विधानसभा में शपथ ग्रहण कराने के अनुरोध को अस्वीकार कर टीएमसी के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार को विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

दोनों विधायक सायंतिका बंदोपाध्याय और रायत हुसैन सरकार ने कहा कि वे शाम चार बजे तक विधानसभा में राज्यपाल के आने का इंतजार करेंगे, ताकि वे उन्हें पद की शपथ दिला सकें या अध्यक्ष को ऐसा करने के लिए अधिकृत कर सकें। राजभवन ने हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित दोनों विधायकों को बुधवार को गवर्नर हाउस में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। टीएमसी ने दावा किया कि उपचुनाव जीतने वालों के मामले में परंपरा यह है कि राज्यपाल विधानसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने का काम सौंपते हैं। सरकार ने कहा हि हमने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि वे आएं और पद की शपथ दिलाएं या यह जिम्मेदारी अध्यक्ष को सौंप दें। उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया है। इसलिए हम विधानसभा की सीढ़ियों पर इंतजार कर रहे हैं।

सरकार और बंदोपाध्याय तख्तियों पर उन्हें निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में कर्तव्यों का पालन करने की अनुमति दी जाए जैसे नारे लिखकर राज्यपाल से अनुरोध करते दिखे। बंदोपाध्याय ने कहा कि जब तक हम शपथ नहीं ले लेते तबतक हम विधायक के तौर पर काम नहीं कर सकते। सरकार ने बताया कि वह और बंदोपाध्याय शाम 4 बजे तक राज्यपाल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने या विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की मौजूदगी में शपथ ग्रहण के लिए सहमति देने का इंतजार करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह संवैधानिक शिष्टाचार है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। अगर राज्यपाल इच्छुक हैं तो वह आकर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर सकते हैं।

### शपथ ग्रहण गतिरोध



• दोनों ने कहा- शाम चार बजे तक वह राज्यपाल का इंतजार करेंगे, ताकि वह उन्हें शपथ दिलाएं या अध्यक्ष को अधिकृत करें
• राजभवन ने विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित दोनों विधायकों को गवर्नर हाउस में शपथ लेने के लिए किया था आमंत्रित

## पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकी, हाई अलर्ट जारी

**पठानकोट।** पंजाब के पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकवादियों के घुसने की सूचना पर बुधवार को सीमावर्ती जिलों गुरदासपुर और पठानकोट में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

पुलिस को मंगलवार देर रात अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास कोट भठियां गांव के एक व्यक्ति ने नियंत्रण कक्ष को सूचना दी कि दो नकाबपोश भारी हथियारों से लैस उसके फार्म हाउस में घुस आए और उसके सिर पर बंदूक तान दी और खाना बनाने को कहा। दोनों खाना खाने के बाद पठानकोट के लिए रवाना हो गए। पठानकोट एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने वरिष्ठ अधिकारियों, गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख हरीश दियामा और गुरदासपुर जिले के सभी थानेदारों से बैठक की। बैठक के बाद सेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सूचना दे दी गई है। मामून छावनी और पठानकोट वायु सेना स्टेशन को भी सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों आतंकियों को पकड़ने के लिए गुरदासपुर, धारीवाल, दीनानगर और पठानकोट के रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर चेकिंग शुरू कर दी है।

# 3 और उपमुख्यमंत्रियों की मांग पर कांग्रेस का फैसला होगा अंतिम

**बेंगलुरु, एजेंसी**

• कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा- आलाकमान लेगा फैसला
• एससी/एसटी व ओबीसी के नेताओं को उपमुख्यमंत्री बनाने की वकालत

कर्नाटक में 3 और उप मुख्यमंत्रियों की मांग के बीच मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि इस पर कांग्रेस आलाकमान का फैसला अंतिम है। दरअसल, राज्य के कुछ मंत्री वीरशैव-लिंगायत, एससी/एसटी और ओबीसी के नेताओं को उपमुख्यमंत्री पद देने की वकालत कर रहे हैं।

वर्तमान में डीके शिवकुमार उपमुख्यमंत्री हैं और वोक्कालिगा समुदाय से हैं। सिद्धरमैया ने कहा कि आलाकमान जो भी फैसला लेता है, वह अंतिम है। कांग्रेस के एक वर्ग का मानना है कि तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग संबंधी मंत्रियों के बयान सिद्धरमैया खेमे की खास योजना का हिस्सा है और उसका मकसद शिवकुमार को काबू में रखना है। ऐसी चर्चा है कि शिवकुमार सरकार के ढाई साल के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री पद की मांग कर सकते हैं। सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना, आवास मंत्री बी जेड ज़मीर अहमद खान, लोक निर्माण मंत्री सतीश जरकीहोली और कुछ अन्य नेताओं ने तीन और उप मुख्यमंत्रियों की मांग कीथी। इन्हें सिद्धरमैया का करीबी माना जाता है। पिछले साल चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए शिवकुमार और सिद्धर मैया में प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर कांग्रेस ने फैसला किया था कि शिवकुमार एकमात्र उप मुख्यमंत्री होंगे। शिवकुमार ने कहा था कि पार्टी इसका जवाब देगी। शिवकुमार कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भी हैं।

# ट्रेनों में जानवरों की तरह लोगों को यात्रा करते देखना शर्मनाक

**मुंबई, एजेंसी**

बंबई हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि मुंबई की जीवनरेखा कही जाने वाली उपनगरीय रेल सेवा में यात्रियों को जानवरों की तरह यात्रा करने के लिए मजबूर होते देखना शर्मनाक है। भीड़भाड़ वाली रेलगाड़ियों से गिरने या पटरियों पर अन्य दुर्घटनाओं से यात्रियों की मौतों की बढ़ती संख्या को लेकर दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि इस बहुत गंभीर मुद्दे से निपटा जाना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने कहा कि वह मध्य और पश्चिम रेलवे दोनों के शीर्ष अधिकारियों को जवाबदेह ठहराएगी क्योंकि मुंबई में स्थिति दयनीय है। जनहित याचिका यतिन जाधव द्वारा दाखिल की गई है। अदालत ने कहा कि जनहित याचिका में बहुत ही गंभीर मुद्दा उठाया गया है और इसलिए रेलवे अधिकारियों को इस पर ध्यान देना होगा। आप यह नहीं कह सकते कि शहर में लोगों की बहुत अधिक संख्या की वजह से हम यह नहीं कर सकते या वह नहीं कर सकते। आप लोगों को मवेशियों की तरह ढोते हैं। जिस तरह से यात्री यात्रा करते हैं उसे लेकर हम खुद को शर्मिंदा महसूस करते हैं।

पीठ ने पश्चिमी और मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को पूरे मामले पर गौर करने और जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि वह इस जनहित याचिका पर आठ सप्ताह बाद अगली सुनवाई करेगी।



• ट्रेनों यात्रियों की मौतों की बढ़ती संख्या पर दाखिल जनहित याचिका पर बंबई हाईकोर्ट ने की सुनवाई

### 2023 में पटरियों पर हुईं 2590 मौतें, हर दिन 7

याचिका के अनुसार, 2023 में 2,590 यात्रियों की मौत पटरियों पर हुई, यानी हर दिन सात मौतें। इसी अवधि में 2,441 लोग घायल हुए। मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाली पटरियों पर हुए हादसों में 1,650 लोग मारे गए, जबकि पश्चिमी रेलवे के अंतर्गत आने वाले खंड पर 940 लोग मारे गए।



**जागरूकता** उत्तर दिनाजपुर में बुधवार को नशे के दुष्प्रभाव और तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर साइकिल रैली में भाग लेते बीएसएफ के जवान।

# लालू के करीबी अमित कात्याल को मिली जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### जमीन के बदले नौकरी

• धनशोधन मामले में स्वास्थ्य आधार पर दिल्ली हाईकोर्ट ने छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दी

दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी अमित कात्याल को भारतीय रेलवे में जमीन के बदले कथित नौकरी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में स्वास्थ्य आधार पर बुधवार को छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दे दी।

ईडी ने कात्याल को पिछले साल 11 नवंबर को धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। कात्याल ने अदालत में दलील दी कि वजन घटाने संबंधी 'बेरियाट्रिक' सर्जरी कराने के बाद उन्हें और उपचार व देखभाल की जरूरत है, जो तिहाड़ जेल में नहीं हो सकती। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने कात्याल की अंतरिम जमानत मंजूर करते हुए कहा कि उनकी आहार संबंधी आवश्यकताएं ऐसी हैं, जो जेल में मुहैया नहीं की जा सकतीं। अदालत ने कहा कि बेरियाट्रिक सर्जरी के बाद उन्हें पर्याप्त शारीरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त आहार की आवश्यकता है। वह फिलहाल जेल में प्रदान नहीं की जा सकती। इसमें कोई दो राय नहीं है कि लंबे समय तक जेल में, हर दिन घर का बना खाना उपलब्ध कराना काफी मुश्किल है।

## आय से अधिक संपत्ति में कुलगाम डीएसपी के खिलाफ प्राथमिकी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश में कथित तौर पर उनके स्वामित्व वाली संपत्तियों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि डीएसपी चंचल सिंह के आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों की जांच एसीबी कर रही है, जिनमें हिमाचल प्रदेश के मनाली में दो होटल भी हैं। एसीबी के प्रवक्ता ने बताया कि डीएसपी पर लगे आरोपों की जांच के आधार पर ब्यूरो ने मामला दर्ज किया है। सिंह वर्तमान में दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में डीएसपी हैं। आरोपी ने खुद तथा परिवार के नाम पर चल और अचल संपत्तियां अर्जित कीं। इनमें कई बेनामी संपत्तियां भी हैं, जिनमें जम्मू में मकान, भूखंड, दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा हिमाचल के मनाली में दो होटल हैं।

• जम्मू और हिमाचल में है करोड़ों की कई बेनामी संपत्तियां

# राजस्थान की केमिकल फैक्ट्री में लगी आग, चार लोगों की मौत

**अलवर, एजेंसी**

राजस्थान में खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी के पास खुशखेडा औद्योगिक क्षेत्र स्थित दवा और केमिकल फैक्ट्री में लगी आग में अब तक चार लोगों की मौत हो गई तथा कई झुलस गए। ये हादसा खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित वर्तिका केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में हुआ था। हादसे के वक्त फैक्ट्री में 50 कर्मचारी काम कर रहे थे।

हादसे में 12 से अधिक कर्मचारी झुलस गए थे, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। सूचना पहुंची 10 दमकलों ने डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। फायर अधिकारी नरेश मीणा ने बताया कि कंपनी में शॉर्टकट से आग लगी थी और शॉर्ट सर्किट के बाद ही ब्लास्ट हुआ था जिसमें चार शव मिले हैं। तीन शव दीवार से चिपके मिले क्योंकि इस ब्लास्ट में दीवार गिर गई थी और 11 व्यक्ति घायल हो गए थे।

### मृतकों में यूपी दो लोग

हादसे में यूपी के विकास, अजय व विशाल तथा जम्मू कश्मीर के राजकुमार की मौत हुई है। विकास, अजय और विशाल ऑपरेटर हैं जबकि राजकुमार शिफ्ट इंचार्ज है। तिजारा के उप पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि फैक्ट्री से 100 मीटर दूर खुशखेड़ा रीको फायर स्टेशन है। भिवाड़ी और तिजारा से भी दमकलों को बुलाया गया। फैक्ट्री में केमिकल रिएक्शन से हुए धमाके के बाद आग लगी।

## नगालैंड में 20 साल बाद हुआ नगर निकाय चुनाव, 80 प्रतिशत मतदान

**कोहिमा।** नगालैंड में नगर निकायों के लिए दो दशक बाद कराए गए चुनाव में बुधवार को 80 प्रतिशत मतदान हुआ। 10 जिलों के 25 शहरी निकायों में मतदान सुबह साढ़े सात से शाम चार बजे तक हुआ। एक अधिकारी ने कहा कि चार बजे के बाद भी मतदाताओं के कतार में खड़े रहने से प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के अधिकारी ने बताया कि 10 जिलों के 214 केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था थी। 420 केंद्रों पर मतपत्रों से मतदान कराया गया। नगालैंड राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि पहली बार महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के साथ शहरी निकाय चुनाव कराए गए। पूर्वोत्तर के इस राज्य में यह ऐतिहासिक चुनाव है क्योंकि तीन नगरपालिकाओं और 22 नगर परिषद के लिए चुनाव 20 वर्ष के बाद कराया गया। इससे पहले 2004 में चुनाव हुआ था। सरकार ने कई बार निकाय चुनाव की घोषणा की थी लेकिन महिला आरक्षण, भूमि तथा संपत्तियों पर कर के खिलाफ जनजातीय संगठनों और नागरिक संस्थाओं की आपत्तियों के कारण चुनाव नहीं कराया जा सका।



# टी20 विश्वकप फाइनल में जगह बनाने उतरेंगे दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान



तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी

टूर्नामेंट में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जब सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा तो यह मुकाबला परिणाम के बावजूद ऐतिहासिक होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं लेकिन इस आईसीसी प्रतियोगिता का आकर्षण अफगानिस्तान रहा है। टीम अपने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं हराया था।

अफगानिस्तान के शानदार प्रदर्शन के कई नायक हैं- कप्तान राशिद खान ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है, तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी और नवीन उल हक ने टीम को शुरुआती सफलताएं दिलाई, गुलबदिन नायब ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चमत्कारिक स्पेल डाला जबकि मोहम्मद नबी ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 281 रन के साथ टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज जबकि फारूकी 16 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज हैं।

दक्षिण अफ्रीका के घाव भी गहरे हैं लेकिन वे विशुद्ध रूप से क्रिकेट से जुड़े हैं। अतीत में दक्षिण अफ्रीका ने कुछ मजबूत टीमें तैयार की लेकिन 1991 में विश्व क्रिकेट में पुनः प्रवेश के बाद से कभी भी टी20 या 50 ओवर के विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश नहीं कर पाया। दक्षिण अफ्रीका ने अब तक अपना धैर्य बरकार रखते हुए कुछ बेहद करीबी मुकाबले जीते हैं। टीम ने टूर्नामेंट में एक रन (नेपाल के खिलाफ), चार रन (बांग्लादेश के खिलाफ) और तीन विकेट (वेस्टइंडीज के खिलाफ) की करीबी जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका की अतीत की टीमें इन परिस्थितियों में विफल हो सकती थी लेकिन एडेन मार्कराम की टीम ने उल्लेखनीय दृढ़ता दिखाई है। टूर्नामेंट के शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची में केवल एक दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी है। क्विंटन डिकॉक सात मैच में 199 रन बनाकर छठे स्थान पर हैं जबकि उनका कोई भी गेंदबाज शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। लेकिन वे यहां सेमीफाइनल में खेल रहे हैं।

### द. अफ्रीका का सफर

- श्रीलंका को 6 विकेट से हराया
- नीदरलैंड को 4 विकेट से हराया
- बांग्लादेश को 4 रन से हराया
- नेपाल को 1 रन से हराया
- अमेरिका को 18 रन से हराया
- इंग्लैंड को 7 रन से हराया
- वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराया

### टीम इस प्रकार हैं

**अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदिन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी और फरीद अहमद मलिक।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**समय :** मैच गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।

### अफगानिस्तान का सफर

- युगांडा को 125 रन से हराया
- न्यूजीलैंड को 84 रन से हराया
- पीएनजी को 7 रन से हराया
- वेस्टइंडीज से 104 रन से हारे
- भारत से 47 रन से हारे
- ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया
- बांग्लादेश को 8 रन से हराया



# अंग्रेजों से हार का बदला लेने को तैयार टीम इंडिया

## भारत-इंग्लैंड के बीच मैच में बारिश होने की स्थिति में अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण भारतीय टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंग्लैंड से वर्ष 2022 में टी-20 सेमीफाइनल में मिली थी मात
- गुयाना में आज होगा भारत और इंग्लैंड का आमना-सामना

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को गुयाना में पिछले टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली हार का बदला लेकर इस बार फाइनल में प्रवेश के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों का विश्वकप में अब बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। इसी के बलबूते पर वह दक्षिण अफ्रीका के बाद एकमात्र ऐसी टीम है, जिसे अब तक इस संस्करण में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा लगा रहा कि भारतीय टीम इतिहास रचने के करीब है और उसे इंग्लैंड से वर्ष 2022 में टी-20 सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकाना है।

मौसम को देखते हुए माना जा रहा है कि भारत-इंग्लैंड मैच में बारिश हो सकती है। इस मैच के लिए कोई रिजर्व डे भी नहीं है। अगर बारिश के कारण मैच धुल जाता है तो अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण भारतीय टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। शीर्ष क्रम में भारत विराट कोहली के बल्ले से रन की उम्मीद है। हालांकि उच्च मानकों के अनुसार इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान रोहित से सेमीफाइनल में अधिक उम्मीदें है। रोहित ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह व्यक्तिगत उपलब्धियों की परवाह किए बिना पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करने का इरादा रखते हैं।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का इंग्लैंड के खिलाफ शानदार रिकार्ड रहा है और इस विश्व कप में वह लय में हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजो के खिलाफ वह और भी अधिक घातक रहे हैं। टी-20 में जॉस बटलर ने अब तक बुमराह का 12 पारियों में सामना किया है और उसमें केवल 5.19 की रनरेट से रन बनाते हुए चार बार आउट हुए हैं। वहीं सैम करन तो पांच पारियों में चार बार बुमराह का शिकार बने हैं। इसी तरह लियम लिविंगस्टन और मोईन अली जैसे खिलाड़ियों भी नाम हैं, जिनका बल्ला बुमराह के खिलाफ शांत रहा है। इसके अलावा अर्शदीप सिंह की गेंदबाजी में धार गेंदबाजी कर तथा हार्दिक पंड्या ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप की स्पिन तिकड़ी से भी बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है।

जॉस बटलर टी-20 विश्व कप में 900 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की अगर लिस्ट निकाली जाए तो सबसे अधिक स्ट्राइक रेट के मामले में वह बहुत आगे हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में अब तक 45 की औसत और 147.1 के स्ट्राइक रेट से 990 रन बनाए हैं। 2016 के बाद से बटलर ने हर टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है। बटलर ने इंग्लैंड के अंतिम सुपर आठ मैच में रन बनाए और भारतीय आक्रमण से अच्छी तरह परिचित हैं। उनके सलामी जोड़ीदार सॉल्ट बहुत जल्दी खेल को विरोधी टीम से दूर ले जा सकते हैं और भारत को उन्हें पावरप्ले में आउट करना होगा। जॉनी बेयरस्टो और मोईन अली से इंग्लैंड अधिक रन की उम्मीद है। मोईन ऑफ स्पिन गेंदबाज है तथा लियाम लिविंगस्टोन लेग और ऑफ स्पिन दोनों में माहिर हैं।

### इंग्लैंड को असाधारण करने की जरूरत होगी: पॉल कॉलिंगवुड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व ऑलराउंडर पॉल कोलिंगवुड के अनुसार टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में फॉर्म में चल रहे भारत को हराने के लिए इंग्लैंड को असाधारण प्रदर्शन करना होगा और उन्हें लगता है कि रोहित शर्मा की टीम के गत चैंपियन के खिलाफ हारने की संभावना नहीं है।



 भारत और इंग्लैंड एडीलेड में 2022 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच की पुनरावृत्ति में गुरुवार को भिड़ने के लिए तैयार हैं। तब जोस बटलर की टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। कोलिंगवुड ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' कार्यक्रम में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं इस बार भारत को हारते हुए नहीं देखता। इंग्लैंड को उन्हें हराने के लिए कुछ असाधारण करने की जरूरत होगी। जसप्रीत बुमराह शानदार फॉर्म में हैं। पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान जैसी टीमों को उनके खिलाफ रन बनाने के लिए जूझना पड़ा।



## खेल डायरी

### इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन ने महंगा ओवर फेंका



**ब्राइटन (इंग्लैंड)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने बुधवार को काउंटी चैम्पियनशिप मैच में 43 रन लुटाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट इतिहास में दूसरा सबसे महंगा ओवर फेंकने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दायें हाथ के गेंदबाज रॉबिन्सन (30 वर्ष) ने इंग्लैंड के लिए 2021 में पदार्पण के बाद 20 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने होव में यहां ससेक्स के लिए खेलते हुए लीसेस्टरशर के खिलाफ डिवीजन दो मैच में अपना ओवर पूरा करने के लिए कुल नौ गेंद फेंकी जिन पर 43 रन बने। लीसेस्टरशर के लुईस किम्बर ने रॉबिन्सन पर पांच छक्के (तीन नोबॉल पर लगे), तीन चौके और एक रन से 43 रन बनाये। उन्होंने पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज एलेक्स ट्यूडर के 38 रन देने के ओवर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

### ग्रैंड शतरंज टूरः गुकेश खिताब के प्रबल दावेदार

**बुखारेस्ट (रोमानिया)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश गुरुवार से यहां शुरू होने वाले सबसे बड़े इनामी टूर्नामेंट ग्रैंड शतरंज टूर में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे जबकि आर प्रज्ञाननंदा की निगाह भी सफलता हासिल करने पर होगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो अपनी बादशाहत साबित करने और मोटी धनराशि हासिल करने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेंगे। बुखारेस्ट का इस टूर्नामेंट में करीबी मुकाबले होने की पूरी संभावना है।

### रिलायंस फाउंडेशन ने बनाया इंडिया हाउस

**नई दिल्ली।** रिलायंस फाउंडेशन ने भारतीय ओलंपिक संघ के साथ साझेदारी के तहत पेरिस ओलंपिक खेलों में देश का पहला कंट्री हाउस यानी इंडिया हाउस बनाया है। इंडिया हाउस पेरिस के प्रतिष्ठित पार्क डे ला विलेट में बनाया गया है। इंडिया हाउस के दरवाजे दुनिया भर के एथलीटों, गणमान्य व्यक्तियों और खेल प्रेमियों के लिए खुले रहेंगे। इस हाउस भारत की प्रतिभा, क्षमता और महत्वाकांक्षा, संस्कृति से लेकर कला और खेल से लेकर योग, हस्तशिल्प, संगीत की झलक मिलेगी और पारंपरिक भारतीय व्यंजन परोसे जाएंगे।

### भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष बने कपिल देव



**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है, जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। 65 वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। कपिल ने अपने नए पद के बारे में कहा, पीजीटीआई का अध्यक्ष बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं पिछले कुछ वर्षों से इस संगठन से जुड़ा हुआ हूं।

### मध्यप्रदेश के पूर्व रणजी कप्तान विजय नहीं रहे

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम के पूर्व कप्तान विजय नायडू (79) का बुधवार को लम्बी बीमारी के बाद मुंबई में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के सचिव संजीव राव ने यह जानकारी दी। राव ने बताया कि नायडू ने 1968-69 से 1970-71 तक तीन सत्रों में मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम का नेतृत्व किया था। नायडू ने 1960-61 से 1977-78 के बीच 47 प्रथम श्रेणी और तीन लिस्ट-ए मैच खेले थे। एमपीसीए सचिव ने बताया, नायडू एक भरोसेमंद बल्लेबाज थे जो प्रभावी गेंदबाजी भी कर सकते थे।

### जयवर्धने ने सलाहकार कोच पद से इस्तीफा दिया

**कोलंबो।** पूर्व कप्तान माहेला जयवर्धने ने श्रीलंका के सलाहकार कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंका क्रिकेट ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के टी20 विश्व कप के पहले दौर से बाहर को जाने के बाद उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया जो तुरंत प्रभाव से लागू होगा। श्रीलंका क्रिकेट ने बयान ने कहा, जयवर्धने ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय टीम के तंत्र में महत्वपूर्ण बदलाव करने में अहम भूमिका निभाई। श्रीलंका क्रिकेट भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता है और अपनी सेवाएं देने के लिए उनका आभार व्यक्त करता है।

# सूर्या को पछाड़कर हेड बने नंबर एक टी20 बल्लेबाज



- दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे सूर्यकुमार यादव
- हेड ने टी20 विश्वकप में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए
- भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 24वें स्थान पर पहुंच गए
- स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज
- इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए, जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है। हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तथा मोहम्मद रिजवान भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एकमात्र नए खिलाड़ी हैं। अफगानिस्तान के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को भी पांच स्थान का फायदा हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह 44 स्थान की लंबी छलांग के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर कुलदीप यादव भी 20 स्थान के फायदे से 11वें पायदान पर हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन से दूसरे स्थान पर हैं।

# श्रीहरि और धीनिधि को मिला यूनिवर्सेलिटी कोटा

नयी दिल्ली, एजेंसी

- एसएफआई विकल्प के लिए दोनों जेंडर के लिए किया था अनुरोध

भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज और 14 वर्षीय धीनिधि देसिंघु 'यूनिवर्सेलिटी कोटा' के जरिये पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय तैराकी महासंघ (एसएफआई) ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि श्रीहरि नटराज और 14 वर्षीय धीनिधि देसिंघु यूनिवर्सेलिटी कोटा के जरिये पेरिस ओलंपिक की तैराकी स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

पुरुषों की 100 बैकस्ट्रोक स्पर्धा में नटराज, वहीं महिला वर्ग की 200 मीटर फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता में धीनिधि हिस्सा लेंगी। एसएफआई विकल्प के तौर पर दोनों जेंडर के लिए यूनिवर्सेलिटी कोटा के लिए अनुरोध किया था। विश्व एक्वेटिक्स की अनापत्ति के लिए यूनिवर्सेलिटी स्थानों की पुष्टि करने की समय सीमा तीन जुलाई है और एनओसी को चार जुलाई तक इन्हें स्वीकार करना होगा। एसएफआई ने बताया कि श्रीहरि और देसिंघु के नाम स्वीकार कर लिए गए हैं। टोक्यो 2020 के बाद यह श्रीहरि नटराज का दूसरा ओलंपिक है। जबकि देसिंघु पेरिस में अपना ओलंपिक पर्दापण करेंगी। पेरिस ओलंपिक 2024 में तैराकी प्रतियोगिताएं 27 जुलाई से चार अगस्त के बीच पेरिस ला डिफेंस एरिना में आयोजित की जायेगी।

# ओलंपिक के लिए हॉकी टीम की घोषणा

नयी दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया। भारतीय टीम में पांच खिलाड़ी ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, इनके अलावा टीम में पिछले चरण में हिस्सा ले चुके कुछ सीनियर खिलाड़ी भी शामिल हैं।

तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं।

अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा। वहीं पांच खिलाड़ी भारत के लिए ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, जिसमें जरमनप्रीत सिंह, संजय, राज कुमार पाल, अभिषेक और सुखजीत सिंह शामिल हैं।

### भारत का अभियान

- 27 जुलाई को न्यूजीलैंड
- 29 जुलाई को अर्जेंटीना
- 30 जुलाई को आयरलैंड
- एक अगस्त को बेल्जियम
- दो अगस्त को ऑस्ट्रेलिया

### हाईलाइटर

- भारत अभी तक आठ स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य से कुल 12 ओलंपिक पदक जीत चुका है।
- पूल ए में नीदरलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान देश फ्रांस शामिल है।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर :** पी आर श्रीजेश **डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय **मिडफील्डर :** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद **फॉरवर्ड :** अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह **वैकल्पिक खिलाड़ी :** नीलकांत शर्मा, जुगराज सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक।

# मो. वसीम पाकिस्तान महिला टीम के कोच बने

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मध्यक्रम के पूर्व बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम को जुलाई में होने वाले एशिया कप के लिए महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में रमीज राजा के कार्यकाल के दौरान मुख्य चयनकर्ता का पद संभालने वाले वसीम का साथ पूर्व टेस्ट गेंदबाज जुनैद खान और अब्दुल रहमान देंगे, जिन्हें क्रमशः गेंदबाजी और सहायक कोच नियुक्त किया गया है।

पाकिस्तान को श्रीलंका के दाम्बुला में 19 जुलाई से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए भारत के ग्रुप में जगह मिली है। भारत, पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मलेशिया और थाईलैंड टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे।

### शिविर में हिस्सा ले रहीं संभावित खिलाड़ी

आलिया रियाज, अनूशा नासिर, आयशा जफर, डायना बेग, दुआ मजीद, इमान फातिमा, फातिमा सना, गुल फिरोजा, हुमना बिलाल, इरम जावेद, महम मंजूर, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नशरा संधू, नतालिया परवेज, निदा डार, ओमैमा सोहेल, कुरतुलैन, रमीन शमीम, सदाफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सईदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तुबा हसन, युसरा आमिर, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर।

# कनाडा ने पेरू को 1-0 से हराया

कन्सास सिटी (अमेरिका), एजेंसी

- 24 वर्षों में दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहली जीत
- मैच के दौरान एक सहायक रेफरी की हालत बिगड़ गई

जोनाथन डेविड के 74वें मिनट में दागे गोल की मदद से कनाडा ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में पेरू को 1-0 से हरा दिया। कनाडा की 24 वर्षों में अपने दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहली जीत है। जैकब शैफेलबर्ग के खिलाफ टैकल के लिए मिगुएल अराउजो को लाल कार्ड दिखाए जाने के कारण पेरू को 59वें मिनट के बाद एक खिलाड़ी के बिना खेलना पड़ा। यह निर्णय वीडियो समीक्षा के बाद लिया गया।

कनाडा ने पिछले महीने कोच के रूप में नियुक्त अमेरिकी जेसी मार्श के मार्गदर्शन में चार मैचों में पहली जीत दर्ज की। डेविड का यह कनाडा के लिए 27वां गोल है। इस गोल से राष्ट्रीय टीम ने 391 मिनट के गोल के सूखे को भी खत्म किया। खेल को पहले हाफ के इंजरी टाइम में रोकना पड़ा जब स्टेडियम के गैर छायादार हिस्से पर दौड़ रहे एक सहायक रेफरी की हालत बिगड़ गई और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया।

### चिली को 1-0 से हराकर अर्जेन्टीना क्वार्टर फाइनल में

**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)।** लॉटेरो मार्टिनेज ने 88वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा, जिससे गत चैंपियन अर्जेंटीना ने चिली पर 1-0 की जीत के साथ कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेस्सी की कॉर्नर किक पर लगाए शॉट को चिली के गोलकीपर क्लॉडियो ब्रावो ने रोक दिया लेकिन रिबाउंड होकर आई गेंद को मार्टिनेज ने गोल में पहुंचाकर टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया। खिलाड़ी खड़े होकर तीन मिनट तक इंतजार करते रहे जिसके बाद वीडियो समीक्षा में गोल की पुष्टि हुई। मार्टिनेज का राष्ट्रीय टीम के लिए यह 26वां गोल है। अर्जेंटीना छह अंकों के साथ ग्रुप ए में सबसे आगे है। कनाडा तीन अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। चिली और पेरू के एक-एक अंक हैं। अर्जेन्टीना की टीम शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में पेरू के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलेगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### मंगोलिया में चुनावों के दौरान शराब पर रोक

**उलन बटोर।** मंगोलिया में आगामी संसदीय चुनावों के दौरान राजधानी में सभी प्रकार के शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। शहर के मेयर के प्रेस कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगोलिया में शुक्रवार को देश की संसद, स्टेट ग्रेट खुराल के लिए चुनाव कराए जाएंगे। उलानबटोर में गुरुवार से शनिवार तक शराब की बिक्री पर 72 घंटे का प्रतिबंध लागू किया जाएगा, जहां देश की कुल आबादी के आधे लोग निवासरत हैं।

### पाकिस्तान में पोलियो का छठा मामला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इस साल पोलियो का छठा मामला सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में एक बच्चे में पोलियो की पुष्टि हुई है। देश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो के लिए क्षेत्रीय प्रयोगशाला ने रिपोर्ट दी है कि किला अब्दुल्ला जिले में 18 महीने के बच्चे से एकत्र नमूनों के परीक्षण में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 1 पाया गया है।

### डेंगू के मामले बढ़ने पर सतर्क रहने के निर्देश

**न्यूयॉर्क।** दुनिया भर में डेंगू के मामले बढ़ने पर अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को चिकित्सकों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। डेंगू मच्छरों के काटने से फैलता है और इसके मामले तेजी से पूरी दुनिया में बढ़ रहे हैं। छह माह के भीतर ही अमेरिका में डेंगू के मामलों ने साल भर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जलवायु परिवर्तन को भी डेंगू के मामले बढ़ने के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है।

### मार्क रूटे अगले नाटो महासचिव होंगे

**मॉस्को।** नाटो ने नीदरलैंड्स (डच) प्रधानमंत्री मार्क रूटे को संगठन के अगले महासचिव चुने जाने की बुधवार को पुष्टि की। नाटो की ओर से जारी बयान के मुताबिक सहयोगियों ने रूटे को नाटो के अगले महासचिव के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है। वह जेन्स स्टोलटेनबर्ग का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल आगामी एक अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा।

### जापान में अमेरिकी सैनिक पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**टोक्यो।** जापान के ओकिनावा द्वीप क्षेत्र में एक अमेरिकी सैनिक पर गत दिसंबर में 16 वर्ष से कम उम्र की किशोरी का कथित रूप से अपहरण करने और उसके साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाने का आरोप लगा है। क्योडो न्यूज ने मंगलवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि नाहा जिला लोक अभियोजक कार्यालय ने 27 मार्च को 25 वर्षीय ब्रेनन वाशिंगटन के खिलाफ आरोप दायर किए।

### रूस और अमेरिका के रक्षा मंत्रियों ने की चर्चा

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव और अमेरिका के राक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने यूक्रेन के मुद्दे पर बातचीत की है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर यह जानकारी दी।

# ट्रंप-बाइडेन चुनावी बहस में तीसरी बार होंगे आमने-सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

- 2020 के चुनाव के बाद आज पहली बार एक मंच पर होंगे साथ



अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दौड़ में रिपब्लिकन व डेमोक्रेटिक पार्टियों के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप व जो बाइडेन तीसरी बार गुरुवार को चुनावी बहस के मंच पर एक दूसरे के सामने होंगे। यह वर्ष 2024 की पहली बहस होगी।

मिशिगन विश्वविद्यालय में डिबेट कार्यक्रम के निदेशक आरोन कॉल ने अमेरिकी मीडिया को बताया कि जेसी वाटर्स प्राइमटाइम पर सीएनएन प्रेसिडेंशियल डिबेट में दोनों के लिए बहुत जोखिम है। कॉल ने कहा दोनों में से किसी ने भी बहस नहीं की है (उनके पिछले आमना-सामना के बाद से), जो कि एक तरह से अनोखा है। दोनों नेताओं ने 2020 के बहस में एक दूसरे का सामना नहीं किया है। इस कारण से वे एक तरह से बहस के लिए तैयार नहीं है और उन्हें नियमित बहस शैली में वापस आने में थोड़ा समय लग सकता है। बहस में रूस, यूक्रेन युद्ध और गाजा में इजरायल के युद्ध और चीन के बारे में सवालों के अलावा आव्रजन, अर्थव्यवस्था और मुद्रास्फीति के मुद्दे केंद्र में रहने की उम्मीद है।

## इटली में भारतीय की मौत के जिम्मेदार लोगों पर तुरंत कार्रवाई हो : भारत

**लंदन/रोम।** भारत ने बुधवार को इटली से उस भारतीय श्रमिक की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने को कहा, जिसे भारी कृषि मशीनरी से उसका हाथ कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उसे बिना चिकित्सकीय सहायता के सड़क पर फेंक दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इटली में भारतीय दूतावास ने कहा कि विदेश मंत्रालय में काउंसलर, पासपोर्ट, वीजा और प्रवासी भारतीय मामलों के सचिव मुक्तेश परदेशी ने विदेश में इतालवी नागरिक व प्रवासन नीतियां के महानिदेशक लुइगी मारिया विग्नाली को सतनाम सिंह (31) की मौत पर भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया है।

# अमेरिका से समझौते के तहत असांजे ने स्वीकारा दोष

वाशिंगटन, एजेंसी

विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे ने बुधवार को उत्तरी मारियाना द्वीप समूह की राजधानी साइपन स्थित संघीय अदालत में जासूसी अधिनियम का उल्लंघन करने के एक मामले में दोषी होने की दलील दी। यह असांजे व अमेरिकी न्याय विभाग के साथ हुए एक समझौते के तहत किया गया, ताकि उन्हें आगे सजा से बचाया जा सके और वर्षों से चल रही कानूनी लड़ाई को समाप्त किया जा सके।

राष्ट्रीय रक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी को अवैध रूप से प्राप्त करने और प्रसारित करने के एक मामले में अपराध स्वीकार करने के बावजूद असांजे को अमेरिका में किसी तरह की जेल की सजा नहीं काटनी पड़ेगी और उन्हें ऑस्ट्रेलिया वापस जाने की अनुमति दी जाएगी। असांजे अमेरिका नहीं आना चाहते थे, इसलिए अमेरिकी न्याय विभाग ने प्रशांत महासागर में स्थित अमेरिकी राष्ट्रमंडल के सुदूर द्वीप में सुनवाई करने पर सहमति जताई। असांजे 2009 और 2011 के बीच वर्गीकृत सैन्य और राजनयिक दस्तावेजों को हासिल करने और जारी करने में अपनी भूमिका के कारण अमेरिकी सरकार के साथ लंबी कानूनी लड़ाई में उलझे हुए थे।



एयरपोर्ट पर पत्नी के साथ हाथ उठाकर जश्न मनाते जूलियन असांजे। ● एजेंसी

### लड़ाई खत्म होने के बाद अपने देश ऑस्ट्रेलिया लौटे

**कैनबरा।** असांजे बुधवार को विशेष विमान से अपने देश ऑस्ट्रेलिया लौट आए। असांजे ने एक समझौते के तहत अमेरिकी सेना से जुड़े गोपनीय दस्तावेज हासिल करने और उन्हें प्रकाशित करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद इस मामले में कानूनी लड़ाई खत्म हो गई है। इससे पहले उनका विमान नार्दन मारियाना द्वीप समूह की राजधानी साइपन से ऑस्ट्रेलिया रवाना हुआ था।

# सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत : भारत

## कहा- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 80 वर्ष पूरे होने तक स्थायी व अस्थायी सदस्यों का विस्तार जरूरी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।

वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत ने सुरक्षा परिषद में ही सुधार किए जाने के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अगले साल 80 वर्ष पूरे होने वाले हैं इसलिए सुरक्षा परिषद के स्थायी तथा अस्थायी सदस्यों का विस्तार करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने कहा कि वैश्विक शासन सुधारों पर चर्चा के तौर पर संयुक्त राष्ट्र में प्रदर्शन आकलन पर ध्यान केंद्रित होने के साथ ही सुरक्षा परिषद को भी अपनी विश्वसनीयता साबित करने और अपने प्रदर्शन में सुधार करने की आवश्यकता है।

माथुर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में चर्चा के दौरान भारत की ओर से मंगलवार को कहा कि 2024 में अब वक्त आ गया है कि परिषद संपूर्ण सदस्यता की ओर से काम करने के लिए अपने चार्टर की जिम्मेदारियों के अनुरूप सुधार करे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद ही दुनियाभर में मौजूदा संघर्षों से प्रभावी रूप से निपट सकती है। भारत वर्षों से सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत करते हुए कहता रहा है कि वह संयुक्त राष्ट्र की इस शीर्ष संस्थान का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है। भारत आखिरी बार 2021-22 में परिषद में अस्थायी सदस्य के तौर पर शामिल हुआ था। उसने 2028-29 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र के इस शक्तिशाली संस्थान के अगले कार्यकाल के लिए उम्मीदवारी की घोषणा की है। पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में केवल पांच स्थायी सदस्य- चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं जिनके पास वीटो का अधिकार है। बाकी के 10 सदस्यों का चुनाव दो साल के कार्यकाल के लिए अस्थायी सदस्यों के रूप में किया जाता है और उनके पास वीटो का अधिकार नहीं होता है।



सुरक्षा परिषद की बैठक में उपस्थित सदस्य।

### कश्मीर पर निराधार बयानों के लिए पाकिस्तान की आलोचना

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का जिक्र किए जाने के बाद भारत ने निराधार और मिथ्या बयानों के लिए पड़ोसी देश की आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने मंगलवार को कहा कि मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने निराधार और मिथ्या बातें फैलाने के लिए इस मंच का दुरुपयोग किया जो कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने कहा मैं केवल इस प्रतिष्ठित संस्थान का कीमती वक्त बचाने के लिए किसी भी तरह की प्रतिक्रिया देकर इन टिप्पणियों को बढ़ावा नहीं दूंगा। माथुर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चर्चा में भारत की ओर से बयान दे रहे थे।

### कतर में होने वाली बैठक में भाग लेगा तालिबान

**इस्लामाबाद।** तालिबान ने मंगलवार को पुष्टि की है कि अफगानिस्तान पर कतर में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में होने वाली आगामी बैठक में उसका प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। इससे पहले, आयोजकों ने पिछले सप्ताह कहा था कि महिलाओं को इस बैठक में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। कतर की राजधानी दोहा में 30 जून और 1 जुलाई को होने वाली बैठक अफगान संकट पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित तीसरी बैठक है। पहली बैठक में तालिबान को आमंत्रित नहीं किया गया था।

### गाजा, वेस्ट बैंक में बढ़ते संकट की दी चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद को गाजा और वेस्ट बैंक में संकट की चेतावनी दी है। मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष समन्वयक टोर वेन्नेसलैंड ने सुरक्षा परिषद ब्रीफिंग के दौरान गाजा में विनाशकारी और भयावह मानवीय संकट का वर्णन किया, जहां नागरिक शत्रुता के प्रभाव में पीड़ित हैं और नागरिक सुरक्षा व्यवस्था लगभग पूरी तरह से खत्म हो गई है। मैं इजरायल सरकार से सभी गतिविधियों को तुरंत बंद करने का आग्रह करता हूं।

# अमेरिका में काम को मजबूर करने पर दंपत्ति को सजा

वाशिंगटन, एजेंसी

- रिश्तेदार को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर अमेरिका लेकर आए थे
- तीन साल से अधिक समय तक अपने गैस स्टेशन और डिपार्टमेंटल स्टोर पर करवाया काम

अमेरिका की एक अदालत ने एक भारतीय-अमेरिकी दंपत्ति को अपने रिश्तेदार को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर अमेरिका लाने और उसे तीन साल से अधिक समय तक अपने गैस स्टेशन और डिपार्टमेंटल स्टोर पर काम करने के लिए मजबूर करने के आरोप में जेल की सजा सुनाई है। हरमनप्रीत सिंह (31) को अदालत ने 135 महीने (11.25 साल) और कुलबीर कौर (43) को 87 महीने (7.25 साल) की जेल की सजा सुनाई है। साथ ही अपने चचेरे भाई एवं पीड़ित को लगभग 1.87 करोड़ रुपये का मुआवजा देने के लिए भी कहा गया है। दंपत्ति का अब तलाक हो चुका है।

न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग की सहायक अटॉर्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने कहा आरोपियों ने पीड़ित के साथ अपने संबंधों का फायदा उठाकर उसे अमेरिका में लाने के लिए झूठे वादे किए कि वे उसे स्कूल में दाखिला दिलाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा प्रतिवादियों ने पीड़ित के आव्रजन दस्तावेज जब्त कर लिए तथा न्यूनतम वेतन पर लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर करने के लिए उसे धमकियां दीं, शारीरिक बल का प्रयोग किया तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।

### होटल में झगड़ा करने के लिए भारतीय मूल के नागरिक को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर के एक होटल में दो गुटों में हुए हिंसक झगड़े में शामिल भारतीय मूल के 25 वर्षीय युवक को एक वर्ष से ज्यादा जेल की सजा सुनाई गयी और उस पर दो हजार सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया। झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। द स्ट्रैट्स टाइम्स समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, शर्विन जय नायर को मोहम्मद इसरत मोहम्मद इस्माइल को जानबूझकर चोट पहुंचाने के आरोप में मंगलवार को दोषी करार दिया गया।

## यात्रियों की पुनः जांच खत्म करने के लिए भारत से समझौते की मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के परिवहन सुरक्षा निकाय ने भारत के साथ एक विशेष समझौता करने की मांग की है जिससे यात्रियों की हवाईअड्डे पर पुनः जांच की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। अमेरिका के परिवहन सुरक्षा प्रशासन (यूएसटीएसए) के प्रशासक डेविड पेकोस्के ने मंगलवार को यहां भारत-अमेरिका विमानन शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का एक ही जगह (वन-स्टॉप) पर समाधान उपलब्ध कराने वाले इस समझौते की अवधारणा देशों के बीच आसानी से पहुंच बनाने वाली है। उन्होंने कहा यह ऐसी अवधारणा है जो स्थानांतरण बिंदुओं पर सुरक्षा जांच के दोहराव को समाप्त करके यात्रियों और सामान को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में तेजी लाती है।

# मोदी 3.0 में अमेरिका-भारत रक्षा प्रौद्योगिकी में कर सकते हैं प्रगति

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी राजदूत ने कहा सपनों को वास्तविकता में बदलने का समय

अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान जब महत्वाकांक्षी भारत और महत्वाकांक्षी अमेरिका मिलकर काम करेंगे तब रक्षा साझेदारी, महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों और आर्थिक समृद्धि में और अधिक प्रगति हासिल की जा सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी भाजपा और एनडीए को उनकी जीत के लिए बधाई देते हुए गार्सेटी ने कहा कि मोदी 3.0 द्विपक्षीय संबंधों के सपनों को वास्तविकता में बदलने का समय है। गार्सेटी ने कहा मुझे लगता है कि मोदी 3.0 हमारे लिए अपने सपनों को साकार करने का समय है। भारत में हाल में हुए आम चुनावों के बाद बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दिया गया यह पहला साक्षात्कार है। लोकसभा चुनावों के बाद प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आए हैं। गार्सेटी ने कहा चाहे वह काम हो जिसे हम अपनी रक्षा साझेदारी में साथ मिलकर कर रहे हैं, चाहे वह हमारी महत्वपूर्ण उभरती हुई प्रौद्योगिकियां हों, या फिर वह काम हो जिसे हम आर्थिक समृद्धि के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा मेरी राय में 3.0 इस बारे में है कि हम अमेरिका और भारत के बीच किस तरह का रिश्ता बनाते हैं जो न केवल हमारे लोगों के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी अच्छा हो सकता है। यह दुनिया को दिखा सकता है कि लोकतंत्र तानाशाही से बेहतर है।



## नेपाल और चीन द्विपक्षीय संबंधों को गति देने पर सहमत

**काठमांडू।** नेपाल और चीन के शीर्ष राजनयिकों ने द्विपक्षीय संबंधों की समग्रता में समीक्षा की और पंचशील, आपसी विश्वास और सद्भावना के सिद्धांतों के आधार पर परस्पर क्षेत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। चीन के उपविदेश मंत्री सन वेइडोंग और नेपाल के विदेश सचिव सेवा लामसाल ने यहां नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक के दौरान व्यापक वार्ता की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की संपूर्ण आयाम में समीक्षा की गई और समझौतों के क्रियान्वयन में हुई प्रगति और पूर्व में लिए गए निर्णयों का आकलन किया। दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से सहमत क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ावा देने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की है और पारस्परिक लाभ के लिए आर्थिक अवसरों की प्राप्ति में काम करने की प्रतिबद्ध जताई है।

# केन्या के राष्ट्रपति विवादित वित्त विधेयक पर नहीं करेंगे हस्ताक्षर

नैरोबी ,एजेंसी

- दशकों बाद केन्या की सरकार के खिलाफ हुए थे उग्र प्रदर्शन, टैक्स से धन जुटाना चाहती थी सरकार

केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने बुधवार को घोषणा की कि वह नए कर प्रस्ताव करने वाले वाले विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। राष्ट्रपति का यह बयान विधेयक के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन, प्रदर्शनकारियों के संसद पर हमला करने और कई लोगों के मारे जाने के एक दिन बाद आया है। दशकों बाद केन्या की सरकार के खिलाफ इतने उग्र प्रदर्शन हुए हैं।

सरकार ऋण चुकाने के लिए नए कर से धन जुटाना चाहती थी, लेकिन केन्या के लोगों का कहना है कि इस विधेयक से आर्थिक मुश्किलें बढ़ेंगी क्योंकि लाखों लोगों को जीवनयापन के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। विवादित वित्त विधेयक को लेकर मंगलवार को देश में पैदा हुई अराजकता के मद्देनजर सरकार को सेना तैनात करनी पड़ी और रुटो ने प्रदर्शनकारियों की कार्रवाई को देशद्रोही करार दिया था। राष्ट्रपति ने अब कहा है कि इस विधेयक के कारण व्यापक असंतोष पैदा हुआ है और उन्होंने लोगों की बात सुनी है तथा उनकी बात मान ली है। उन्होंने कहा हमारे लिए एक राष्ट्र के रूप में इस बात पर चर्चा करना आवश्यक है कि हम देश के मामलों को एक साथ कैसे प्रबंधित करें। केन्या के लोगों को बुधवार को सड़कों पर आंसू गैस और सेना का सामना करना पड़ा।



## अमेरिकी पत्रकार पर रूस में जासूसी का मुकदमा

**येकातेरिनबर्ग।** जासूसी के आरोप में 15 माह पहले रूसी शहर येकातेरिनबर्ग में गिरफ्तार किए गए वॉल स्ट्रीट जर्नल के संवाददाता इवान गेर्शकोविच को बुधवार को मामले की सुनवाई शुरू होने पर अदालत में पेश किया गया। अदालत की कार्यवाही समाप्त होने से पहले पत्रकारों को कुछ मिनटों के लिए अदालत कक्ष में जाने की अनुमति दी गई।

दूतावास के अनुसार, मॉस्को स्थित अमेरिकी दूतावास के दो अधिकारियों को भी कुछ समय के लिए अदालत में जाने की अनुमति दी गई। अदालत के अधिकारियों ने बताया कि इवान गेर्शकोविच के मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को निर्धारित की गई है। जर्नल के प्रकाशक, डॉव जोन्स के कार्यकारी उपाध्यक्ष और महाधिवक्ता जे कोन्टी ने एसोसिएटेड प्रेस के साथ एक साक्षात्कार में इस मुकदमे को एक दिखावा बताया।

## बॉलीवुड हलचल

# निरहुआ ने फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने अपनी आने वाली फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म संकल्प के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक अशोक त्रिपाठी अतरी हैं। निरहुआ ने कहा, अभिनय मेरा मूल कार्य है और हमारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा। फिल्म संकल्प की शूटिंग चुनाव के पहले लगभग हो चुकी थी। कुछेक शेड्यूल की शूटिंग बाकी थी, जिसे हमने चुनाव बाद करने को तय किया था।



# पिता यश जौहर की पुण्यतिथि पर भावुक हुए करण जौहर

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर अपने पिता यश जौहर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें याद कर भावुक हो गए। करण जौहर ने अपने पिता यश जौहर की 20वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए इंस्टाग्राम पर कई सारी तस्वीरें और एक नोट शेयर किया है। करण जौहर ने नोट में लिखा, मैं विश्वास नहीं कर सकता कि आपको गए हुए 20 साल हो गए। मेरे को इस बात का सबसे बड़ा डर था। 2 अगस्त 2003 को आपने मुझे बताया कि आपको ट्यूमर है। मेरा सबसे बुरा सपना मुझे देख रहा था और फिर भी उनके बच्चे के रूप में यह मेरा कर्तव्य था कि मैं पॉजिटिव रहूं और विश्वास बनाए रखूं। लेकिन भीतर की आवाज की सबसे बुरी बात ये है कि वो कभी गलत नहीं होते। इस घटना के 10 महीने बाद वो हमें छोड़कर चले गए।



## कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हासन की आने वाली फिल्म इंडियन 2 का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म इंडियन में कमल हासन ने सेनापति नाम के स्वतंत्रता सेनानी का रोल किया था, जो भ्रष्टाचार से लड़ता है और फिल्म इंडियन के सीक्वल इंडियन 2 में उन्होंने इसी रोल में दमदार वापसी की है। ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है, जिसमें देश के हालात के बारे में बताया जाता है। कहा जाता है- कैसा देश है ये। पढ़े-लिखे लोगों के लिए काम नहीं, और काम है तो पगार नहीं। चोर चोरी करता रहेगा और अपराधी भी अपराध करता रहेगा।



**लक्ष्य** — उपग्रह का प्रमुख लक्ष्य गामा-किरण विस्फोटों की तलाश व रहस्यों को समझना होगा

# ब्रह्मांड की थाह पाने के लिए फ्रांस व चीन का मिशन लॉन्च

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** ब्रह्मांड की थाह पाने के लिए फ्रांस ने चीन के साथ उपग्रह लॉन्च कर दिया है। इस उपग्रह का प्रमुख लक्ष्य गामा-किरण विस्फोटों की तलाश व रहस्यों को समझना है। यह उपग्रह लॉन्ग मार्च 2-सी रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया है।

इस मिशन में उपग्रह के साथ पेलोड स्पेस वेरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर (एसवीओएम) चार उपकरणों को ले जा रहा है, जो गामा-किरण विस्फोटों की खोज करेंगे। इस उपग्रह का भार 930 किलोग्राम है। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत के जिचांग स्थित अंतरिक्ष अड्डे से बुधवार सांय 3 बजे उड़ान भरी। बता दें कि गामा-किरण विस्फोट आम तौर पर विशाल सितारों के विस्फोट के बाद होता है - जो सूर्य से 20 गुना से अधिक बड़े होते हैं। इसके अलावा कॉम्पैक्ट सितारों के संलयन के बाद होते हैं। यह भयानक विस्फोट हैं, जो एक अरब से अधिक सूर्यों के बराबर ऊर्जा का विस्फोट कर सकते हैं। इन विस्फोटों का प्रकाश हम तक पहुंचने में लंबा समय लगता है। मगर इस उपग्रह के जरिए जल्द विस्फोट की जानकारी जुटाई जानी आसान हो जाएगी।

मिशन में शामिल न्यूयॉर्क के फ्लैटिरॉन इंस्टीट्यूट, सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के खगोल भौतिकीविद ओरे गोटलिब के अनुसार ब्रह्मांड के इतिहास और विकास को बेहतर ढंग से समझने के लिए मूल्यवान डेटा जुटाएगा। यह मिशन ब्रह्मांड में सबसे दूर के जीआरबी का पता लगाने में भी मददगार साबित होगा। अब तक पहचाने गए सबसे दूर के विस्फोट बिग बैंग के ठीक 630 मिलियन वर्ष बाद उत्पन्न हुए थे। यह समय ब्रह्मांड के प्रारंभिक अवस्था का था। पेरिस इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स के खगोल भौतिकीविद् फ्रेडरिक डेग्ने ने कहा कि वैज्ञानिक गामा-किरण विस्फोटों में रुचि रखते हैं, क्योंकि वे बहुत चरम ब्रह्मांडीय विस्फोट हैं जो हमें कुछ सितारों की मृत्यु को बेहतर ढंग से समझने की अनुमति देते हैं।



फ्रांस व चीन द्वारा लांच किया गया अंतरिक्ष मिशन। ● अमृत विचार

### दुनिया के वैज्ञानिकों के लिए मददगार होगा यह मिशन

अंतरिक्ष मिशन बेहद खर्चीले व इनके निर्माण में लंबा समय लगने के कारण किसी एक देश के बल पर निर्भर नही हो सकता है। इसलिए दुनिया के देश साझा परियोजना बनाते हैं। जिनका लाभ पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों को मिलता है। यह परियोजना फ्रांसीसी और चीनी अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ-साथ कई अन्य देशों के वैज्ञानिक और तकनीकी समूहों के बीच साझेदारी है।